


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बैंकों की भूमिका अहम.....

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हासिल की खास उपलब्धि 11



वर्ष : 12 | अंक : 160 | पटना, शनिवार, 21 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.0°C
न्यूनतम तापमान 17.0°C

**बाजार**

सोना 75,885

चांदी 92,500

सेंसेक्स 84,554

निफ्टी 25,790

# सेकेंडरी एग्रीकल्चर को प्रोत्साहित करने से सशक्त होंगे देश के किसान : मुर्मू

प्रात : किरण



रांची/एजेंसी। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए सेकेंडरी एग्रीकल्चर की गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को रांची के नामकुम स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार एवं विकास और किसानों की सहायता के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। कृषि आधारित उद्योगों के विकास, एफपीओ और पैक्स जैसे संगठनों के विस्तार, दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम, प्राकृतिक खेती के विकास और सप्लाई चेन को सशक्त करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को और सशक्त बनाने के लिए मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन सहित अन्य सेकेंडरी एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने की जरूरत है। 21वीं सदी में हमारे देश में कृषि क्षेत्र में तीन बड़ी चुनौतियां क्रमशः खाद्य पोषण एवं संरक्षण को बनाए रखना,

संसाधनों का सस्टेनेबल इस्तेमाल सुनिश्चित करना और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कदम उठाना हैं। इन चुनौतियों का सामना करने में सेकेंडरी एग्रीकल्चर काफी मददगार साबित हो सकता है। किसानों को प्राथमिक खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन जैसी गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जाए तो उन्हें अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। राष्ट्रपति ने रांची स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर के 100 वर्षों की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस संस्थान ने लाह फार्मिंग, वैज्ञानिक तरीके से इसके उत्पादन और प्रसंस्करण में सराहनीय कार्य किया है।

उन्हें झारखंड का राज्यपाल रहते हुए भी इस संस्थान में आने का मौका मिला था और उन्होंने पाया था कि इसने किसानों को प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया है। देश में लाह का 55 प्रतिशत उत्पादन झारखंड में होता है और इससे सबसे ज्यादा जनजातीय समुदाय के किसान जुड़े हैं। यह संस्थान उनका जीवन स्तर सुधारने में मददगार बना है। उन्होंने कहा कि आज फार्मास्यूटिकल्स एवं कॉस्मेटिक्स उद्योग में उच्च गुणवत्ता वाले लाह की मांग है। उन्हें उम्मीद है कि यह संस्थान इस दिशा में काम करेगा। इससे लाह उत्पादन करने वाले किसानों की आय में वृद्धि होगी। राष्ट्रपति ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर के अधिकारियों और वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे ऐसी तकनीक को विकसित करने की दिशा में काम करें, जिससे किसान अपनी सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा समय तक संरक्षित और ताजा रख सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र के जालना में सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत

जालना। महाराष्ट्र के जालना में एक ट्रक और बस की भिड़ंत में 5 लोगों की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब गेवराई से अंबाड़ जा रही बस और मौसंबी से आ रहे ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। मामूली रूप से घायलों को इलाज के लिए अंबाड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त देखी जा सकती हैं। मृतकों की संख्या भी बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बस में 25 से 30 यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को सुचारू कराया। तत्काल राहत कार्य शुरू कराया गया और गंभीर रूप से घायलों को तत्काल चिकित्सा सेवाओं के लिए अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया। दुर्घटना का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा है कि ट्रक की गति और सड़क पर बारिश के कारण दुर्घटना हुई होगी।

## मुख्यमंत्री ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का हवाई सर्वेक्षण कर लिया जायजा

# संभावित बाढ़ को लेकर मुस्तैद और अलर्ट रहें : नीतीश

- सीएम ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश
- बोलें-वरीय पदाधिकारी स्थल पर कैंप करते रहें
- जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करते रहे

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना और वैशाली जिले में गंगा नदी के बढते जलस्तर के कारण बनी बाढ़ की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जल संसाधन विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहे और लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। निचले इलाकों में जहाँ पानी बढ़ रहा है, संभावित परिस्थितियों पर पूरी नजर रखें। जिलाधिकारी सतत निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि अभियंतागण पूरी तरह अलर्ट रहें और वरीय पदाधिकारी स्थल पर कैंप करते रहें। आपदा प्रबंधन विभाग सतत अनुश्रवण करते रहें कि और क्या-क्या करने की जरूरत है ताकि लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो। बाढ़ की स्थिति में प्रभावितों को एसओपी के अनुसार पूरी सहायता उपलब्ध करायी जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी जिलों एवं संबद्ध विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये हैं जिसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि नाव संचालन, पॉलिथिन शीट्स, राहत सामग्री की उपलब्धता, दवा, पशुचारा, बाढ़ आश्रय स्थल, सामुदायिक रसोई, ड्राई राशन पैकेट्स, फूड पैकेट्स, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र आदि के संबंध में पूरी व्यवस्था रखें ताकि लोगों को तुरंत राहत पहुँचाया जा सके।

**ये रहें मौजूद :**

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार तथा मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार उपस्थित थे।

## विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव हर वर्ष आयोजित किया जायेगा :सीएम

### प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर का किया लोकार्पण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सहरसा जिला अंतर्गत कहरा प्रखंड के ग्राम पंचायत दिवारी में स्थित प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुये कहा कि पर्यटन विभाग के द्वारा अब हर वर्ष यहां विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के परिसर का भ्रमण कर विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया एवं मंदिर परिसर स्थित तालाब में मच्छली का जीरा छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर परिसर का सौंदर्गीकरण बेहतर ढंग से किया गया है। अब यहां आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी, यहां आकर उन्हें अच्छा लगेगा।

## जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई को उनके खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी है। जांच एजेंसी ने मंजूरी की कॉपी राउज एवेन्यू कोर्ट में जमा करा दी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। इसके अलावा, सीबीआई ने इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच की अर्जी भी गृह मंत्रालय को दे रखी है। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें यह मंजूरी मिल जाएगी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट की ओर से इन सभी को 8 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा गया है। तेज प्रताप यादव को पहली बार इस मामले में समन मिला है। इस मामले में 30 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ जांच की मंजूरी का इंतजार सीबीआई को है। सीबीआई ने अन्य आरोपियों की मंजूरी के लिए 15 दिन का और समय मांगा है। लालू प्रसाद यादव पर आरोप है कि उन्होंने 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहते हुए नियमों को ताक पर रख कर ग्रुप डी में लोगों को उनकी जमीन अपने नाम पर लिखवाकर नौकरी दी थी। इस प्रकरण की जांच में सीबीआई और ईडी जुटी है। इससे पहले, इसी मामले में 18 सितंबर को ईडी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। अब इस मामले में कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को बाहर भेजेंगे: शाह



प्रात : किरण

साहिबगंज/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड के साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज किया। इस मौके पर अमित शाह ने साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा झारखंड में भ्रष्ट और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाकर राज्य का विकास करने वाली भाजपा की सरकार बनाने का संदेश घर-घर पहुंचाएगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर वापस भेजेंगे, यह हमारा वादा है। अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए कहा कि इन्होंने एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला, 600 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला और 40 करोड़ का शराब घोटाला किया है। ये लोग सेना की जमीन तक खा गए। ऐसी सरकार कभी झारखंड के लोगों और आदिवासियों का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य सिर्फ हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार को हटाकर भाजपा को लाना नहीं, बल्कि झारखंड में एक ऐसी सरकार बनाना है, जो भ्रष्टाचार को रोके और बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां से बाहर भेज सके। आज झारखंड के पाकुड़ जिले में हिंदुओं और आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि ये भूमि हमारे आदिवासियों की है या बांग्लादेशी-रोहिंग्या की? हमें इस धरती को बचाना है और यह काम हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार कभी नहीं कर सकती क्योंकि घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं। यह काम सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार ही कर सकती है। अमित शाह ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार के साथ इसकी जांच के लिए एक कमेटी बनाएगी। झारखंड का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने किया था। इसके पीछे का उद्देश्य जनकल्याण था, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने जनकल्याण की जगह घुसपैठिया कल्याण वाला राज्य बना दिया। हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा कि इन्होंने वादा किया था कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देंगे, लेकिन युवा बताएं कि क्या उन्हें नौकरी मिली? सच तो यह है कि उन्होंने युवाओं को नौकरी देने की जगह ऐसा नियम लागू किया कि दौड़ लगाते-लगाते युवाओं की मौत हो रही है।

## नड्डा ने तिरुपति लड्डू मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी, कहा उचित कार्रवाई की जाएगी

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से बात की है और तिरुपति लड्डू मुद्दे पर पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि केंद्र इस मामले की जांच करेगा और उचित कार्रवाई करेगा। नायडू ने दावा किया है कि पिछली जगन मोहन रेड्डी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने के लिए पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। इस दावे के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने कहा है कि मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए घृणित आरोप लगा रहे हैं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने इस दावे के समर्थन में एक प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रसारित की है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, ह्यह्यमुझे सोशल मीडिया के जरिए इस मुद्दे के बारे में पता चला। मैंने आज चंद्रबाबू नायडू से बात की और पूरी रिपोर्ट भेजने को कहा। उन्होंने कहा, रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मणिपुर में प्रतिबंधित केवाईसीएल के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल/एजेंसी। मणिपुर में उग्रवादियों और अवैध हथियारों के खिलाफ सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान लगातार जारी है। सुरक्षा बलों ने छापेमारी के दौरान पश्चिमी इंफाल जिले से प्रतिबंधित गुट केवाईकेएल के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी इंफाल जिले से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार पश्चिम इंफाल जिले के घारी आवांग लेइकई से गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में मैबम ब्रॉनसन सिंह उर्फ नाम्बा, युमनाम लांसेंबा उर्फ नाओबा और सौबम मेइतेई हैं। पुलिस ने कहा कि यह उग्रवादी सेकमई और थांगमेईबंद इलाकों में जबरन वसूली में शामिल थे। इनके पास से एक मैगजीन समेत 9 एमएम की एक पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, पांच मोबाइल फोन और एक चार पहिया वाहन जब्त किया गया है। इस बीच, इंफाल पूर्वी जिले के बोंगजांग इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों ने 28.5 किलोग्राम वजन के सात इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), 50 मीटर कॉर्डटैक्स और एक पूल और रिलीज तंत्र जब्त किया। भारतीय सेना के इंजीनियर्स की टीम ने बरामद आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया।

## साइबर अपराध एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है: नित्यानंद

हैदराबाद। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने साइबर अपराध को एक उभरता हुआ बड़ा खतरा बताते हुए शुक्रवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से तकनीकी विशेषज्ञता के माध्यम से इस चुनौती से निपटने के प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में साइबर फोरेंसिक लैब बनाने समेत कई पहल की हैं। उन्होंने हैदराबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) में आईपीएस नियमित भर्ती के 76वें बैच की दीक्षांत परेड में संबोधित किया।

## पीएम मोदी अक्टूबर में करेंगे दरभंगा एम्स का शिलान्यास

### दरभंगा एम्स का निर्माण जल्द से जल्द होगा पूरा : नड्डा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने यानी अक्टूबर में दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे। दरभंगा एम्स के निर्माण आईआई दिल्ली से सहयोग लिया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि लो लैंड एरिया में भवन निर्माण की चुनौती है। इसको देखते हुए केंद्र सरकार ने दरभंगा एम्स के निर्माण में तकनीकी सहयोग के लिए आईआईटी दिल्ली से सहयोग मांगा है। केंद्रीय स्वास्थ मंत्री ने कहा कि दरभंगा में जो जमीन राज्य सरकार के लिए दी है वो एम्स निर्माण के लिए सही है। हम सब इस बात से परिचित हैं कि दरभंगा शहर ही लो लैंड है। पहले राज्य सरकार शहर के अंदर जमीन दे रही थी, लेकिन बाद में एम्स के लिए ग्रीन फिल्ड की मांग रखी गयी तो राज्य सरकार ने शहर के बाहर जमीन दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों खुद दरभंगा जाकर उस जमीन को देखा है और अब वहां जल्द ही भवन निर्माण का काम शुरू होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दरभंगा एम्स का निर्माण जल्द से



रख कर तैयार होगा। नड्डा ने कहा कि अब और देर की गुंजाइश नहीं है। अगले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे। नड्डा ने शिलान्यास की तारीख नहीं बतायी, लेकिन इस परियोजना को लेकर इंतजार में बैठे लोगों के लिए दरभंगा एम्स के बनने की उम्मीद अब हकीकत बनने जा रही है।

**उत्तर बिहार के करोड़ों लोगों का सपना पूरा होगा :**

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा में अगले महीने एम्स का शिलान्यास करने की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार प्रकट किया और कहा कि पटना के बाद दरभंगा में बिहार का दूसरा एम्स मिलना एनडीए की डबल इंजन सरकार का दशहरा गिफ्ट है।

उन्होंने कहा कि लो लैंड एरिया में भवन निर्माण की चुनौती को देखते हुए केंद्र सरकार ने दरभंगा एम्स के निर्माण की जिम्मेदारी आईआईटी दिल्ली को सौंपी है। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एम्स के लिए जमीन उपलब्ध कराने की अड़चने दूर करने में बड़ी भूमिका निभायी। दरभंगा एम्स बनने से उत्तर बिहार के करोड़ों लोगों का सपना पूरा होगा।

वहीं, जदयू के राज्य सभा सांसद संजय झा ने कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए सभी मिथिलावासियों की ओर से कोटिशः आभार एवं अभिनंदन। एनडीए की डबल इंजन की सरकार द्वारा बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से हो रहा है उन्नयन एवं विस्तार।

**कार्यक्रम** प्रधानमंत्री पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल .....

# ये वो कांग्रेस है जिसे टुकड़े-टुकडे.गैंग के लोग चला रहे हैं : मोदी

प्रात : किरण



वर्धा/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के अमरावती पहुंचे। वह वर्धा में पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि ये वो कांग्रेस नहीं है, जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे। ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकडे.गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि आज जो कांग्रेस हम देख रहे हैं, ये वो कांग्रेस नहीं है, जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। आज कांग्रेस के लोगों की भाषा और बोली विदेशी धरती पर जाकर उनके देश विरोधी एजेंडे समाज को तोड़ने, देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना। ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकडे.गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है, देश का कोई सबसे भ्रष्ट परिवार है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि हमारे पारंपरिक कौशल में सबसे ज्यादा भागीदारी एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लोगों की रही है। अगर पिछली सरकारों ने विश्वकर्मा बंधुओं की चिंता की होती, तो इस समाज की कितनी बड़ी सेवा होती। लेकिन, कांग्रेस और उसके दोस्तों ने एससी, एसटी, ओबीसी को जानबूझकर आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी सिस्टम से कांग्रेस की इस दलित और पिछड़ा विरोधी सोच को खत्म किया है। पिछले 1 साल के आंकड़े बताते हैं कि आज विश्वकर्मा योजना का सबसे ज्यादा लाभ एससी, एसटी और ओबीसी समाज उठा रहा है।

**तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है :**

इस दौरान उन्होंने एक बार फिर सीजेआई डीवीआई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल होने पर कांग्रेस को जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा कि जिस पार्टी में आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। महाराष्ट्र की धरती गवाह है कि आजादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपित उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर एक समाज और हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसलिए कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ है। उन्होंने आगे कहा कि मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस के तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है।

# गंगा का पानी पुराना कंगन घाट गुरुद्वारा व पूर्वी फ्लैंक पर पहुंचा

- लोगों के घर व सड़क पर बह रहा गंगा नदी का पानी
- बढ़ी परेशानी के बीच प्रशासन कर रहा है निगरानी, अनेक वाहन बंद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि का असर भद्र घाट से दमराही घाट के बीच बने पाथ-वे के बीच देखने को मिल रहा है। भद्र घाट पर सड़कों पर पानी बहने से यहां पर एनडीआरएफ के जवानों की परेशानी बढ़ गई है। उन सबोंको ठहुना भर पानी में आना-जाना करना पड़ रहा है। इधर गंगा नदी का पानी भद्र घाट से सीता घाट के बीच रोड पर बह रहा है। कंगन घाट से पीरदमरिया घाट के बीच भी सड़क पर गंगा का पानी तेजी से फैल गया है। ऐसे में गंगा के पानी में निरंतर हो रही वृद्धि के कारण लोगों को पूजा अर्चना व गंगा स्नान करने में परेशानी हो रही है। गंगा नदी का पानी कंगन घाट आने-जाने वाले रास्ते और सड़क को पार करते हुए कंगन घाट नया और पुराना गुरुद्वारा तक पानी आ गया है। संगतों को दोनों गुरुद्वारा में मत्था टेकने और ग्रंथी व सेवादार को नित्य नियम नेम करने के लिए इसी गंगा के पानी के बीच जाना और आना पड़ रहा है। वहीं अशोक राजपथ से चौक थाना होते हुए कंगन घाट के रास्ते जेपी सेतु फ्लैंक पर चढ़ने के लिए भी खरीब डेढ़ से दो फीट पानी के बीच वाहनों को ले जाना पड़ रहा है। स्थानीय पटना जिला सुधार समिति के महासचिव राकेश कपूर ने भी हरित क्षेत्र प्राधिकरण को पत्र भेज कर शिकायत किया था कि नए बने कंगन घाट गुरुद्वारा पर्यटन भवन एवं अन्य जो भी निर्माण हो रहा है वह गंगा के डूब क्षेत्र में आता है। हरित प्राधिकरण के द्वारा भेजे गए पत्र के आलोक में उसे समय पटना सिटी के डीसी लार अदम एवं अंचलाधिकारी ने भी जाकर स्थिति का जायजा लिया था और अपने रिपोर्ट भेजने का काम किया था। वर्तमान में भी गंगा का पानी बढ़ने के साथ ही पर्यटन भवन नए कंगन घाट गुरुद्वारा और पुराने कंगन घाट गुरुद्वारा तक आ चुका है और लोग इस दो से तीन फीट पानी के बीच आने-जाने का काम कर रहे हैं। गंगा किनारे की सड़कों पर पानी आने की वजह से प्रशासन ने बेरेकेटिंग करा वाहनों का परिचालन रोक दिया है। एसडीओ सत्यम सहाय ने बताया कि वाहनों का परिचालन रोका गया है। गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि पर निगरानी रखी जा रही है। एसडीआरएफ को भी निर्देशित किया गया है। अचंलाधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ वह खुद घूम कर लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं। हिरण साह घाट, कच्ची घाट, किला रोड घाट, दमराही घाट समेत अन्य गंगा घाटों के किनारे रहने वालों की मुश्किलें भी बढ़ गयी हैं। लोगों के घरों में गंगा का पानी आ गया है, जिससे परेशानी हो रही है। ठेहुना भर पानी में हर आयु वर्ग के लोगों का घर से निकलना और लौटना हो रहा है। वहीं जहां पर पानी नहीं आया है, वहां पर लोग निगरानी कर रहे हैं। सुबह और शाम में लोगों की भीड़ गंगा के बढ़े जल स्तर को देखने के लिए भद्र घाट, महावीर घाट, मितन घाट, खाजेकलां घाट, कंगन घाट, किला रोड घाट आदि पर हो रही है।

## घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाजेकलां घाट के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के सह-संयोजक नितिन कुमार उर्फ रिंकू, महानगर के महामंत्री विनय केसरी, राजेश साह, राजेश राय, सुजीत गुप्ता, ट्विंकल गुप्ता आदि मौजूद थे। इन सबों ने हाथ में बेलचा और झाड़ू लेकर घाट किनारे सफाई अभियान चलाया और कचरे का डिस्पोजल भी किया। इस दौरान अपने संक्षिप्त संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि स्वच्छता आज समय की मांग है। जिस तरीके से लोग अपने घर के अंदर साफ-सफाई रखते हैं, उसी तरीके से घर के बाहर आस-पड़ोस में भी साफ-सुथरा रखें। इससे बीमारियां नहीं पनपेगी और आप बीमार नहीं पड़ेंगे, तो आपका खर्च भी बचेगा और शरीर भी स्वस्थ रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दूसरे गुरु के गुरु गद्दी दिवस पर रखा गया अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में द्वितीय गुरु श्री अंगद देव जी महाराज की गुरु गद्दी दिवस पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा गया। तख्तश्री पटना साहिब के अतिरिक्ति मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में पाठ रखा गया। अखंड पाठ का समापन रविवार को होगा। उसी दिन विशेष दीवान सजेगा। इसके अलावा प्रथम गुरु श्री नानक देव जी महाराज के ज्योति जोत पर्व पर 27 सितंबर को विशेष दीवान सजेगा। इसको लेकर तैयारी की जा रही है।

### गिरने से एक व्यक्ति की मौत

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नहर रोड से पाटलिपुत्र स्टेशन जाने के लिए बन रहे पुलिया से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची रूपसपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि आरा जेल रोड निवासी आनंद कुमार सिंह के 42 वर्षीय पुत्र अमरीश कुमार शुक्रवार को बगहा जाने के लिए पाटलिपुत्र स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहा था। अर्धनिर्मित पुलिया से जा रहा तभी बैलेंस बिगड़ने से नहर में गिर पड़ा।जब तक उसको निकाला जाता मौत हो चुकी थी। मृतक सोलर लगाने का काम करता था।

### भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर लगाया शिविर



फतुहा। भाजपा फतुहा नगर मंडल की ओर से भाजपा सदस्यता अभियान -2024 में तेजी लाने को लेकर एक शिविर भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के नेतृत्व में शुक्रवार को सुबह फतुहा चौराहा स्टेट बैंक के सामने लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। यह शिविर सुबह 6 बजे से 10 बजे तक प्रतिदिन 25 सितंबर तक लगाया जायेगा। मौके पर शिविर प्रभारी नगर मंडल के कोषाध्यक्ष सूरज कपुर सहित कई मौजूद थे। दूसरी ओर स्टेशन रोड, पुरानी बाजार, बांकीपुर गोरख, गोविंदपुर बाजार, छोटी लाईन में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, मुन्ना सिंह, जिला महामंत्री अरविंद यादव, जिला उपाध्यक्ष भास्कर पटवा, जिला मंत्री शोभा देवी, नगर महामंत्री अरूण कुमार झा, नगर उपाध्यक्ष रंजना पटवा, पूनम कुमारी, दिनेश कुमार, रविन्द्र कुमार समेत कई मौजूद थे।

### महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पटना-गया एवं सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज पटना-गया तथा सोननगर-गढ़वा रोड-चंद्रपुरा-पारसनाथ-कोडरमा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरन उन्होंने रेलमार्ग में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया। दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी तथा धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

### एनएमसीएच में 82 सैंपल की जांच में मिले 25 डेंगू पीड़ित, 13 भर्ती

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 82 सैंपल की जांच शुक्रवार को की गई। इसमें 25 डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि ओपीडी में इलाज कराने आए मरीजों में 82 का सैंपल डेंगू जांच के लिए लिया गया था। इसमें 25 की जांच रिपोर्ट में संक्रमित पाया गया है। अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में डेंगू के 13 मरीज भर्ती हैं। मेडिसिन विभाग में आठ व शिशु रोग विभाग में पांच मरीज को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य स्तरीय (अन्तर्जिला) विद्यालय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीसरे दिन पटना जिला की टीम 7 स्वर्ण, 8 रजत एवं 6 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर कायम रही। वहीं सिवान जिला की टीम शुक्रवार को 2 स्वर्ण पदक जीतकर कुल 7 स्वर्ण एवं 2 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुँची। जबकि गया जिला की टीम 5 स्वर्ण, 2 रजत एवं 5 कांस्य तथा पश्चिम चम्पारण 5 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 कांस्य पदकों के साथ क्रमशः पदक तालिका में तीसरे व चैथे स्थान पर कायम है। पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन अंडर-19 वर्ग में गया की कामिनी कुमारी (800 मीटर एवं 1500 मीटर), बालिका अंडर-17 वर्ग में सिवान की गुल्ली कुमारी (800 मीटर एवं 1500 मीटर) एवं सिवान की सौम्या राय (शॉटपुट एवं डिस्कस) तथा बालिका अंडर-14 वर्ग में पश्चिम चम्पारण की बिंदिया कुमारी (400 मीटर एवं 600 मीटर) एवं पटना की यास्मीन परवीण (ऊँची कूद एवं लंबी कूद) ने अपने जिला के लिए दोहरा स्वर्ण पदक जीता। शुक्रवार को संपन्न हुए विभिन्न स्पधाओं के विजेताओं को ओम प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी, पटना-सह-आयोजन सचिव ने मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। शुक्रवार को संपन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार हैं ।

## मद्धेशिया हलवाई वैश्य समाज की ओर से धार्मिक स्थलों के भ्रमण के लिए बस रवाना



प्रात : किरण संवाददाता

पटना : जिला अंतर्गत विक्रम नगर पंचायत से अखिल भारतीय मद्धेशिया हलवाई वैश्य समाज की ओर से अयोध्या विंध्याचल और बनारस के लिए बस रवाना की गई, जिसका विक्रम हलवाई समाज के अध्यक्ष मनजीत कुमार के अगुवाई में यह कार्य सफल होगा साथ ही उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष बाबा गणिनाथ जी की जयंती के बाद अपने समाज की ओर से धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया जाता है !जिसमें सैकड़ो लोग शामिल होते हैं !इनका मानना है कि जब तक हम लोग आपस में मिलेंगे नहीं ,अपनों का प्रेम कैसे समझ पाएंगे ,इसलिए वर्ष में एक बार अपने स्वजातीय के साथ यात्रा पर निकलते हैं और अपनों का प्रेम को कायम रखते हैं !

मद्धेशिया हलवाई वैश्य समाज के सचिव सुनील कुमार ने सभी श्रद्धालुओं के लिए मुफ्त दवा की व्यवस्था की है मौके पर पप्पू कुमार चमन कुमार कनिष्क ऋषि नीरज गुड्डू दिलीप पेंटर आदि लोग मौजूद है।

## पीआईबी-सीबीसी पटना के द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के तहत हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना के संयुक्त तत्वावधान में द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को ह्यसरकारी कार्य में हिन्दी भाषा का प्रयोगह्न विषय पर आयोजित हिन्दी कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीबीसी पटना के पूर्व निदेशक दिनेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर पीआईबी के निदेशक आशीष लकड़ा और सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिनेश कुमार ने कहा कि हिंदी जब लिखते हैं या बोलते हैं तो व्याकरण का प्रयोग करना चाहिये.आज के दौर में व्याकारण को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी दुनिया हिंदी से जुडी हुई है। ज्यादातर संचार हिंदी में किया जाता है। हिंदी को अपनाने में संकोच नहीं करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में हिंदी को सरल, सहज और मौलिक रूप से प्रयोग करना चाहिये और इसे बेहतर बनाने में पढ़ाई जरूरी है। मौके पर पीआईबी के निदेशक आशीष लकड़ा ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा या दिवस एक पर्व है जो हमें हिंदी में कार्य करने के लिये प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि अहिंदी इलाकों में भी लोग हिंदी सिखने की कोशिश करते हैं। बल्कि तेजी से हिंदी का प्रसार हो रहा है.हिंदी एक महत्वपूर्ण भाषा है जो लोगों को जोड़ता है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रमुख सह उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि हिन्दी दिवस या पखवाड़ा के मद्देनजर हिन्दी का प्रयोग, प्रचार एवं प्रसार बढ़ाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा आम बोलचाल कि भाषा के साथ-साथ संपर्क भाषा भी है अतः इसे निसंकोच अपनाने कि जरूरत है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये वारिष्ठ लेखा अधिकारी विजय शंकर शर्मा ने कहा कि हमें हिंदी को अपनाना चाहिए और कम से कम हस्ताक्षर हिंदी में जरूर करें। कार्यशाला का संचालन संजय कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सर्वजीत सिंह ने किया। मौके पर पीआईबी-सीबीसी के अधिकारियों एवं कर्मियों उपस्थित रहे ।

## पीएम मोदी के जन्मदिन को लेकर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत स्कूली बच्चों में पाठ्य सामग्री वितरित



प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देश भर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को भाजपा बिक्रम ग्रामीण मंडल के कार्यकताओं के प्रयास से स्थानीय गंगाचक में स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार व पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार ने की। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र व पूर्व प्रत्याशी अतुल ने नई शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निपुण भारत मिशन के समर्थन में सही बैठने, पढ़ने एवं लिखने के लिए भारत सरकार की पहल की सराहना की तथा बच्चों में शैक्षिक सामग्रियों का वितरण कराया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अविनाश कुमार उपाध्याय ने किया। मौके पर भाजपा नेता अतुल कुमार ने बच्चों व पार्टी कार्यकताओं को हौसला अफजाई की। वहीं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र ने कहा कि हम सभी पीएम नरेंद्र मोदी के सिपाही हैं उनका जन्मदिन हर एक गरीब परिवार में मनाया जाएगा उनकी खुशी हम सभी की खुशी है। मौके पर जिला महामंत्री नीरज तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, सतीश कुमार , जितेंद्र यादव संधीर यादव, पिंटू कुमार, घनश्याम कुमार, उज्वल कुमार, विशाल केशरी, अमर यादव, हर्ष कुमार, सचिन प्रजापति, चिंटू कुमार, विवेकानंद पासवान, अविनाश यादव एव ग्रामीण जनता शामिल रहे। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता स्थानीय नगर पंचायत के अध्यक्ष छोटन तिवारी ने किया ।

## सेवादार इंदर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



प्रात : किरण संवाददाता

टेक्स्ट सिरी हरमंदिर की पत्थर साहिब में सेवादार रहे इंदर सिंह का पिछला दिनों निधन हो गया उनके निधन के बाद तक श्री पटना साहिब में अखंड पाठ रखा गया था।

और विशेष दीवान में कथा व कीर्तन भी हुआ था शुक्रवार को भी सेवादार कल्याण समिति की ओर से स्वर्गीय इंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अरदास किया गया इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बंटी ने किया। इस दौरान अरदास ग्रंथि रणजीत सिंह ने किया मौके पर समिति के संरक्षक बलराम सिंह, महासचिव अजायब सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह, उपाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, कन्हाई सिंह, सुनीता देवी, रेखा देवी, प्रीति कौर, प्रेमा देवी, अवधेश सिंह, बलवंत सिंह खालसा, हरजीत सिंह, सोनू सिंह आदि मौजूद थे। सबों ने मृतात्मा की शांति के लिए अरदास किया।

## तीन कार में मिला 41 कार्टन विदेशी शराब, वाहन व शराब जब्त

### बाइक सवार दो उचक्कों ने राजा घाट के पास मोबाइल झपटा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना की लिस ने कुम्हरार तालाब के पास सड़क पर खड़ी तीन कार से विदेशी शराब बरामद किया है। तीनों कार से 41 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया गया है। दूसरी ओर आलमगंज थाना क्षेत्र के जेपी सेतु के राजा घाट के पास बाइक सवार दो उचक्कों ने मिथिलेश कुमार से उसका मोबाइल झपट्टा मारकर छिन लिया। अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर पुलिस ने वहां पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीनों कार की तलाशी ली गई। इसमें 41 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया गया। जब्त किया गया गया शराब की मात्रा 355 लीटर है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस जब्त शराब व कार के नंबर के आधार पर धंधेबाज को तलाश रही है। पुलिस इस संबंध में सीसीटीवी को छान रही है, तो लोगों से पूछताछ भी कर रही है। पुलिस ने बताया कि जब्त शराब को उत्तर प्रदेश से मंगाया गया था।

दूसरी ओर आलमगंज थाना के भद्र घाट निवासी मिथिलेश कुमार शर्मा के पॉकेट से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल झपट कर भाग निकला। पीड़ित मां गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा ने बताया कि जेपी गंगा पाथ-वे से वह आ रहा था। राजा घाट के समीप एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति पॉकेट से मोबाइल झपट कर फरार हो गया। पीड़ित ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# तख्तश्री कमेटी चुनाव को ले पक्षकारों ने दाखिल किया हाईकोर्ट में हलफनामा

- सुनवाई 23 को, दशमेश पिता का प्रकाश पर्व 4-6 जनवरी को

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का कार्यकाल जुलाई, 2024 में ही पूरा हो चुका है। हालांकि चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के लिए बिहार चुनाव प्राधिकार के सचिव ने पहल भी किया और प्रबंधक कमेटी के द्वारा पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची भी तैयार किया गया। इस बीच महासचिव के पक्ष में बैठक के लिए पांच सदस्यों का कोरम पूरा नहीं होने के कारण उसे पास नहीं कराया जा सका। इधर चुनाव को रोकने और टालने के लिए भी प्रयास किया गया। कमेटी के पूर्व महासचिव सह सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन ने पटना हाईकोर्ट में सीडब्ल्यूजेसी 10393/23 दायर किया, तो हरगोविंद सिंह ने 15387/23 दायर किया। हालांकि चली लंबी प्रक्रिया के बाद हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को एक राय बनाकर 15 सितंबर को बैठक कर निर्णय लेने का निर्देश दिया। साथ ही इस बाबत सिटी एसडीओ, सिटी एसपी ईस्ट, थानाध्यक्ष से लेकर चुनाव प्राधिकार और सभी पक्षकारों के वकील को भी बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल होने का निर्देश दिया। इसके बाद बैठक तो 15 सितंबर को जरूर हुआ, मगर इसमें पूरे चुनाव प्रक्रिया यानी वोटर लिस्ट बनाने से लेकर उसे बोर्ड की बैठक से पास करा चुनाव प्राधिकार को भेजने के लिए तीन महीने का समय लिया गया। इधर पटना उच्च न्यायालय ने सभी पक्षकारों को 20 सितंबर तक या उसके पूर्व घटित घटनाक्रम पर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था। बताया जाता है कि सभी पक्षकारों ने अपने-अपने वकील के माध्यम से हलफनामा दायर कर चुके हैं। अब इस पर सुनवाई 23 सितंबर को होनी है। दूसरी और कमेटी के चुनाव में रुचि रखने वाले ऐसे प्रत्याशियों का कहना है कि चुनाव के बाबत पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में इन सभी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले और चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियों ने भी दावा-आपत्ति, नाम जोड़ने व हटाने को लेकर सहमति बन गई थी। अंतिम कड़ी के रूप में सिर्फ इसे कमेटी की बोर्ड की मीटिंग से पास करना भर रह गया था। मगर इसे लेकर तीन माह का लंबा समय लिया जाना समझ से परे है। 3 माह दिसंबर में पूरा होता है जबकि जनवरी 25 के चार पांच और छह जनवरी को दशमेश पिता का मुख्य प्रकाश पर्व मनाया जाना है ऐसे में चुनाव प्रक्रिया को फिर डाल दिया जाएगा। इस संबंध में इन सबों का कहना है कि तैयार वोटर लिस्ट को चुनाव प्राधिकार और कमेटी के कार्यालय में टांगते हुए 10 दिनों में दावा-आपत्ति मांग लिया जाए। पांच दिनों के अंदर संशोधित करते हुए कंप्यूटर से फाइनल लिस्ट बनाकर प्रिंट निकल जाए और तत्क्षण आपात बैठक बुलाकर कमेटी की मीटिंग में वोटर लिस्ट को पास कर चुनाव प्राधिकार को चुनाव कराने के बाबत भेज दिया जाए, ताकि नवंबर तक आसानी से चुनाव संपन्न हो जाए। उसके बाद नई कमेटी प्रकाश पर मनाएगी।

## पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु श्रमदान एवं वॉकथॉन का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर से 02अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन किया किया जा रहा है । इसी कड़ी में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता अभियान को गति देने हेतु दानापुर मंडल में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्काउट एवं गाइड टीम द्वारा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। दानापुर रेलवे स्टेशन पर फिटनेस व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने हेतु कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। आम लोगों तथा रेलवे कर्मचारियों की सहभागिता के साथ मोकामा रेलवे स्टेशन पर श्रमदान भी किया गया। मंडल के बिहार शरीफ, बख्तियारपुर, झाझा, राजेन्द्र नगर स्टेशन तथा पाटलिपुत्र रेल परिसर में भी वॉकथान का आयोजन किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी, पटना द्वारा अपनी टीम एवं प्रतिभागियों के साथ पटना रेलवे स्टेशन पर श्रमदान किया गया। एनजीओ, एबुडेंट लाइफ फाउंडेशन द्वारा पटना सिटी रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई को बढ़ावा देने हेतु श्रमदान किया गया। समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय से रेलवे कॉलोनी, तक अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा वॉकथान का आयोजन किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता के मद्देनजर नरकटियागंज, दरभंगा, सुगौली तथा रक्सौल स्टेशनों पर भी पब्लिक रैली का आयोजन किया गया ।इसी तरह धनबाद मंडल में स्वच्छता ही सेवा के तीसरे दिन रेलवे ऑडिटोरियम धनबाद में बाईक रैली एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया । पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता के प्रसार हेतु हाथों में स्वच्छता संदेश रूपी बैनर के साथ वॉकथान का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सोनपुर मंडल के सोनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता संदेश देने के उद्देश्य से स्काउट एवं गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सोनपुर मंडल के सभी बड़े स्टेशनों, यथा-हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, मानसी, बेगुसराय इत्यादि स्टेशनों पर सफाई मित्रों की सहायता से नाले की साफ-सफाई की गयी।

# जल जीवन हरियाली अभियान के तहत पोखर व तालाबों के चारों तरफ करें पौधारोपण : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने सहरसा जिले में कई योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास





**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सहरसा जिले में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री ने जिला अंतर्गत कहरा प्रखंड के ग्राम पंचायत दिवारी में स्थित प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कहरा प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत अमरपुर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 414.74 करोड़ रुपए की लागत से सहरसा जिला अंतर्गत खजुर देवा चौक से डेंग राही घाट के बीच कोसी नदी पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही 5.67 करोड़ रुपए की लागत से सहरसा जिला में निर्मित होनेवाले मॉडल थाना भवन का भी शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत पंचायत सरकार भवन अमरपुर के पास स्थित सरकारी पोखर के उड़ाही कार्य का भी मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पोखर में मच्छली का जीरा भी छोड़ा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस सरकारी पोखर के किनारे सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं तथा इसके चारो तरफ सघन वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने जल जीवन हरियाली अभियान के माध्यम से सरकारी तालाबों का जीर्णोद्धार तथा सौंदर्गीकरण कराया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री विशेष सहयता योजना, मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना, मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को प्रदान किया। 1738 जीविका संपोषित स्वयं सहायता समूहों को 62 करोड़ 43 लाख रुपए का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 306 लक्षियत परिवारों को 1 करोड़ 12 लाख 57 हजार रुपए का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया।

### ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सहरसा जिला के प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा, सांसद संजय कुमार झा, सांसद दिनेश चंद्र यादव, विधायक आलोक रंजन, विधायक यूसूफ सलाहउद्दीन, विधायक गुंजेश्वर साह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, कोसी प्रमंडल के आयुक्त दिनेश कुमार, कोसी प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरक्षा, दीपक कुमार वर्णवाल, सहरसा के जिलाधिकारी वैभव चौधरी, सहरसा के पुलिस अधीक्षक हिमांशु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# थाना व ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त : तेजस्वी

## कहा- बिहार में प्रतिदिन हो रही है हत्याएं



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सूबे में विधि व्यवस्था और अपराध को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर हैं। इसी कड़ी में तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर एक बार फिर अपराध को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। कहा कि बिहार में प्रतिदिन हत्याएं हो रही हैं। दलितों के घर जलाए जा रहे हैं। लूट, अपहरण और फिरौती की घटनाएं हो रही हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधी बेलगाम हैं। थाना व ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। पुलिस शराबबंदी के नाम पर धन शोधन में व्यस्त है। लेकिन, इन सब ज्वलंत मुद्दों पर सरकार के मुखिया मौन हैं, निष्क्रिय हैं। चंद अधिकारी केवल उन्हें अर्धनिर्मित एवं निमाणार्धीन योजनाओं के निरीक्षण, उद्घाटन और शिलान्यास के लिए लेकर जाते है ताकि यह लगे की सब ठीक है। अगर सब सही है तो फिर मुख्यमंत्री मीडिया और जनता से संवाद क्यों नहीं करते? तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जिस क्षेत्र और जिले में जाते हैं तो वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित क्यों नहीं किया जाता? विभागीय मंत्री साथ क्यों नहीं होते? सीएम स्थापित लोकतांत्रिक मयादाओं, परंपराओं और मूल्यों का ह्रास कर रहे हैं। बता दें कि इसके अलावा तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक और पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, बिहार को गुंडों को सौंप दिया गया है। कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे तीन लोगों को गोली मार दी, पहले भी इन्हें गोली मारी थी। इससे अंदाजा लगाइए बीजेपी-जेडीयू ने बिहार में कानून-व्यवस्था की क्या दुर्गति कर दी है?

# बाहुबलियों से राजद को कभी नहीं रहा है परहेज : मंगल

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि अपराधियों व बाहुबलियों से राजद को कभी परहेज नहीं रहा है। राजद की पूरी राजनीति ही अपराधियों व बाहुबलियों की बुनियाद पर टिकी रही है। 05 जुलाई 1997 को राजद के गठन के बाद से ही चारा घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के पांच-पांच मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। जिस दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष ही सजायाफ्ता हो, उसे भला अपराधियों से गुरेज कैसे हो सकता है?

श्री पांडेय ने कहा कि बिहार के लोग आज भी नहीं भूले हैं कि लालू यादव किस तरह से श्तेल पिलावन, लाठी घुमावन रैलीश व लाठी रैला के जरिए अपने दबंगों, बाहुबलियों व अपराधियों का बेशर्म नुमाईश करते और बिहारवासियों में दहशत पैदा करते थे। श्री पांडेय ने कहा कि लालू-राबड़ी राज में अपराधियों के राजनीतिक संरक्षण का ही नतीजा था कि एक दर्जन से ज्यादा बाहुबली विधायक बन कर राजद सरकार के पक्ष में खड़े रहे। मोहम्मद शहाबुद्दीन दर्जनों हत्या, अपहरण व लूट के मामलों में सजायाफ्ता व आरोपित होने के बावजूद राजद के मुख्य नीति निर्धारक समिति के सदस्य बने रहें। बिहार की राजनीति में जहां वर्षों तक लालू प्रसाद के संरक्षण में आतंक बना रहा, अपराध की दुनिया से राजद की राजनीति में आए ऐसे लोगों की एक लंबी सूची है। लालू ने समय-समय पर इन सबका अपने राजनीतिक हित में उपयोग किया और आज भी कर रहे हैं। इसलिए अपराध पर बोलने से पहले राजद को एकबार अपने गिरेबान में जरूर झांक लेना चाहिए।

# जमीन सर्वे से जुड़े हैं नवादा कांड के तार : भाकपा माले

- बोलें- विकसित भारत के संकल्प में होगी बिहार की अहम भूमिका

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। भाकपा माले ने नवादा आगजनी कांड को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला। शुक्रवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाकपा माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि बिहार में जारी जमीन सर्वेक्षण से इस घटना के तार जुड़ते हैं। भूमाफिया गिरोह दलित-गरीबों की बस्तियों को जलाकर या बुलडोज करके उनका नामोनिशान मिटा देने की कोशिशें कर रहे हैं। बिना किसी पूर्व तैयारी के राज्य में जारी जमीन सर्वेक्षण दलितों-गरीबों पर हमले व उनकी बेदखली का पर्याय बनता जा रहा है। वर्तमान मामला 37 I14 एकड़ के एक मालिक गैर मजरूआ प्लॉट का है जिसे अब जिला प्रशासन रैयती जमीन बताकर मामले को दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रहा है। लंबे समय से इस जमीन पर दलित-गरीब जोत-आबाद कर रहे हैं। 1970 के सर्वे के दौरान अनुपस्थित जमींदार ने जालसाजी करके उसे अपने नाम पर चढ़वा लिया। लगभग 16.59 एकड़ जमीन को नंदू पासवान सहित डेढ़ दर्जन लोगों ने अनुपस्थित जमींदार से मिलीभगत करके अपने नाम लिखवा लिया और दलित-गरीबों पर जमीन खाली करवाने का लगातार दबाव बनाते रहे हैं। मामला फिलहाल कोर्ट में है। लेकिन नया जमीन सर्वे को भूस्वामियों ने दलितों की बेदखली का एक मौका समझ लिया। इसी उद्देश्य से नवादा कांड रचाया गया है, ताकि नए सर्वे में जमीन भूमाफिया गिरोह के नाम पर चढ़ जाए। यदि समय रहते नीतीश सरकार ने सभी गरीबों के नाम जमीन बंदोबस्त कर दी होती तो आज यह घटना नहीं घटती। कांड में घटित बर्बर कांड की जांच में गए माले के पूर्व विधायक सहित जिला सचिव भोला राम, नरेन्द्र प्रसाद सिंह, सुदामा देवी, अजीत कमार मेहता, मेवा लाल चंद्रवंशी, दिलीप कुमार, विजय मांझी और युवा नेता विनय कुमार शामिल थे।

# दलितों पर सबसे अधिक अत्याचार राजद के कार्यकाल में : उमेश



पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि दलितों के प्रति झूठा प्रेम प्रदर्शित कर राजद सिर्फ अपनी राजनीति को चमकाना चाहती है। दलित समाज के लिए झूठी हमदर्दी जताने के बजाए राजद को अपने 15 वर्षों का शासनकाल याद करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नरसंहारों की लंबी फेहरिस्त इस बात की सबूत है कि आजादी के बाद बिहार में दलितों पर सबसे अधिक अत्याचार राजद के कार्यकाल में हुआ। श्री कुशवाहा ने कहा कि दलितों के लिए घड़ियाली आँसू बहाने वाले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कभी नरसंहार पीड़ितों की सुध लेने की कोशिश नहीं की। ना ही लालू-राबड़ी के शासनकाल में दलित समाज को बदहाली और पिछड़ेपन से निकालने के लिए कभी कोई ठोस प्रयास किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश का दलित समाज जागरूक है और राजद के राजनीतिक छलावा में कभी नहीं फँसेगा। दलितों के प्रति राजद का वास्तविक चाल, चरित्र और चेहरा अब जगजाहिर है। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 19 वर्षों के कार्यकाल में नरसंहार की एक भी घटनाएं नहीं हुई। प्रदेश का दलित समाज अब भय के वातावरण से निकलकर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो चुका है। नीतीश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बदौलत दलित समाज सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से सशक्त हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि दलितों को सत्ता की सीढ़ी समझना राजद के लिए राजनीतिक तौर पर नुकसानदेह साबित होगा।

## दलितों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : सम्राट

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नवादा में दलितों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के पीछे राजद के लोगों की संलिप्तता के सुराग मिल रहे हैं और वही लोग दलितों को डराने और अपमानित करने में लगे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि नवादा की घटना के बाद पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की, 28 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की और 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। उन्होंने कहा कि राजद दबंगों और अपराधियों को संरक्षण देकर राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने की जो साजिश कर रहा है, वह कभी सफल नहीं होगी।

# एनआईए को जांच में किया पूरा सहयोग : मनोरमा

**प्रात : किरण संवाददाता**

गया। जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास पर एनआईए की छापेमारी (19 सितंबर) लगभग 20 घंटे तक चली। इसके बाद मनोरमा देवी ने कहा कि उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज साझा कर दिए हैं और जांच में पूरा सहयोग किया है। 19 सितंबर को हुई छापेमारी में एनआईए की टीम ने पांच जगहों पर रेड की। जिनमें से दो से मनोरमा देवा का नाम जुड़ा है। इसमें से एक उनका गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास और दूसरा बोधगया स्थित प्लांट था। सभी दस्तावेजों को खंगाला। तलाशी के बाद एनआईए ने प्रेस रिलीज जारी किया। जिसमें बताया गया है कि रेड में 4 करोड़ 3 लाख रुपए, 10 हथियार, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज बरामद किए गए हैं। हीं, एनआईए की छापेमारी को लेकर मनोरमा देवी का कहना है कि, हमको कुछ मालूम नहीं था। एनआईए की टीम की ओर से सुबह छह बजे मेरे आवास पर छापेमारी हुआ। एनआईए के अधिकारियों को हमने सभी दस्तावेज दे दिया है। हम राजनीति भी करते हैं, मेरा व्यापार भी चलता है, मेरा होटल भी है, मेरा ठेकेदारी भी है। इससे जुड़े हुए पेपर हमने एनआईए के अधिकारियों को दे दिया। मेरे पास जो पैसा है, उसके दस्तावेज हमारे पास मौजूद है। जो पैसा रखा गया था, वो काम कर रहे लेबर को देने के लिए रखा गया था। कितना पैसा है, इस बात की जानकारी मेरे पास मौजूद नहीं है। जो रुपये छापामारी के दौरान जब्त किए गए हैं, वे बैंक से लोन लिए गए थे, उसका पूरा हिसाब किताब है, जिसका डिटेल हमारे चार्टर्ड अकाउंटेंट दे देंगे। वहीं हथियार हमारे गार्डों के हैं, उसके भी कागजात हमारे पास मौजूद हैं। जब्ती सूची पर हमने साइन किया है। उन्होंने जो दस्तावेज मांगे और जहां उन्होंने सिग्नेचर करने के लिए कहा, वहां हमने कर दिया। एनआईए के जांच में हमने पूरा सहयोग किया।

## भाकपा की जांच टीम ने नवादा का किया दौरा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जांच टीम ने नवादा की घटना का जायजा लिया। जांच टीम में भाकपा विधायक दल के नेता एवं बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के अध्यक्ष का० सूर्यकान्त पासवान, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के महासचिव का० जानकी पासवान एवं नवादा जिला के सचिव का प्रो. जयनंदन सिंह आदि शामिल थे। जाँच दल ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। जांच टीम ने कहा है कि बिहार के नवादा जिला के दौर गांव के कृष्णानगर टोले में बुधवार रात दबंगों के द्वारा महादलित परिवारों के 80 से ज्यादा घरों को फूंक दिया गया। इस घटना में महादलितों के मिट्टी, बांस व फूस से बने घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इस घटना में एक जान भी गयी है। पीड़ितों का आरोप है कि दबंगों ने घरों में आग लगाने के साथ-साथ फायरिंग भी की।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश प्रवक्ताओं के साथ की बैठक

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी प्रवक्ताओं की बैठक हुई। बैठक में निम्नांकित महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। संवेदनशील विषयों एवं जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दों को प्रेस सम्मेलन के माध्यम से जनता के बीच लाया जायेगा। सभी प्रवक्ताओं के लिये राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। बिहार कांग्रेस के प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष से विचार विमर्श के बाद मीडिया विभाग को विस्तारित किया जाएगा। बैठक में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव द्वय शहनवाज आलम एवं सुशील कुमार पासी ने भी भाग लिया। बैठक में मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौर, प्रवक्ता अमिता भूषण, पूनम पासवान, विधायिका प्रतिमा दास, आनन्द माधव, डा रूपम यादव, पैनलिस्ट- ज्ञान रंजन, असफर अहमद, संजीव कुमार कर्मवीर, शिशिर कौंडिलय, अमित सिंह तथा रणजीत कुमार मिश्रा तथा बिहार सोशल मीडिया के चेयरमैन सौरभ सिन्हां उपस्थित रहे।

# युवा राजद का दो दिवसीय कार्यशाला आज से : राजेश

पटना। बिहार प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला 21 एवं 22 सितम्बर को राजद के प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में युवाओं को संदेश प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह के द्वारा दिया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव करेंगे। इस आशय की जानकारी प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने दी है। बताया कि शनिवार को कार्यशाला के प्रथम सत्र में बिहार में दलीय राजनीति, नैरेटिव और मीडियाः समझ और विश्लेषणः संजय कुमार , सीएसडीएस तथा प्रो अनिल चमड़िया पत्रकार अपनी बात रखेंगे। दूसरे सत्र में सामाजिक न्याय अब तक उपलब्धियां और आगे की चुनौतियां विषय पर जी करूणानिधी महासचिव, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ ओबीसी इम्पलॉयज वेलफेयर और सदस्य सामाजिक न्याय निगरानी समिति तमिलनाडू सरकार। धर्म की राजनीति और राजनीति में धर्म विषय पर जयशंकर गुप्ता। दूसरे दिन कार्यशाला के प्रथम सत्र में प्रो सुधा सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के द्वारा अवसर में हिस्सेदारीः महिला एससी/एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व विषय पर अपनी बात रखेंगी। प्रो एन पी राणा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय विषय पर अपनी बात रखेंगे। प्रो प्रवीण झा बिहार में राजनीति, अर्थनीतिः युवा संवाद विषय पर अपनी बात रखेंगे। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा 1990 से पहले बिहार की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर चर्चा। दूसरे दिन के कार्यशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के द्वारा युवाओं को आर्शीवचन दिया जायेगा। कार्यशाला के लिए विभिन्न विषयों पर संबोधित करने वाले एक्सपर्ट पटना पहुंच चुके हैं।

# एनडीए नेताओं के गलतबयानियों पर मौन हैं पीएम : मोहन प्रकाश

- महंगाई, बेरोजगारी और शासन के नियंत्रण में मोदी सरकार फिसड्डी

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



बिहार कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश ने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने कहा कि हमारे नेता और देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जिस प्रकार से भाजपा और एनडीए के नेता ने जान से मारने की धमकी, जुबान काट लेने की धमकी केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्री दे रहे हैं। दुनिया में किसी भी देश में सदन के अंदर प्रधानमंत्री से कम नेता विपक्ष का स्थान नहीं होता है लेकिन तकलीफ इस बात की है और शर्मनाक है। इस देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए कि प्रधानमंत्री और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अब तक खेद नहीं जताया गया और न ही खंडन किया हुआ। कहा कि हमारे एक कद्दावर केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने राजनीतिक शुचिता से थोड़ा इत्तर बयान देने पर उनको कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया लेकिन इससे भी भाजपा ने सबक नहीं लिया। बिहार प्रभारी ने आगे कहा कि नया शिगूफा दिया है वन नेशन वन इलेक्शन पर मैं इन्हें चार सौ पार वाली बात याद दिलाना चाहता हूँ और यह स्पष्ट था कि कैसे ये लोग संविधान को खत्म करने पर तुले थे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि संविधान के मूल ढाँचा में परिवर्तन करा सकें। ये चुनाव आयोग को आगे कराकर चाहते हैं कि इस फैसले को बदल दिया जायें। श्री प्रकश ने कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव हो रहे हैं जबकि महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने तो जब पूछा गया चुनाव आयोग से कि इन चारों राज्यों में चुनाव एक साथ क्यों नहीं हो रहे हैं तो चुनाव आयोग कहता है कि हमको कठिनाई है और एक साथ चुनाव करा पाने में असमर्थ हैं। क्या इसी चुनाव आयोग से मोदी सरकार लोकसभा, विधानसभा और नगर निकाय का चुनाव करा लेंगे। जबकि सरकार के पास न नीति है और न नियत है। बेरोजगारी और महंगाई पर बोलते हुए बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश ने कहा कि आज देश के अंदर कोई ऐसा घर नहीं होगा जहां छाता नहीं हो लेकिन इस छाता उद्योग पर आज चीन का एकाधिकार है और ये मध्यम लघु उद्योग में बनते थे जो बर्बाद हो चुके हैं। नकली फुल के कारोबार में भी उनका एकाधिकार है और इसके कारण हमारे देश में रोजगार बर्बाद हो रही है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर बोलते हुए कहा कि पूरी भाजपा राहुल गांधी से आतंकित है इसीलिए उनको वें आतंकी नजर आ रहे हैं। जबकि पूरे देश में राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ी है और कांग्रेस के प्रति जनसमर्थन बढ़ा है।

**स्मार्ट मीटर से जनता त्रस्त :**

प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने नवादा में हुए घटना की निंदा किए और वहाँ जाने के बाद के अपने अनुभव को बताया कि कितना वीभत्स वहाँ का दृश्य है। इस मामले पर अगर सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगी। उन्होंने स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस सेवादल के बोधगया तक के पदयात्रा पर बोलते हुए कहा कि इसमें कई इंजीनियर और निदेशक की मिलीभगत हैं जो बिहार सरकार के साथ मिलकर जनता को लूटने का काम कर रहे थे हम उनकी खिलाफत करते हैं।

संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त सचिव सुशील कुमार पासी, शाहनवाज आलम, कांग्रेस विधायक दल के नेता डा शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा मदन मोहन झा, पूनम पासवान, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, प्रेमचंद्र मिश्रा ,शकीलउजमा अंसारी, प्रतिमा कुमारी दास , बिजेंद्र चौधरी , निर्मलेंदू वर्मा, राजेश राठौड़, बंटी चौधरी, ब्रजेश प्रसादमुनन, कपिलदेव यादव अम्बुज किशोर झा ,आनंद माधव ज्ञान रंजन सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# सूबे के 445 अंचलों में चल रहा स्वघोषणा का काम : जय

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव ने बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



बिहार में भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त तय कार्यक्रम एवं प्रक्रिया के मुताबिक चल रहा है। ये बात राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव श्री जय सिंह ने शुक्रवार बंदोबस्त पदाधिकारियों की जूम के जरिए हुई बैठक में कही। विभाग के सचिव ने कहा कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व इस प्रकार की अफवाह फैला रहे हैं। आमलोगों को इसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। अभी स्वघोषणा का काम प्रदेश के 445 अंचलों में चल रहा है। साथ ही सभी मौजों का प्रपत्र-5 यानि तेरीज लिखने का काम जारी है। आनेवाले समय में इसमें और तेजी आएगी।

**43041 गांवों की समीक्षा की गई जहां भूमि सर्वेक्षण का काम शुरू :**

बैठक में राज्य के उन 43041 गांवों की समीक्षा की गई जहां भूमि सर्वेक्षण का काम शुरू है। इन सभी गांवों में सर्वेक्षण की उद्घोषणा कर दी गई किंतु इसमें से 42561 गांवों को ही निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। बाकि 480 मौजों को अगले एक सप्ताह में अपलोड करने का निदेश बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया।

**सचिव ने कहा- मौजों का प्रपत्र-5 यानि तेरीज लिखने का काम जारी**

**41333 मौजों में ग्राम सभा का आयोजन :**

बैठक से स्पष्ट हुआ कि कुल मौजों में से 41333 मौजों में ग्राम सभा का आयोजन किया जा चुका है। किन्तु निदेशालय की वेबसाइट पर 37974 मौजों को ही अपलोड किया गया है। वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद मौजा में हुई सभा का फोटो एवं कार्यवाही को देखा जा सकता है। प्रपत्र-2 में स्वघोषणा की समीक्षा से पता चला कि अभी तक 36 लाख के करीब लोगों ने स्वघोषणा को समर्पित किया है। रैयतों ने करीब 25 लाख स्वघोषणा को शिविरों में जाकर ऑफलाइन एवं करीब 11 को ऑन लाइन समिट किया है। कुछ जिलों विशेषकर गोपालगंज और पूर्वी चंपारण में स्वघोषणा की संख्या काफी कम संख्या में प्राप्त होने एवं सर्वे का अनुश्रवण ठीक से नहीं करने के कारण वहां के बंदोबस्त पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने का निदेश निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप को दिया गया।

### सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू

बैठक में प्रपत्र-5 यानि खतियान का सार लिखने के काम की भी समीक्षा की गई। सभी जिलों में 20526 मौजों में खतियान लिखने का काम शुरू किया गया है जिसमें 8737 मौजों में खतियान का सार यानि तेरीज लिखने का काम पूर्ण भी कर लिया गया है। खतियान लिखने के काम को और तीव्र करने का निदेश बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही ऑफलाइन मोड में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र ऑनलाइन करने का निदेश बंदोबस्त पदाधिकारियों का दिया गया। सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोग ऑनलाइन अपनी जमीन का ब्यौरा यानि स्वघोषणा सर्वे निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करें। जितना कागजात उपलब्ध है उसे ही प्रपत्र-2 के साथ संलग्न किया जाना है। अगर जमीन खतियानी है तो वंशावली खुद से बनाएं, कोई परेशानी नहीं होगी। बैठक में उपस्थित भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष होने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सर्वे की सभी प्रक्रिया ऑनलाइन है इसलिए इसकी प्रगति की समीक्षा बगैर तकनीकी दक्षता के संभव नहीं है। सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को बिहार सर्वे ट्रैकर एप की मदद से अपने कर्मियों के कार्यों का मूल्यांकन करने की निदेश दिया गया। बिहार सर्वे ट्रैकर एप की मदद से अपने मोबाइल फोन के जरिए कोई भी रैयत अपने गांव में सर्वे की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर सकता है और उसमें भाग ले सकता है।

# वन नेशन-वन इलेक्शन प्रस्ताव की मंजूरी ऐतिहासिक : अरविन्द

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव यह मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला हैं। मोदी कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी देकर अभूतपूर्व काम किया हैं। यह महत्वपूर्ण निर्णय चुनावी प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित बनाने की ओर एक बड़ा कदम है। मोदी सरकार के इस दूरदर्शी कदम के लिए धन्यवाद। वन नेशन-वन इलेक्शन से देश का अरबों-खरबों रुपया बचेगा। गरीबों का पैसा बार-बार चुनाव में खर्च होता है। वह उनके विकास और तरक्की पर खर्च होगा इसलिए कुछ लोगों का सीना फट रहा है।

श्री अरविन्द ने कहा कि घपले-घोटाले की राजनीति करने वाले को डर लग रहा है कि जनता का विकास होगा तो परिवारवाद पर प्रहार होगा। हमेशा देश में कहीं ना कहीं चुनाव होते रहते हैं इससे विकास कार्य बाधित होता है। अगर सारे इलेक्शन एक साथ होंगे तो इससे अरबो खरबो रुपया, समय और संसाधनों की बचत होगी जिसे जनता के हितों के लिए कार्य किए जा सकेंगे इसका स्वागत किया जाना चाहिए वन नेशन-वन इलेक्शन से जनता के बीच अपना जनाआधार खो चुके भ्रष्टाचारियों और परिवारवाद वालों को डर लग रहा है। क्योंकि यह सभी विपक्षी महाठगबंधन के लोग जानते हैं कि देश में अगर अभी चुनाव हो गया तो स्वार्थी महागठबंधन को जनता धूल चटाने का काम करेगा इसीलिए ये सभी बौखलाए हुए हैं और वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध कर रहे है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस.एण्ड.टी./सिंग/2024/17 दानापुर, दि. 19.09.2024**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल के अंतर्गत झाझा यार्ड में दोहरी पहचान के साथ मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान से संबंधित सिग्रलिंग कार्य।, **2. अनुमानित लागत :** रूपये 78949792.51, **3. बयाना राशि:** रूपये 544800.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 10.10.2024 को 12:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 10.10.2024 को 12:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।

**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/01162/डीएनआर/एसएण्डटी/टी/24–25/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**

**सं:–कॉम/डीएनआर/पार्किंग/मिक्स्ड/24**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:– **1. अनुबंध का प्रकारः** गिद्धौर और बक्सर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग स्टैन्ड का तीन (03) वर्षो की अवधि के लिए अलग–अलग संचालन का अनुबंध।, **2. साइट की स्थितिः** 1. गिद्धौर रेलवे स्टेशन (सर्क्युलेटिंग एरिया), 2. बक्सर रेलवे स्टेशन (सर्क्युलेटिंग एरिया), **3. अनुबंध की अवधि :** तीन (03) वर्ष, **4. केटलॉग संख्या :** Com-Parking-OCT, **5. लॉट संख्या/श्रेणी:** 1.) AA/1 PARKING-DNR-GHR-MX-55-23-1 (Parking Mixed), 2.) AA/2 PARKING-DNR-BXR-MX-74-24-1 (Parking Mixed), **6. ई–ऑक्शन की तिथि व समयः** दिनांक 04.10.2024 को 12:00 बजे से 12:40 बजे तक । (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ कि अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अन्तराल 10 मिनट है।) **7. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन से संबंधित पूर्ण विवरण उपलब्ध हैःwww.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01161/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/36



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**No. ECR-SPJ0STRP(IREP)/714/291048/Mech**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से वमंसाप्र (प्रशा.) /पूमरे /सम. ई–निविदा के लिए पात्र और अनुभवी एजेंसी या ठेकेदार के रूप में खुली ई–निविदा सं. 72245676 पर आमंत्रित करते हैं, विवरण निम्नानुसार है :–

**1. सामग्री का विवरणः** सप्लाई, इंसटोलेशन, एंड कमीशनिंग ऑफ रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल वायु चालित कंप्रेसर 500 CFM 10 Kg/cm sq. **मात्रः** 2 नं0

**2. सामग्री का विवरणः** सप्लाई, इंसटोलेशन, एंड कमीशनिंग ऑफ रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल वायु चालित कंप्रेसर 500 CFM 10 Kg/cm sq. **मात्रः** 1 नं0

**मंडल रेल प्रबंधक, भंडार/समस्तीपुर**

पीआर/01156/एसपीजे/एसटीओआरई/टी/24–25/24

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 21 सितम्बर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### महिला बकरी पालक प्रोड्यूसर कम्पनी की आम सभा आयोजित

मुजफ्फरपुर।मेषा महिला बकरीपालक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का आज प्रथम वार्षिक आमसभा का आयोजन मुजफ्फरपुर के एक निजी होटल में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त श्री श्रेष्ठ अनुपम, डीपीएम जीविका के साथ ही बकरी पालक प्रोड्यूसर कंपनी की अध्यक्ष सहित कई शेयरधारक दिदियाँ और आगा खा फाउंडेशन के कई कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही डीपीएम के द्वारा हिंदी पखवाड़ा के तहत शपथ दिलाया गया। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मुजफ्फरपुर जिले में वृहद पैमाने पर जारी है।

### प्रशांत किशोर के अभियान को धरातल पर उतार रहे हैं शोएब अहमद खान

दरभंगा।दिल्ली पब्लिक स्कूल के निदेशक सह जन सुराज के संस्थापक सदस्य शोएब अहमद खान प्रशांत किशोर के अभियान को जमीनी स्तर से धरातल पर उतारने की कोशिश कर रहे हैं। पदयात्रा के माध्यम से जन सुराज के अभियान को लोगों के बीच फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अब परिवर्तन की जरूरत है। दशकों से अन्य पार्टियों ने सिर्फ शोषण किया है और बिहार को आज हाशिये पर ढ़केल दिया। उन्होंने कहा कि जन सुराज में युवाओं की रुचि ये बताती है कि वो परिवर्तन चाहते हैं और यही वजह है कि वो प्रशांत किशोर के विचारों से प्रभावित होकर जन सुराज का दामन थाम रहे हैं। शोएब अहमद खान ने कहा कि युवाओं को राजनीति में जरूर आना चाहिए और साफ सुथरी राजनीति के जरिए समाज का मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जन सुराज जात पात व धर्म की राजनीति से अलग विकास की राजनीति करने की बातें बता रही है जो वक़्त की जरूरत है।

### जिला युवा राजद का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित

समस्तीपुर, शहर के मोहनपुर रोड स्थित एक निजी विवाह भवन में जिला युवा राजद का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता युवा राजद के जिला अध्यक्ष पप्पू राय ऊर्फ पप्पू यादव ने किया। वहीं मंच संचालन प्रदेश महासचिव सूरज कुमार दास ने किया। बताया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती के लिए प्रखंड व जिला स्तर को मिलाकर एक मजबूत टीम बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन एवं जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के द्वारा पार्टी के नव मनोनीत पदाधिकारी को मनोनयन पत्र सौंपा गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह जिला पार्षद हेमंत कुमार, जिला उपाध्यक्ष कुमुद रंजन, समस्तीपुर प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार, रोसड़ा प्रखंड अध्यक्ष अमरेश कुशवाहा सहित पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ने शुरू किया सदस्यता अभियान

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ने पार्टी का सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी कि मजबूती, संगठन विस्तार तथा निर्वाचन आयोग के आदेश का अनुपालन करते हुए लोगो को सदस्य बनाकर संगठन को मजबूत करने का कार्य शुरू किया। आज खोकसाहा में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद आजाद के निवास स्थान पर पार्टी के मजबूत प्राथमिक सदस्य बनाकर तथा 25 सदस्य बनाने वाला जिल्द सोप कर अभियान तेज करने का आग्रह किया। जिन लोगो को सदस्य बनाकर जिल्द सोपा गया उनमें युवा प्रकोष्ठ के प्रखड अध्यक्ष चंदन कुमार, उपाध्यक्ष संजीव कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष नरेश राय लक्ष्मी नारायण, मोझ नूर हसन , मनीष कुमार तथा अरविन्द कुमार कुशवाहा शामिल हैं।

# आयुक्त ने की पुलिस प्रशासन के कार्यों की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। प्रमंडलीय आयुक्त सरवणन एम की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में की गई।बैठक में पुलिस प्रशासन द्वारा संचालित कार्यों यथा ट्रैफिक व्यवस्था, साइबर अपराध,भूमि विवाद के मामले, शराबबंदी, आपातकालीन त्वरित सिस्टम के तहत डायल 112, महिला हेल्प डेस्क, एससी-एसटी मामले,सुरक्षित सफर, पुलिस गश्ती,पुलिस प्रशासन में अधिकारियों,कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता आदि बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पीपीटी के माध्यम से पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में संचालित कार्य का चरणबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से प्रस्तुतीकरण किया गया।एसएसपी ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता करने हेतु हर थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है जहां महिला पुलिसकर्मी द्वारा ही उनकी शिकायतें सुनी जाती है तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक सहायता एवं शिकायतों का समाधान नियमित रूप से किया जांता है। आयुक्त ने हेल्प डेस्क द्वारा किये जा रहे कार्यों की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग का निर्देश दिया। यह भी बताया गया किआम नागरिक की सुविधा हेतु डायल 112 की व्यवस्था है जिसका उपयोग कर आम व्यक्ति सुगम एवं त्वरित रूप में पुलिस का सहयोग ले सकते हैं। रात में यात्रा करने वाले लोगों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक सुरक्षा प्रदान करने हेतु मुजफ्फरपुर जिला में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सुरक्षित सफर नाम से विशेष अभियान जारी है।बैठक में अवगत कराया गया कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत 43 थाने तथा चार आउटपोस्ट अर्थात कुल 47 यूनिट कार्यरत है जिसमें यातायात एवं साइबर थाने भी शामिल हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 50 इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम कार्यरत है। पुलिस की मोबाइल पेट्रोलिंग तथा पैदल पेट्रालिंग की कार्रवाई लगातार जारी है। जिले में पुलिस प्रशासन के कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की वर्तमान संख्या तथा जरूरत के अनुसार बांछित बल की भी जानकारी दी गई।

आयुक्त ने उत्पाद अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शराब के अवैध उत्पादन व बिक्री पर रोक लगाने हेतु छापेमारी अभियान तेज करने तथा कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

साइबर अपराध के बारे में आम लोगों को जागरूक तथा सजग रहने हेतु नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाने तथा साइबर अपराध की रोकथाम एवं पता लगाने की कार्रवाई जिला में प्रभावी रूप से की जाती है। इस मामले में मुजफ्फरपुर जिला को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है तथा सराहनीय कार्य के आधार पर जिला को हमेशा सम्मानजनक स्थान प्राप्त होता है।बैठक में एसकेएमसीएच की प्राचार्य डॉ आभा रानी सिन्हा ने अवगत कराया कि अस्पताल में नशा विमुक्ति केंद्र कार्यरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को अस्पताल में तंबाकू कंट्रोल सेंटर का माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया जाएगा।आयुक्त ने इंज्यूरी रिपोर्ट के लंबित मामलों का थानावार रिपोर्ट तैयार कर मानिटर करने एवं समीक्षा कर निष्पादित करने का निर्देश दिया।बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक तिरहुत प्रमंडल बाबूराम, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ब्लड प्रेशर, शुगर की होगी नि:शुल्क जांच

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आकांक्षी प्रखंड के रूप में मुशहरी को विकास के छः सूचकांक को टारगेट कर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। इसे कार्य रूप देने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जिला एवं प्रखंड के अधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीतिक पहल की है। इसके लिए जिला एवं प्रखंड के अधिकारियों को पंचायतों का कमान सौंपते हुए उन्हें 10 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का सख्त निर्देश दिया है।इस आशय से संबंधित आदेश निर्गत कर पंचायत में कार्यस्थल को चिह्नित कर वहां अधिकारी एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे मिशन मोड में प्राथमिकता के रूप में टारगेट आधारित एएनसी,बीपी और ब्लड शुगर की प्रतिदिन जांच कर शाम में प्रतिवेदित करें। डीपीओ आईसीडीएस एवं जीविका को पोषक क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं का सर्वे करने तथा एएनसी के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम करने तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित प्रसव हेतु एएनसी के महत्व के बारे में गर्भवती महिलाओं को जानकारी देने तथा एएनसी के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।पंचायत में लोगों को मोबिलाइज करने की जवाबदेही जीविका,आईसीडीएस,आपूर्ति,आशा, ममता आदि को दिया गया है। इसके लिए डीपीएम जीविका, डीपीओ आईसीडीएस, डीएसओ को सक्रिय एवं तत्पर होकर मिशन मोड में कार्य करने एवं हर हाल में टारगेट प्राप्त करने को कहा गया है।इस कार्य की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला योजना पदाधिकारी को कार्यस्थल पर तैनात कर्मियों की उपस्थिति एवं प्रतिदिन के कार्य सुनिश्चित कराने की जवाबदेही दी गई है। उप विकास आयुक्त को वरीय नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। सिविल सर्जन एवं डीपीएम को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर कार्य में प्रगति लाने तथा मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है।

## विद्यालयों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जांच टीम गठित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालयों में न केवल शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो बल्कि विद्यालयों में बच्चों की जरूरत के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हो। फलतः सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करने एवं आधारभूत सुविधाओं की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यालयों का औचक निरीक्षण तथा सतत मानिटरिंग एवं नियमित समीक्षा बैठक कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं का आकलन करने तथा बच्चों के लिए विद्यालय में बांछित सुविधाओं यथा बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव को चिह्नित करने हेतु जांच टीम का गठन किया है। जांचोपरांत प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विद्यालयों में लघु निर्माण एवं मरम्मती का कार्य किया जाएगा। इस बाबत जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने जिला/प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकीय कर्मियों को विद्यालयों की जांच करने तथा मंगलवार तक विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है। जांच अभियान में शिक्षा विभाग के डीईओ, डीपीओ,बीईओ को भी शामिल किया गया है। सभी रिपोर्ट को समेकित कर जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का दायित्व डीआरडीए डायरेक्टर को दिया गया है।विद्यालय में कुल नामांकन, बच्चों की औसत उपस्थिति, कमरों की उपलब्धता, अतिरिक्त वर्ग कक्ष की आवश्यकता, उपलब्ध शौचालय, अतिरिक्त शौचालय की आवश्यकता, पेयजल की वर्तमान व्यवस्था, पेयजल की अतिरिक्त व्यवस्था की जरूरत, समरसेबल बोरिंग की स्थिति, पंखा, बिजली की स्थिति,बेंच-डेस्क की स्थिति आदि की अद्यतन वस्तुस्थिति की जांच कर प्रतिवेदित करना है। विद्यालयों में लघु निर्माण एवं मरम्मती की आवश्यकता की जांच कर स्थिति स्पष्ट करना है कि किस विद्यालय में किस प्रकार के लघु निर्माण/मरम्मती की आवश्यकता है। इसके आधार पर जिला पदाधिकारी द्वारा अपेक्षित निर्णय लेकर विद्यालयों में मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जायेगा। विद्यालयों का कार्य भवन निर्माण विभाग/ भवन निर्माण (विद्युत, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के अभियंता द्वारा कराया जाएगा। बैठक में अवगत कराया गया कि विद्यालयों में 50000रू का रिवोल्विंग फंड उपलब्ध है जिसका उपयोग प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय की छोटी-छोटी मूलभूत संरचनाओं को ठीक करने में करेंगे। एक सप्ताह में राशि भी विमुक्त कर दिया जाएगा।

## मैं अपने क्षेत्र के विकास के प्रति कृत्संकल्पित हूं : डॉ मुरारी मोहन



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने मुख्यमंत्री पथ अनुरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित सड़क पीडब्लूडी पथ से बिरने को जोड़ती हैं जिसकी लंबाई एक किमी है जिसकी निर्माण लागत 68.401 लाख हैं का उद्घाटन शनिवार को किया । इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की मैं अपने क्षेत्र के विकास के प्रति कृत्संकल्पित हूं। क्षेत्र के विकास योजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं कर सकता हूं।खास करके सड़क के निर्माण में किसी भी तरह की अनियमितता बिल्कुल ही बर्दास्त नही करेंगे ।एनडीए व नीतीश के नेतृत्व वाली सरकार में बिहार का सर्वांगीण विकास हो रहा हैं । आधारभूत संरचनाओं के तहत सड़क पूल पुलिया शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पीने का पानी शौचालय की सुविधा लोगो को उपलब्ध कराई जा रही हैं ।समाज हितेषी योजना चलाकर गरीबों का उत्थान किया जा रहा हैं । उद्यमी अब उद्योग धंधे लगा रहे हैं लूट हत्या और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा हैं और आगे विधायक डॉ० झा ने कार्यकर्ता से आग्रह किया की एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाए और उसका लाभ हर एक तबके के लोगों को दिलाए । इस दौरान केवटी पूर्वी,पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष विनोदानंद झा,निर्भय कुमार,श्रवण मिश्र,विक्की,पवन निराला,उमेश पासवान,ज्ञानरंजन चौधरी,रौशन झा,मो० नदीम,अंकित झा,राजेश यादव एवं सुभम कुमार आदि लोग उपस्थित रहें ।

## नवादा अग्नि कांड के दोषियों को गिरफ्तार कर सजा देने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नवादा जिले के महादलित बस्ती में आग लगाकर सैकड़ों घरों के जलाये जाने की घटना के दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग करते हुए आज एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि यह घटना बिहार सरकार द्वारा अव्यवहारिक रूप से आनन-फानन में किये जा रहे भू-सर्वे का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था की कलई खोल दी और यह साबित कर दिया कि राज्य में लॉ एंड ऑर्डर बेबस, असहाय और गरीबों के लिए नहीं है। बिहार में चल रहे भूमि-सर्वेक्षण पर उन्होंने कहा कि भू-सर्वे त्रुटियों से भरा है। राज्य सरकार को पहले जमीन का सरकारी रिकार्ड प्रकाशित करना चाहिए था, ऐसा न कर वह रैयतों से ही उनकी जमीन का रिकार्ड मांग रही है। रैयतों को जमीन के रिकार्ड और कागजात के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। नतीजतन सरकारी कर्मचारियों और एजेन्टों द्वारा रिश्वतखोरी उफान पर है। श्री सिंह ने कहा कि वर्षों से दाखिल-खारिज का काम अधूरा रहने, जमीन के दस्तावेजों को व्यवस्थित न करने और रैयतों द्वारा उनके कागजातों को अद्यतन कराने के आवेदन पर कार्रवाई न करने की वजह से राज्य के रैयत परेशान हैं। इन कामों को पूरा किये बिना सरकार द्वारा निजी एजेंसियों से भू-सर्वे करवाना रैयतों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। उन्होंने राज्य सरकार से भू-सर्वे पर अविलम्ब रोक लगाने की मांग की है।

## किराना व्यवसायी से लूट मामले में 4 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने बीते दिनों एक किराना व्यवसाई से लूटपाट करने के मामले में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का लम्बा आपराधिक इतिहास बताया जा रहा है। एसएसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बीते 11सितम्बर को पूर्वी चंपारण जिला के कोटवा थानांतर्गत भोपतपुर बढ़िया गांव का एक किराना व्यवसाई पिकप पर किराना सामग्री लोड कर अपने घर जा रहा था। देर रात्रि सरैया थाने के अमूलचक रेलवे ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल सवार तीन सशस्त्र अपरिचितों ने हथियार का भय दिखाते हुए पिकप समेत उसपर लोड किराना सामान और नगद लूट लिया। इससे संबंधित एक मामला सरैया थाने में दर्ज किया गया।कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर लूटा गया पूरा सामान सरैया के राहुल किराना स्टोर बरामद करते हुए राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया । राहुल कुमार के निशानदेही पर लूट कांड में संलिप्त 2 सुरज कुमार व रुपेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।एक संदिग्ध अभियुक्त राहुल राइडर को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछ-ताछ के क्रम में संदिग्ध राहुल कुमार उर्फ राइडर शौच कराने ले जा रहे चौकीदार को धक्का देकर फिरार हो गया। इस संदर्भ में सरैया थाना कांड सं0-447/24 दर्ज किया गया है। घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियो की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है

## कवयित्री नैना साहू विद्यापति सम्मान से सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। मिथिला व प्रदेश की साहित्यिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय चर्चित लेखिका व कवयित्री नैना साहू को राष्ट्रीय कवि संगम की बिहार इकाई द्वारा मधुबनी में आयोजित त्रिदिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में विद्यापति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्रीमती साहू को हिंदी साहित्य में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभाकर राय और मधुबनी जिला इकाई अध्यक्ष शुभकुमार वर्णवाल के द्वारा प्रदान किया गया। उक्त तीनदिवसीय अधिवेशन में प्रान्त के दो सौ से ज्यादा साहित्यकारों ने भाग लिया जिसमें दरभंगा से सर्वाधिक इक्कीस साहित्यकार शामिल थे। विदित हो कि श्रीमती साहू वर्तमान में कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद के बिहार प्रदेश की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष भी हैं। हाल ही में उन्हें कल्कि गौरव सम्मान, शम्भू अगेही शिखर सम्मान, उमाशंकर लोहिया सम्मान, काव्य रत्न सम्मान, वूमेन प्राइड अवार्ड सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा के वरिष्ठ वैज्ञानिक ० शायर डॉ. मनोज कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मिथिला क्षेत्र में बढती साहित्यिक गतिविधियाँ क्षेत्र के साहित्यिक पुनर्जागरण की दिशा में सकारात्मक बदलाव दशार्ती हैं।

## क्रॉम्पटन उत्पाद की गुणवत्ता व सर्विस कंपनी की मुख्य प्राथमिकता : शुभाशीष पांडे

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। मिथिलांचल की पावन धरती दरभंगा आगमन पर क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल लिमिटेड एवं बटरफ्लाई अप्लायंसेज के ईस्ट क्षेत्रीय प्रमुख शुभाशीष पाण्डे ने आभार प्रकट करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने बताया की त्योहारों के इस सीजन में कम्पनी उच्च गुणवत्ता के नए उत्पाद स्थानीय बाजार में उपलब्ध करवा रही है साथ ही बटरफ्लाई के किचन अप्लायंसेज पहली बार आधिकारिक तौर पर स्थानीय वितरक युक्ति वाणिज्य के द्वारा अपने डीलर्स काउंटर पर उपलब्ध करवाए जायेंगे। पाण्डेय ने बताया की बटरफ्लाई किचन अप्लायंसेज दक्षिण भारत में पसंदीदा प्रचलित और पुराना ब्रांड है जिसे क्रॉम्पटन कंपनी ने अपने अधीन कर लिया है। गैस चूल्हा, मिक्सर ग्राइंडर, केटल, कीमा मिक्सर, वेट ग्राइंडर, चिमनी एवं हॉब काफी धड़ल्ले से पसंद किए जाते हैं। साथ ही क्रॉम्पटन के नए उत्पाद जिसमे 500 वाट पावरफुल मोटर युक्त फ्रेश मिक्स जूसर, स्टेनलेस स्टील ब्लेड मटेरियल, अनब्रेकेबल पॉलीकाबोर्नेट पारदर्शी जार, एंटी ड्रिप स्पॉउट सहित 5 साल की वारंटी के साथ अब ग्राहकों के लिए स्थानीय बाजार में उपलब्ध रहेगा। वही बोल्टमिक्स एवं ड्युरो इलाइट सीरीज के मिक्सर ग्राइंडर छह नए वेरिएंट में भी बाजार में उतर गया है. इन अप्लायंसेज में 800 वाट की पावरफुल मोटर लगातार 45 मिनट तक ग्राइंडिंग करने की क्षमता रखती है तथा कॉपर के मोटर इसे अधिक टिकाऊ बनाती है. त्योहारों के सीजन में क्रॅम्पटन होम अप्लायंसेज विशेष तैयारी के साथ मिक्सर ग्राइंडर, जूसर, आयरन, कूलर,वाटर गीजर, रूम हीटर, हैंड ब्लेंडर, एयर फ्रायर, ओटीजी ओवन, टोस्टर, सैंडविच मेकर, हॉट वाटर कैटल, चौपर, इंडक्शन इत्यादि नए एवं बेहतर उत्पाद विशेष स्क्रैच कार्ड के साथ कई आकर्षक उपहार के साथ ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।इस मौके बिहार हेड नितेश कुमार, अप्लायंसेज हेड साकेत कुमार एवं दरभंगा डिस्ट्रीब्यूटर युक्ति वाणिज्य के प्रमुख विवेक शर्मा ढंड सहित प्रणय रंजन, महेश पासवान, शंभू पासवान मौजूद थे।

## भाजपा एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसका कोई जाति नहीं है : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर (दरभंगा)।अलीनगर मंडल के मोहिद्दीनपुर पकड़ी शक्तिकेंद्र पर सदस्यता अभियान 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पकड़ी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जुबेर आलम के आवास पर संपन्न हुआ। इस अभियान में अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों किसान एवं युवा वर्ग के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा के सदस्यता अभियान जिला प्रभारी सह किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह सदस्यता ग्रहण करवाने का काम किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि आप सभी किसान भाइयों एवं युवा बंधु को भाजपा परिवार में स्वागत है। भाजपा एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसका कोई जाति नहीं है। भाजपा सिर्फ महिला, किसान, नौजवान एवं गरीब वर्ग के हित के बारे में सोचकर आगे बढ़ती है। भाजपा पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास एवं सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ती है। इसी का नतीजा हैं कि आज के दौर में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने इस दौरान भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जारी जन कल्याणकारी योजना के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार आज गांव, गरीब, किसान एवं नौजवानों को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन कर रही है। मोदी जी के मिशन ने कई अहम मुकाम हासिल किए है। जैसा कि स्वच्छ भारत मिशन, सबको आवास, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं खुले में शौच से मुक्ति मिशन आदि इसी का नतीजा हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने सदस्यता अभियान को लेकर कहा कि भाजपा का लक्ष्य हैं घर-घर जाकर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्य बनना है, जिसको लेकर सभी कार्यकर्ता तन मन से जुड़ गए हैं और कार्यकर्ता के प्रयास से जल्द ही लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। इस मौके पर मंडल संयोजक लाल मुखिया, फारूक राय, जहांगीर राय, मो. आलम राय, पंकज सहनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कबाड़ी व्यवसायी हत्या मामले में पुलिस ने एक बदमाश को किया गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



नगर थाना क्षेत्र के नीम गली में बीते दिनों हुए कबाड़ी व्यवसायी बैजू सेठ की हत्या मामले का पुलिस ने घटना के 24 घंटों के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में घटना के एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान मथुरापुर थाना क्षेत्र के झिल्ली चौक के सुनील महतो के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना के समय पहने गए शर्ट-पैंट और गमछा को भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार घटना के दौरान सन्नी कुमार बाइक चलाकर पीछे एक बदमाश को बैठाकर बैजू सेठ के घर गया था। घटना के बाद पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसने अपना कपड़ा बदल लिया था और हुलिया चेंज करने को लेकर उसने रात में ही अपना हेयर कट करवाया था। इस संबंध में एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अशोक मिश्रा के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन किया गया था। घटना के अन्य अभियुक्तों व संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मृतक के भाई मोहन सेठ के के आवेदन के आधार पर नगर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। विशेष टीम के सदस्यों ने तकनीकी व मानवीय आसूचना के आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए घटना में शामिल बदमाश सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि घटना से एक दिन पूर्व फूल दुकानदार एवं मृतक के परिवार के बच्चों के बीच विवाद हुआ हुआ था। जिसमें बैजू सेठ के कुछ परिजनों ने उस दुकानदार के स्टाफ विशाल कुमार के साथ मारपीट उसे चोटिल कर दिया था। जिसके बाद विशाल कुमार ने बदला लेने को लेकर अपने दोस्त राकेश कुमार उर्फ महाकाल, शनि कुमार व अन्य के साथ घटना की योजना बनायी थी। घटना कारित करने जाने के दौरान रास्ते में विशाल बाइक से उतर गया था। राकेश कुमार उर्फ महाकाल ने घर में घुसकर आवाज देकर बैजू सेठ को बुलाया था और करीब 10-12 मिनट उसके साथ बातचीत की थी। इसी दौरान उसने उसने बैजू सेठ को गोली मारकर घायल कर दिया था। जिनकी इलाज के दौरान हो गई थी। एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना के त्वरित व सफल उद्वेदन को लेकर पुलिस की टीम को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की जाएगी। बता दें कि पुलिस की छापेमारी टीम में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, एसआई प्रताप कुमार सिंह, पीएसआई अमर कुमार, पीएसआई प्रवीण कुमार व जिला पुलिस के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## महात्मा गांधी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।महात्मा गांधी कॉलेज, दरभंगा की एनएसएस इकाई तथा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम पदाधिकारी डा अविनाश कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर मूर्ति, ललित नारायण मिश्र मूर्ति तथा पीएनबी के आगे पीछे स्थित परिसर की साफ-सफाई करते हुए पॉलिथीन, गुटखों के रैपर, कागज के टुकड़े, सूखे पत्ते तथा ईंट- पत्थरों के टुकड़ों को टोकरियों में इकट्ठा कर यथा स्थानों पर रखा। वहीं एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने सड़कों पर एवं परिसरों में झाड़ू चलाकर उनकी साफ-सफाई की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक स्वच्छता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया, जिसे कार्यक्रम समन्वयक प्रथम डॉ आर एन चौरसिया ने हरी झंडी देकर रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विगत 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ आर एन चौरसिया, डॉ अविनाश कुमार, डॉ राहुल पासवान, राम नारायण शर्मा, शिवनारायण राय, विशाल कुमार, सुमित कुमार पांडे, बर्षा, मोना, तुलसी, संजना, आशुतोष, निषाद फातिमा, रितिक चौधरी, मृत्युंजय, रितेश, सुमित, कौशल, ओंकार, रिया, सुमन तथा रजनी कुमारी आदि ने सक्रियता पूर्वक भाग लिया।

## सोनू हत्याकांड में पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समसतीपुर चकमहेसी थाना क्षेत्र के नामापुर खेढी गांव में तीन कट्ठा जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में घनश्याम राय के पुत्र इंटर का छात्र सोनू कुमार की पीट पीट कर विपक्षियों ने हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है।इसको लेकर मिरतक के पिता घनश्याम राय ने थाने में आवेदन में महिला पुरुष सहित आठ को नामजद किया है। थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि थाने में दर्ज प्राथमिक की संख्या 147/24 में नामजद में निर्मल राय , ललिता देवी, रामबली राय,चुनचुन देवी पुत्रवधू कविता देवी सहित आठ को आरोपित किया गया है। तीन कठा जमीन के लिए दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में आरोपियों के ठिकानों पर सघन छापेमारी जारी है। जल्द ही मृतक के पिता को इंसाफ दिलाने की दिशा में पुलिस तत्पर है । सभी आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नक्सलियों का स्थापना दिवस मनाने को लेकर मुंगेर जिला प्रशासन सतर्क

हवेली खड़गपुर मुंगेर के पहाड़ी क्षेत्रों में कोडिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया है पुलिस सूत्रों के अनुसार हवेली खड़गपुर थाना बरियारपुर और श्यामपुर थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में तथा धरहरा के पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है जवान पानी में प्रवेश कर जंगलों में पहुंच रहे हैं लगातार चल रहे अभियान के बाद नक्सली संगठन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। एस पी ने बताया कि जिले से नक्सली गतिविधियों पर लगभग विराम लग गया है कुछ नक्सली फरार हैं उनकी घड़ पकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।नक्सलियों के ठिकानों पर सर्च अभियान चला रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार दरअसल 21 सितंबर को एमसीसीपीएलजीए सहित कई संगठनों को विलय कर माओवादी का संगठन तैयार किया गया था।इसके बाद नक्सली हर वर्ष स्थापना दिवस मनाते हैं इस बार भी इस अवधि में नक्सलीय स्थापना दिवस मना रहे हैं

# पगडंडी जमुई के तत्वावधान में होगा संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन

## भारत का वर्तमान और दिनकर की प्रासंगिकता विषय पर होगी संगोष्ठी

- कुल 35 लोगों को प्रदान किया जाएगा सम्मान पत्र
- 27 लोगों को मिलेगा ग्लोबल नेचरशीप अवार्ड

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई। आगामी रविवार को जिला मुख्यालय जमुई स्थित सगुन वाटिका परिसर में समग्र भारत न्यास के साहित्यिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रकल्प पगडंडी जमुई के तत्वावधान में हिन्दी पखवारा के अवसर पर भारत का वर्तमान और दिनकर की प्रासंगिकता विषय पर एक संगोष्ठी तथा दिनकर जयंती सह सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी समग्र भारत न्यास एवं पगडंडी जमुई के अध्यक्ष डॉ. रवीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन में हिन्दी से जुड़ाव रखने वाले सभी साहित्य सेवियों का जुटान होगा। इस आयोजन में आठ स्वनामधन्य वैसे लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा जो अलग-अलग क्षेत्रों में समाज, संस्कृति और साहित्य की सेवा कर रहे हैं। उक्त अवसर पर कुल 35 लोगों को सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा। पं. जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी हिन्दी सेवी सम्मान, भक्तकवि अर्जुनदास सरस्वती सम्मान, नेतृत्व प्रतिदर्श सम्मान, ग्रीन प्लेनेट नेचरशीप अवार्ड और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिले और जिले के बाहर के पड़ोसी जिलों में अपने कार्यों से योगदान देने वाले विभूतियों को 4 अगस्त को 27 लोगों को ऑनलाइन ग्लोबल नेचरशीप अवार्ड से सम्मानित किया गया था, ऐसे सभी 27 लोगों को भी इस अवसर पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम अपने तय समय 11:30 से प्रारंभ होगा। इसमें जिले के अलावा अन्य जिले के प्रतिनिधि और बुद्धिजीवी भाग लेंगे। आयोजन को लेकर एक वर्चुअल बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# बाढ़ के खतरे को देखकर 51 स्कूलों को अगले तीन दिन तक बंद करने का डीएम ने दिया आदेश

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर।जिले में बढ़ते गंगा के जल स्तर से संभावित बाढ़ के मद्देनजर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने सदर एवं बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत बाढ़ प्रभावित कुल 51 स्कूलों को अगले तीन दिनों तक बंद करने का आदेश दिया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को बाढ़ प्रभावित सभी विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने कहा कि विगत तीन दिनों से गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण संभावित बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे सदर एवं बरियारपुर प्रखंड के कुल 51 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के दृष्टिगत इन सभी स्कूलों को 19 सितंबर से 21 सितंबर तक बंद करने का निर्देश दिया गया है। इन विद्यालयों में सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय तारापुर दियारा, मध्य विद्यालय महेशपुर, मध्य विद्यालय आदर्शग्राम टीकाराम पुर, मध्य विद्यालय हेरू दियारा नगर मुंगेर, मध्य विद्यालय दिवानी टोला, प्राथमिक विद्यालय चैखंडी नगर मुंगेर, प्राथमिक विद्यालय शिवनगर, प्राथमिक विद्यालय सीताचरण मुफस्सिल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय टिका रामपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जाफर नगर, उच्च विद्यालय गांधी कुतलुपुइर, प्रा.वि. भगत महतो टोला, प्रा.वि. जयमंडल पासवान टोला, म.वि. भेलवा, प्रा.वि. बैद्यनाथ चै. टोला, म.वि. चमरू सिंह टोला, म.वि. जमीन डिगरी , म.वि. रामसिंह टोला, म.वि. कचहरी टोला, म.वि. शिवराम चौधरी टोला, म.वि. जीवू चौधरी टोला, प्रा.वि. रमायति चौधरी टोला, प्रा.वि. हृदय नारायण चौधरी टोला, प्रा.वि. शिव नगर कुतलुपुर, म.वि. टीकाराम पुर, म.वि. भैयाराम राय टोला, म.वि. जगदीश मंडल टोला, म.वि. मटिहानी, म.वि. इंगलिश शिव टोला, प्रा.वि. बनारसी राय टोला, प्रा.वि. जालीम यादव टोला, प्रा.वि. लालू महतो टोला, प्रा.वि. काजो महतो टोला, प्रा.वि. भीम यादव टोला शामिल है। वहीं बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत म.वि. कुर्मी टोला झौवा बहियार, प्रा. वि. धब्बा टोला झौवा बहियार, प्रा. वि. भेलवा हरिणमार, प्रा.वि. रैता हरिणमार, प्रा.वि. लक्ष्मीपुर हरिणमार, प्रा.वि. मुशहरी झौवा बहियार, म.वि. प्रेमनगर झौवाबहियार, प्रा.वि. बहादुरपुर, प्रा.वि. बहादुरपुर, प्रा. वि. मुड़ला मुशहरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कल्याण टोला, म.वि. अनुसूचित जाति कल्याण टोला, प्रा.वि. काला टोला, प्रा.वि. एकाशी टोला, आदर्श उच्च विद्यालय घोरघट, प्रा.वि. टीकारामपुर रघुनाथपुर, प्रा. वि. अनुसूचित जाति टोला हरिणमार शामिल है। जिलाधिकारी ने उक्त सभी विद्यालयों को बाढ़ के दृष्टिगत तत्काल तीन दिनों के लिए बंद करने के आदेश दिए हैं।

# खतियान के आधार पर दावेदारी सर्वेक्षण कर्मियों की है नजर

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। विशेष भूमि सर्वेक्षण के दौरान खतियान के आधार पर जमीन दावेदारी करने वाले सर्वेक्षण कर्मियों की नजर है।विशेष भूमि सर्वेक्षण से जुड़े अधिकारी ने बताया कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि विशेष भूमि सर्वेक्षण के दौरान कई लोग अपने पूर्वजों के नाम पर मौजूद खतियान के आधार पर जमीन का अपना होने का दावा प्रस्तुत कर रहे हैं। जबकि या तो यह जमीन पूर्वजों के कार्यकाल में ही विभिन्न विकास योजनाओं में सरकार ने अधिग्रहण करते हुए भू-अर्जित किया है। या पूर्वजों के किसी हिस्सेदारी ने किसी अन्य के हाथों बिक्री कर दिया है। ऐसी भूमि को खोज निकालने के लिए सरकारी अधिकारी भू-अर्जन के अभिलेखों को खंगालने में लगे हैं। जिला गठन के पूर्व के भू-अर्जन के सभी अभिलेख मुंगेर जिला मुख्यालय में रखे हुए थे। हालांकि रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज जमुई निबंधन विभाग ने मुंगेर से मंगवा लिया है।पुर्व वर्षो के सर्वे माना जाता है कि जिले के कई इलाकों में नई सड़क का निर्माण किया गया।नागी-नकटी,गढ़ी डैम सहित जिले में कई डैम निर्माण के बाद जिले के विभिन्न गांवों में नहरो की खुदाई की गई थी। अधिग्रहित भूमि की रैयतों ने कायम कर ली जमाबंदी जिस जमीन को पूर्व में अधिग्रहित किया गया है,उक्त भूमि का भी कतिपय रैयतों के वंशजों ने अपने नाम पर जमाबंदी कायम करवा लिया है। ऐसे में जिला प्रशासन इन अभिलेखों को एकत्र करने में जुटा हुआ है। ऐसे में प्रपत्र दो में अपनी जमीन होने का दावा करनेवालों पर भी सरकार की नजर है।

### जीविका दीदीयों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

बरियारपुर (मुंगेर)। जिविका दीदीयों ने अपने दस सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को विरोध प्रर्दशन कर कार्यालय में ताला बन्दी करते हुए प्रवंधन के मनमानी के विरुद्ध ताला जड़ दिया।अपनी दस सूत्री मांग को लेकर जिविका दीदीयों ने कार्यालय में जमा कर हंगामा किया। सभी कार्यकताओं को नियुक्ति सहित पहचान पत्र उपलब्ध करायी जाय। मानदेय कंन्ट्रीव्युशने पर रोक लगाने। सभी जिविका दीदीयों का मानदेय 25 हजार रुपए किये जाने और काम से हटाने की धमकी पर रोक लगाई जाय। सभी कार्यकताओं को क्षेत्र भ्रमण भत्ता 3000 किया जाय। सभी जिविका दीदीयों अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को मानदेय दिया जाय। परियोजना में शामिल तीन साल पुरा करने पर स्थायी किया जाय। महिला कार्यकर्ता को विशेष अवकाश दिया जाय। मज्ञ मातृत्व क्लेम दो लाख रुपये किया जाय। जीविका दीदीयों को कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर 5 लाख रुपये का प्रावधान किया जाय। जिविका कार्यालय के समक्ष जोडदार प्रर्दशन करते हुए कार्यालय मे ताला बन्दी किया।इस अवसर पर सैकडो जिविका दीदीयों उपस्थित रहे।

# शिक्षा सेवक की हाजिरी भी बायोमेट्रिक प्रणाली से बनेगी

## अक्टूबर से मानदेय का भुगतान इसी आधार पर

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षकों की तरह ही शिक्षा सेवक भी अब संबद्ध विद्यालय में उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली से ही बनाएंगे। साथ ही अक्टूबर 2024 से शिक्षा सेवक के मानदेय का भुगतान भी ई-शिक्षा पोर्टल पर दर्ज उपस्थिति के आधार पर किए जाएंगे। दरअसल जिले में महादलित,दलित एवं अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के अंतर्गत शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालिमी मरकज का अपने संबद्ध विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था है।चूंकि अब सरकारी प्रक्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली ई-शिक्षा पोर्टल के माध्यम से दर्ज किए जाने का व्यवस्था की गई है।ऐसी स्थिति में विचारोंपरांत संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों की भांति शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालिमी मरकज की भी बायोमेट्रिक प्रणाली ई-शिक्षा पोर्टल से उपस्थिति दर्ज करने का निर्णय लिया गया है।यह व्यवस्था सितंबर से लागू हो गया है। इस संबंध में निदेशक जनशिक्षा सह अपर सचिव अनिल कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी साक्षरता को निर्देश देते हुए कहा है कि सितंबर से शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालीमी मरकज की उपस्थिति उनके संबद्ध विद्यालय जिसका यू डाइस कोड उन्हें आवंटित है,उसके बायोमेट्रिक प्रणाली ई- शिक्षा पोर्टल के माध्यम से दर्ज करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। शिक्षकों के अनुरूप शिक्षा सेवक एवं शिक्षा सेवक तालीमी मरकज का अक्टूबर 2024 से मानदेय का भुगतान ई-शिक्षा पोर्टल पर दर्ज बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए शिक्षा पदाधिकारी समशुल हौदा ने बताया कि इस संबंध में निर्देश के पालन को लेकर कर्मियों को निर्देशित कर दिया गया है।

# संतान की दीघार्यु के लिए माताओं द्वारा किया जाने वाला पर्व जितिया

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई/सोनो जितिया का पर्व इस वर्ष 25 सितम्बर दिन बुधवार को रखा जाएगा। जीवित्पुत्रिका व्रत यानी कि जितिया व्रत का हिंदू धर्म में खास महत्व माना जाता है। इस व्रत को महिलाएं अपनी संतान की दीघार्यु के लिए रखती हैं। यह व्रत बहुत ही कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। महिलाएं बिना अन्न जल ग्रहण किए इस व्रत को करती हैं और अपनी संतान के बेहतर स्वास्थ्य और सफलता की कामना करती हैं। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत करके भगवान जीमूतवाहन की विधिपूर्वक पूजा करती हैं। आपको बताते हैं जितिया व्रत का महत्व, पूजाविधि, शुभ मुहूर्त और व्रत को रखने के लाभ।जितिया व्रत की तिथि कब से कब तक जितिया व्रत आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि इस बार 24 सितंबर को दोपहर में 12 बजकर 38 मिनट पर लगा जाएगी। उसका समापन 25 सितंबर को दोपहर में 12 बजकर 10 मिनट पर होगा। जितिया का व्रत रखने वाली माताएं 25 सितंबर को पूरे दिन और पूरी रात व्रत रखके अगले दिन यानी कि 26 सितंबर को व्रत का पारण करेंगी। इसका पारण सुबह 4 बजकर 35 मिनट से सुबह 5 बजकर 23 मिनट तक किया जाएगा। जितिया व्रत का महत्त्व जितिया व्रत प्रमुख रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश की कुछ हिस्सों में रखा जाता है। माताएं संतान के लिए निर्जला व्रत करके भगवान जीमूतवाहन की विधि विधान से पूजा करती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से आपकी संतान के ऊपर से हर प्रकार का संकट टल जाता है। इस व्रत को महिलाओं को हर साल करना होता है और बीच में कभी छोड़ा नहीं जाता। जितिया व्रत की पूजा विधि जितिया व्रत के दिन सुबह उठकर स्नान आदि कार्य करने के बाद सूर्य देव की पूजा करें. इसके बाद घर के मंदिर में एक चौकी रखें. उस पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं उसके बाद कपड़े के ऊपर थाली रखें. थाली में सूर्य नारायण की मूर्ति को स्थापित करें और उन्हें दूध से स्नान कराएं. भगवान को दीपक और धूप अर्पित करें। उसके बाद भोग लगाकर आरती करें। इसके बाद मिट्टी या गाय के गोबर से सियार व चील की मूर्ति बनाएं। कुशा से बनी जीमूतवाहन की प्रतिमा की पूजा करें। उन्हें धूप-दीप, फूल और चावल अर्पित करें। हिंदू धर्म में जितिया व्रत बहुत ही लाभकारी और महत्वपूर्ण माना जाता है। इस व्रत को महिलाओं अपनी संतान की लंबी उम्र और उसकी मंगल कामना के लिए करती है। माना जाता है कि इस व्रत को करने से सभी साधक को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिल सकती है। इस दिन व्रत करने के साथ जो माताएं पूजा के दौरान व्रत कथा पढ़ती और सुनती हैं उन्हें कभी भी संतान वियोग नहीं सहना पड़ता हैं।

# भूमि सर्वे में नाम जुड़वाना हुआ आसान

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड में इन दिनों नया सर्वे को लेकर भू स्वामियों में काफी अफरा तफरी मची हुई है।दूर दराज अन्य प्रदेश में रहने वाले लोगों भी अपनी नौकरी छोड़कर या छुट्टी लेकर घर आ रहे हैं। वंशावली को लेकर काफी भ्रांतियां थी इतना ही नहीं कई लोगों का खाता में गलत प्लॉट अन्य लोगों का चढ़ गया है तो कुछ लोगों का अपना सही प्लॉट नंबर नहीं चढ़ा है। ऐसी स्थिति में भू स्वामी बहुत परेशान है।अब उन्हें लग रहा है कि नया सर्वे में अगर यही दस्तावेज दिया गया तो हमें भविष्य में काफी परेशानी होगी। गिद्धौर प्रखंड के सेवा पंचायत सरकार भवन में सर्वे का कार्यालय खुला है। यहां एएसओ,कानूनगो तथा अमीन सर्वे कार्य के लिए प्रतिनियुक्त है। गिद्धौर में पदस्थापित कानूनगो अंकित कुमार ने बताया कि हमारी टीम प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के गांव में जाकर नए सर्वे के लिए लोगों को जानकारी दे रही है। भूस्वामियों को कहा गया है कि इसमें परेशान होने की आवश्यकता नहीं है आपके पास जितने भी सही दस्तावेज है आप वही लेकर आएं। सादा कागज पर वंशावली बनाकर लाएं अगर कोई भूमि से संबंधित जानकारी लेनी हो तो कार्यालय आएं या वेबसाइट पर ही जाकर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। साइबर कैफे में भी जाने की आवश्यकता नहीं है अपने-अपने स्मार्टफोन में बिहार सर्वे को सर्च करें और समस्या का समाधान के लिए ऑनलाइन घर बैठे करें सभी समस्याओं का समाधान संभव है। आपकी सुविधा के लिए हम सब हमेशा तत्पर हैं राजस्व एवं भू- सर्वेक्षण विभाग आपको अधिकतम सहूलियत देने को हमेशा तैयार हैं। आप भू आंकड़ा सही रिकॉर्ड के अनुसार देने का प्रयास करें अन्यथा हम तो गलत रिकॉर्ड को मिलान कर पहचान ही जाएंगे यह सर्वे पुरी पारदर्शिता के तहत होगी। अभी फॉर्म 2 में भरकर लिया जा रहा है जिसमें आपका आधार नंबर वंशावली तथा पुराना रिकॉर्ड अति आवश्यक है।

# बिना रजिस्ट्रेशन ई-रिक्शा के ठहराव से सड़क जाम

प्रात: किरण संवाददाता

असरगंज (मुंगेर)। असरगंज प्रखंड के ई-रिक्शा के डीलरों द्वारा कम दर पर ई-रिक्शा को बेचने के उद्देश्य से बिना रजिस्ट्रेशन इन्श्योरेन्स के ई-रिक्शा का बेचा जा रहा है। परिवहन विभाग के द्वारा रजिस्ट्रेशन नहीं होने से सरकार को रजिस्ट्रेशन से प्राप्त होने वाले राजस्व का नुकसान हो रहा है, साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ही ई-रिक्शा का परिचालन किया जा रहा है। ई-रिक्शा के इन्श्योरेन्स नहीं होने पर दुर्घटना होने पर सवारी व वाहन चालक को किसी प्रकार का आर्थिक सहायता भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे आये दिन ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी को बिना रजिस्ट्रेशन ई-रिक्शा के ऊपर जुमार्ना लगाने की आवश्यकता है। जिससे राजस्व के साथ -साथ चालक अपने दायित्व का निर्वाहन कर परिचालन कर सकें। बाजार हाट के निकट अनावश्यक ठहराव को रोकथाम के बाद ही जाम से निजात मिल पायेगा।

# फर्जी आईपीएस अधिकारी बने युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## मनोज सिंह ने युवक को फर्जी आईपीएस का बर्दी कराया था मुहैया

प्रात: किरण संवाददाता





जमुई : जिले के सिकंदरा थाना इलाके में पुलिस ने एक फर्जी आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ट्रेनी आईपीएस की वर्दी में बाइक पर बाजार में घूम रहा था। युवक का नाम मिथलेश कुमार है जो लखीसराय जिले के हलसी इलाके गोवर्धनबीघा का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जब युवक से पूछताछ की तब पता चला कि उससे 2.3 लाख में नौकरी देने का झांसा दिया गया था। वह 2 लाख रुपये का भुगतान भी कर चुका है। युवक ने बताया है कि खैरा के किसी मनोज नाम के एक शख्स ने उसे वहीं के एक स्कूल परिसर में वर्दी पहना दिया और एक टॉय पिस्टल देते हुए बोला जाओ ड्यूटी जहां लगेगी, उसके बारे में फोन आएगा। फिर युवक मिथिलेश मांझी आईपीएस बैच के साथ पुलिस वर्दी पहनकर बाइक से सिकंदरा चौक पहुंचा। बाइक से युवक को पुलिस वर्दी में घूमते देखा, पुलिस को शक हुआ। उससे पूछताछ की तो वह उसने खुद को आईपीएस अधिकारी बताया। इसके बाद हिरासत में ले उसे सिकंदरा थाना ले जाया गया। जहां पता चला कि वह युवक लखीसराय जिले के हलसी थाना इलाके के गोवर्धनबीघा गांव का रहने वाला है। मात्र मैट्रिक पास है। पुलिस वर्दी में फर्जी आईपीएस अधिकारी बने युवक ने बताया कि वह कुछ दिन पहले खैरा थाना इलाके के पचभुर झरना में नहाने गया था। जहां उसकी मुलाकात मनोज सिंह नाम के एक शख्स से हुई थी। मनोज ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। फिर पुलिस में नौकरी लगवाने के लिए 2.3 लाख रुपये की मांग की। गिरफ्तार युवक मिथिलेश मांझी ने बताया कि नौकरी के लिए उसने अपनी मां से पैसे मांगे। फिर उसने मामा से कर्ज लेकर दो लाख उसे दिये। वहीं रुपये लेकर वह खैरा पहुंचा जहां गुरुवार को मनोज सिंह को रुपया दिया। उसने पुलिस की वर्दी पहनाकर भेज दिया गया और कहा गया कि जाओ तुम्हें ड्यूटी के बारे में फोन आएगा. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

# पीएम आवास हेतु चिन्हित लाभार्थी को मिला स्वीकृति प्रमाण पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

- एक भी लोगों का घर नहीं रहेगा कच्चा सभी को मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ : विधायक प्रणव कुमार



मुंगेर। प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर मंगे आरके राघव की अगुवाई में सदर प्रखंड के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चिन्हित लाभकों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण करने हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार ने किया। वही शिविर में उपस्थित मुंगेर विधायक प्रणव कुमार ने उपस्थित लाभुकों को प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे कार्य के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी तथा उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोगों को बारी-बारी से पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाएगा एक भी लोग कच्चे मकान में नहीं रहेंगे यह माननीय प्रधानमंत्री का कहना है। वही अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर द्वारा भी लाभुक को संबोधित किया गया। वही शिविर में उपस्थित बीपीआरओ एकता कुमारी, पीओ नींबू लाल प्रसाद, नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी पूर्व मुखिया रविंद्र मंडल, श्रीमतपुर पंचायत के मुखिया राबिया इमाम पूर्व मुखिया महफूज आलम उर्फ. खुर्शीद आलम, आवास सहायक राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक सरवन कुमार सहित कई पंचायत के लाभ उपस्थित थे।

# डीआरएम झाझा पहुंचकर विभिन्न रेलवे विभागों का किया निरीक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] दानापुर रेल डीआरएम जयंत कुमार चौधरी अपने विशेष सैलून से झाझा स्टेशन पहुंचा। इस दौरान उन्होनें रेलवे प्लेटफार्म पर साफ- सफाई यात्रियों के लिए सभी तरह की सुविधा आदि का निरीक्षण किया। रेलवे तालाब के सौंदर्यीकरण, रेलवे चांदवारी मैदान की टूटी ग्राउंड, रेलवे की टूटी सड़क पर डीआरएम ने बताया कि प्लानेंट 65 के तहत यह कार्य करवाने का नियम है लेकिन प्लानेंट 65 में यह बजट कम रहती है। अगर फंड में बढ़ोतरी होती है इन सभी कार्यो को पूरा किया जाएगा उसके बाद उन्होनें बालू यार्ड, रनिंग रूम, क्रूलोबी, मेमूकारशेड सहित अन्य कई विभागों का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होनें चालक और उपचालक के लिए पुराने रंनिग रूम के बगल में बने नया रंनिग रूम का उदघाटन भी किया। वंदे भारत के ठहराव को लेकर उन्होनें बताया कि बहुत सारी गाड़िया पहले झाझा नही रूकती थी लेकिन धीरे धीरे रूकने लगी उसी तरह भविष्य में वंदे भारत का भी ठहराव होगा। क्रूलोबी में रनिंग स्टॉफ की जानकारी ली तो वही मेमूकार शेड में उन्होनें मेमू कोच के रख- रखाव आदि का निरीक्षण। पुराने रंनिग रूम में डीआरएम ने रंनिग स्टॉफ को मिलने वाली सभी तरह की सुविधाओं का भी निरीक्षण करते हुए मौजूद पदाधिकारी से जानकारी ली। उन्होनें कहा कि रंनिग रूम में किसी भी प्रकार की कोई समस्या रंनिग स्टॉफ को न हो इसका विशेष ख्याल रखे। निरीक्षण के दौरान बजट के पहले डीआरएम द्वारा दिए गए कई तरह के आश्वासन पर डीआरएम से सवाल मीडियाकर्मी के द्वारा पूछा गया जिसमें सर्वप्रथम अप प्लेटफार्म तक बने फुटओवर ब्रीज के बारे में पूछे जाने पर डीआरएम ने बताया कि बजट लोकेशन आ चुका है प्लानेंट 53 के अनुसार पांच करोड का फंड मेरे पास रहता है ऐसे 20 करोड़ का फंड जीएम के पास होता है। झाझा की सबसे लंबे समय से मांग है कि एफओबी को पूरा किया जाए। इसके लिए हमलोग सकरात्मक कदम उठा रहे है। सेंशन पूरा करने की प्रक्रिया कि जा रही है। उन्होनें बताया कि जून 2025 तक एफओबी का संपूर्ण कार्य कर लिया जाएगा। उन्होनें बताया कि सबसे पहले बालू साइडिंग देखा गया जाकि यहां पर राजस्व का फायदा हो। मौके पर एसएम रविकांत माथुरी, आरपीएफ एसी हरेराम नारायण, आईओडब्ल्यू ओमप्रकाश, सीएचआई गिरीश कुमार, टीआई रवि गुप्ता, आरपीएफ इंस्पेक्टर अनीता कुमारी सहित स्थानीय और दानापुर डिवीजन के अधीनस्थ अधिकारी मौजूद थे।

# अस्पताल से हरी झंडी दिखाकर आईसी वैन को किया गया रवाना



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एलसीडी प्रोग्राम के तहत रेफरल अस्पताल से आईसी वैन को क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। आईसी वैन को हरी झंडी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र, पीएमडब्ल्यू प्रमोद कुमार, लेप्रा सोसायटी के सभी सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएमडब्ल्यू ने बताया 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में कुष्ट रोगी खोजी अभियान के तहत यह वैन क्षेत्र में भ्रमण करेगी और पंचायत में कोई भी कुष्ट रोग से ग्रस्ति है तो उनकी पहचान कि जाएगी और फिर उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया जाएगा। इसके अलावे आईसी वैन में नियुक्त कर्मी लोगों को कुष्ट बीमारी से बचाव के साथ साथ लक्षण के बारे में भी जानकारी करेगे। पीएमडब्ल्यू ने बताया कि इस क्षेत्र में जो भी कुष्ट रोग से ग्रस्ति मरीज जो पुराने है या फिर नया है उन सभी लोगों को अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य से जुड़ी जो भी सुविधा दिया जाता है उन मरीजों को उपलब्ध करवाया जाएगा।

# जमुई एसपी ने झाझा थाना पहुंचकर किया निरीक्षण पुलिस पदाधिकारी को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नव नियुक्त जमुई एसपी चंद्रप्रकाश शुक्रवार को झाझा थाना का निरीक्षण करने के लिए पहुंचा। इस दौरान उन्होनें थाना परिसर, साफ- सफाई का निरीक्षण किया गया। उसके बाद हाजत, कंप्यूटरकक्ष, थाना में जब्त वाहनों का भी जायजा लिया साथ ही साथ उन्होनें अन्य संसाधन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना में लंबित पड़े कांडो, अपराध रजिस्टर आदि की समीक्षा भी किया और जो भी लंबित पड़े कांड थे उस कांडों के निष्पादन जल्द से जल्द करने का आदेश एसएचओ संजय सिंह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी को दिया। इसके अलावे उन्होनें अपराधियों की गिरफ्तारी भी जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरीयादी न लौटे इसका विशेष ख्याल रखे और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समस्या का समाधान त्वरित करे। एसपी ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर भी मौजूद पुलिस पदाधिकारी को हमेशा क्षेत्र में गश्ती करने के लिए कहा। एसपी ने पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने पर भी चर्चा किया। वही बाजार में जाम की स्थिति पर उन्होनें कहा कि यातायात पुलिस की व्यवस्था जल्द ही कि जाएगी ताकि लोगों के सामने जाम की जो स्थिति है उसे दूर किया जा सके इसके अलावे लोगों में यातायात नियमों का पालन करवाने हेतु भी सकरात्मक पहल किया जाएगा।

### प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन में लगाया गया स्वच्छताकर्मी सुरक्षा शिविर

जमुई [ झाझा ] स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वच्छताकर्मी सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत भवन में अस्पताल के सीएचओं के द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के अलावे स्वास्थ्य जांच भी किया गया। अलग अलग जगहों पर आयोजित शिविर में सीएचओ ने ग्रामीणों को बताया कि शरीर में बीमारी से बचाव के लिए सबसे पहले लोगों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। खान पान की सामग्री को अच्छी तरह से धोए और जब भोजन करे तो अपने हाथों को हैंडवॉश, साबुन से हाथों को अच्छी तरह से अवश्य धोए। इसके अलावे अपने आसपास भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। शिविर को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अरूण कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र ने बताया कि इस शिविर का उद्धेश्य यह है कि ग्रामीणों के बीच स्वच्छता को लेकर क्या करना चाहिए उसके बारे में विशेष रूप से जानकारी साझा किया जाए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 21 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### भाजयुमो द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के तत्वावधान में भारतीय जनता युवा मोर्च संगठन जिला रक्सौल के जिलाध्यक्ष पिन्टू गिरी की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम प्रभारी मदन पटेल, सह प्रभारी प्रशांत सूर्यवंशी, राम शर्मा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। मौके पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह व जिला मंत्री मनीष दुबे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कार्यकताओ को शुभकामनाएं भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा, जिला मंत्री राहुल कुमार, सूरज शर्मा, रौनक राज, शिवराज यादव, नितेश कुमार, पिन्टू कुमार एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सरकारी चापाकल में पानी नहीं भरने देने पर बीडीओ को दिया आवेदन

प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर ।प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर वार्ड 15 निवासी डॉ राजेश कुमार गिरि ने सरकारी चापाकल पर अवैध रूप से कब्जा करने व पानी नहीं भरने देने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया है। बताया है कि पड़ोस के ही पेंटर गिरी व अन्य सरकारी चापाकल से पानी पीने से मना करता है। पानी भरने पर गली गलौज व मारपीट भी करता है। यहां तक की सार्वजनिक स्थल शिव मंदिर पर जाने से भी रोकता है।

### दो शराबी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर । थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह से पुलिस ने दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक और जहां पटपारा से अनिल गिरी को गिरफ्तार का रियल भेजा गया है वहीं दूसरी ओर सिंघियाघाट से शमशेर आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उक्त बात की जानकारी थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने दी है।

### मगरदही घाट पर सड़क जाम कर पुलिस से मारपीट ,16 पर एफआईआर दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर । शहर के नीम गली में हुई गोली मारकर हत्या के विरोध में किए गए मगरदही घाट पर सड़क जाम के दौरान पुलिस के समझाने-बुझाने के बावजूद पुलिस टीम के साथ ही गाली-गलौज कर उनके साथ मारपीट करने पर नगर थाना में वार्ड नंबर 24 के मगरदही घाट के विष्णु दयाल प्रसाद के पुत्र विनय कुमार उर्फ बब्लू, बिरेन्द्र पासवान के पुत्र विशाल कुमार, सुरेश साह के पुत्र राजेश कुमार, जठु साह के पुत्र टिंकु साह, बिरेन्द्र कुमार गुप्ता के पुत्र मनीष कुमार गुप्ता, स्व० मनोज चौधरी के पुत्र राहुल कुमार चौधरी, श्याम सुन्दर चौधरी के आदि के नाम है।

# डीएम की जनता दरबार में 98 मामलों की हुई सुनवाई

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समाधान करने का दिया निर्देश

### कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

■ जनता दरबार में आये लोग दिखे संतुष्ट

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन करर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 98 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें मोहन राम, रामायण महतो, सुभाष महतो, धरणीकांत तिवारी, हरेन्द्र प्रसाद, मुन्ना साह, अशोक कुमार गुप्ता, गिरधारी राम, आरती देवी, सुनीता गुप्ता, ब्रजेश प्रसाद, चम्पा देवी, अंबिका प्रसाद, फुलकली देवी, चंदन कुमार, प्रमोद पासवान, अवधेश पांडेय आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एसएसबी के जवानों ने स्कूली बच्चों और अध्यापकों को कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता की शपथ दिलाई

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा।(नसीम खान क्या) ( शुक्रवार को एसएसबी 21 वीं बटालियन के बी कंपनी गंडक बैराज के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सेंटजेवियर्स स्कूल के बच्चे और अध्यापकों को स्वच्छता का सपथ दिलाया गया और सबको अपने घर,आस पड़ोस, सार्वजनिक स्थल व अपने अपने कार्य स्थल में साफ सफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सपथ के मध्यम से सबको बताया गया को हफ्ता में काम से काम 2 घंटे सफाई अभियान में अपना योगदान देना है। इस स्वच्छता अभियान के अवसर पर हुए चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 5 बच्चो को पुरस्कृत किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार पीहू गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार आराध्या राज,तृतीय पुरस्कार समायरा प्रवीण, चौथा पुरस्कार लव सोनी, और पांचवा पुरस्कार जानवी कुमारी को दिया गया।इस मौके पर एसएसबी के तरफ से श्री जयंत बोरा सहायक कमांडेंट, निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल, मुख्य आरक्षी एल टंडन, राज कुमार, रविन्द्र के साथ करीब 20जवान और सेंट जेवियर्स स्कूल वाल्मीकिनगर के प्रधानाध्यापक अमरनाथ सिंह, अंकित,आकाश और अन्य अध्यापकगण के साथ करीब 500 स्कूली बच्चों ने भाग लिया।स्वच्छता का सपथ निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल के द्वारा दिलाया गया।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया जीवन ज्योति हॉस्पिटल का निरीक्षण, पाई गई कई अनिमितता

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा।( नसीम खान क्या ) ।10 बजे पूर्वाह्न में श्री गौरव कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बगहा द्वारा जीवन ज्योति हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में डॉक्टर मोहम्मद तारिक नाजिम वहां पर मौजूद थे। उनके द्वारा बताया गया कि डॉक्टर मोहम्मद तारिक नाजिम एवं डॉ अतुल कुमार राय द्वारा जीवन ज्योति हॉस्पिटल का संचालन किया जाता है जो दोनों डॉक्टर फिजिशियन है। दोनों के पास ऑपरेशन करने का कोई वैद्य सर्टिफिकेट मौजूद नहीं है। फिर भी उन लोगों के द्वारा अस्पताल में मरीजों का यूटरस का ऑपरेशन जाता है। रोगी को उपलब्ध कराए गए पुर्जा में स्पष्ट किया गया है कि वहां पर सभी तरह के ऑपरेशन होता है। यह दोनों डॉक्टर मोहम्मद तारिक नदीम अनुमंडलीय अस्पताल बगहा एवं डॉक्टर अतुल कुमार राय प्राथमिक स्वास्थ्य हरनाटाड़ के अंतर्गत पदस्थापित हैं। इस संबंध में डॉक्टर अशोक कुमार तिवारी उपाधीक्षक ,अनुमंडलीय अस्पताल,बगहा ने बताया कि डॉ मोहम्मद तारिक नदीम के पास ऑपरेशन करने का कोई वैद्य सर्टिफिकेट नहीं है फिर भी वह ऑपरेशन प्राइवेट क्लीनिक खोलकर करते हैं जो नियम विरुद्ध है। उन पर कार्रवाई करने का अनुशंसा किया जा सकता है।

## घर में सो रही नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले बलात्कारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● पूर्व में भी आरोपी बलात्कार के जुर्म में जा चुका है जेल

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम खान क्या) । बगहा पुलिस जिला के वाल्मीकिनगर थानांतर्गत सन्तपुर सोहरिया पंचायत स्थित सन्तपुर गांव में शुक्रवार की बृहस्पतिवार की रात को घर मे सो रही नाबालिग लड़की को जबरदस्ती दुष्कर्म का मामला सामने आया है।पुलिस ने फौरी तौर पर कार्यवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बतादें,वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के संतपुर सोहरिया पंचायत के संतपुर गांव में अपनी बहन के घर आए पूर्व में भी रेप के मामले में जेल की सजा भुगत चुके लौकरिया थाना के बरवा कला गांव निवासी 45 वर्षीय महेंद्र शर्मा ने घर में घुस अकेली सो रही 15 वर्षीय लड़की के साथ मुंह दबा जबरन बलात्कार किया।बलात्कारी महेंद्र शर्मा को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर कार्यवाई करते हुए थाना क्षेत्र के गनौली गांव से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के लिए बेतिया भेज दिया है। बतातें चलें कि नाबालिग के साथ रेप करने के बाद महेंद्र शर्मा कुछ देर गांव में रहने के बाद वहां से फरार हो गया था।

बतादूँ, लड़की के साथ रेप की वारदात के दिन पीड़िता की मां अपनी मायके चली गई थी। बृहस्पतिवार की शाम पीड़िता के पिता गांव में भजन कीर्तन गाने के लिए चले गए थे। उसी का फायदा उठाकर पड़ोस में ही बहन के घर आए महेंद्र शर्मा ने लड़की के साथ रेप कर फरार हो गया। इस मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ ग्रामीणों में काफी रोष देखा गया। ईडीसी अध्यक्ष राजेश काजी, समाजसेवी व किसान नेता केदारनाथ काजी,संतोष काजी, विजय तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को फांसी की सजा देने की न्यायालय से मांग की है।

## डीएम की उपस्थिति में मनाया गया बेटी जन्मोत्सव सम्मान समारोह

प्रातः किरण संवाददाता



मोतिहारी। ज़िला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राधा कृष्णन भवन में बेटी जन्मोत्सव सम्मान समारोह के तहत सदर अनुमंडल के 30 बच्चियों को जन्म देने वाली माताओं को बेबी कीट एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलापदाधिकारी, पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के द्वारा बताया गया कि सरकार की बहुत सारी योजनाएं बेटियों के लिए चलाई जा रही है। आप लोगो को सरकारी योजनाओ के लाभ लेने हेतु जागरूक होना होगा। साथ ही जिलादाधिकारी द्वारा सभी माताओं को बच्चियों को उच्च शिक्षा दिलाने हेतू प्रेरित किया गया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, श्रीमती कविता कुमारी के द्वारा बेटी बचाओ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्य के बारे में बताया गया साथ ही समाज में बेटियों के महत्व के बारे में बताया गया, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के द्वारा समाज में बेटी के जन्म को उत्सव के रुप में सभी के द्वारा मनाने की बात कही गई, बेटी घर की लक्ष्मी होती है, इनके जन्म को उत्सव के रूप में मानना चाहिए। बेटी को सबसे पहले उसके स्वास्थ्य को लेकर भी अभिभावक को जागरूक होने की जरूरत है।

उन्हें उचित पोषण दिया जाए ताकि इनका सही से विकास हो सके और आगे आने वाली पीढ़ी भी स्वास्थ्य एवम शिक्षित हो। जिला मिशन समन्वयक, निधि कुमारी द्वारा माताओं को मिशन शक्ति योजना अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजना यथा पीएमएमवीवाई, वन स्टॉप सेंटर एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कोटवा एवं सदर द्वारा आंगनवाडी केन्द्र अंर्तगत दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे बताया गया। मौके पर जिला परियोजना प्रबंधक, डबल्यूसीडीसी, बीरेंद्र राम एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय के कामरान आलम, अनमोल कुमार, रचना कुमारी, सावन कुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजन को लेकर हुई बैठक

● 27 सितंबर को जिला मुख्यालय के मल्टीपर्पस हॉल में होगा आयोजन

● युवा उत्सव के तहत 13 कलाकृति समूहों में भाग ले सकेंगे प्रतिभागी

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम(रोहतास) जिलाधिकारी उदिता सिंह के आदेशानुसार शुक्रवार को उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 के आयोजन को लेकर बैठक की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी,डीपीओ -आईसीडीएस,नजारत उप समाहर्ता, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन फजलगंज स्थित मल्टीपर्पस हॉल में 27 सितंबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव का मुख्य उद्देश्य उन युवा प्रतिभागियों की खोज करना है जो कला एवं संस्कृति के क्षेत्र बेहतर मुकाम हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और पूरी पारदर्शिता के साथ कलाकारों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव के दिन होने वाले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तरीय महोत्सव में भेजा जाएगा। जिसमें भाग लेने वाले युवा कलाकारों की उम्र सीमा 15 से 29 साल होगी। आवेदक के लिए आवेदन जिला शिक्षा कार्यालय, जिला खेल कार्यालय तथा सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा। सभी प्रतिभागी 21 से लेकर 25 सितंबर की शाम 5 बजे तक अपना आवेदन संबंधित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसमें प्रतिभागी जिन 13 उत्सव समूहों समूह गायन, समूह लोक नृत्य, लघु नाटक, शास्त्रीय नृत्य , कत्थक, ओडिसी, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मणिपुरी,शास्त्रीय गायन,हिंदुस्तानी, कर्नाटकी, शास्त्रीय वादन,सितार, बांसुरी, वीणा वादन, मृदंगम, गिटार,हारमोनियम वादन, वक्तृता, लोकगीत एकल, चित्रकला, हस्तशिल्प, छायाचित्र, मूर्तिकला में भाग ले शामिल हो सकते है।

# जिले में घर-घर होगी कुष्ठ रोगियों की खोज

## चमड़ी पर दाग और सुन्नापन हो तो यह हो सकता है कुष्ठ रोग

■ वर्ष 2030 तक कुष्ठ रोग का जड़ से सफाया करने का है लक्ष्य

■ सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोग का होता है इलाज

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत जिले के सभी 18 प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों पर 19 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर तक आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से कुष्ठ रोगियों की खोज की जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि अभियान के बेहतर संचालन को लेकर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक, स्वास्थ्य उत्प्रेरक एवं पारा मेडिकल वर्कर को अभियान को लेकर पत्र भेजा गया है। आशाओं को भी निर्देश दिया गया है कि घर-घर रोगियों की खोज करें। उन्होंने बताया कि सघन कुष्ठ रोगी खोज अभियान को लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति ने गाइडलाइंस जारी की है।

### जिले में हैं 491 कुष्ठ रोगी

डॉ दीपक कुमार ने बताया कि जिले में अभी 491 कुष्ठ रोगी हैं जिनका इलाज स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ का इलाज संभव है। इसके लिए एमडीटी की टैबलेट ली जाती है। रोगियों को नियमित दवा सेवन की सलाह दी जाती है। कुष्ठ रोग के लक्षण में चमड़ी पर चमड़ी के रंग से फीके या बदरंग दाग धब्बे, जिसमें सुन्नपन हो यानी जिन दागों में खुजली, जलन या चुभन न हो। चेहरे पर लाल, तामिया, तेलिया चमक हो। तंत्रिकाओं में सूजन, मोटापा, हाथ-पैरों में सुन्नपन और सूखापन हो। यह भी कुष्ठ की पहचान है।

### कुष्ठ रोगियों की पहचान गोपनीय रखी जाती है

जांच में कुष्ठ की पुष्टि होने के बाद कुष्ठ रोगियों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। दवा का सेवन नहीं करने वाले मरीज अपंगता का शिकार हो सकते हैं। कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए जिले में सुपरवाइजर के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को भी लगाया गया है। डॉ एनके प्रसाद, जीएमओ लेप्रोसी कंट्रोल यूनिट एवं डॉ दीपक कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग से ग्रस्त व्यक्ति यदि किसी के साथ लंबे समय तक रहता है और वह दूसरे का तौलिया, चादर आदि इस्तेमाल करता है, तो इससे रोग फैलने का खतरा रहता है। श्रमिक वर्ग में इस तरह की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसे में श्रमिकों को इस बात का ध्यान रखना होगा। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता और फैसिलिटेटर अपने पोषक क्षेत्र के सभी घरों में जाकर संभावित लोगों की पहचान कर जांच के लिए पीएचसी या सदर अस्पताल भेजेंगी। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को प्रति कुष्ठ रोगी की खोज पर 200 रुपया प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा।

### कुष्ठ रोग के शुरूआती लक्षण

- शरीर का कोई भी हिस्सा सुन्न होना
- स्पर्श महसूस न होना
- सूई या पिन चुभने जैसा महसूस होना
- वजन कम होना
- शरीर पर फोड़े या लाल व सफेद चकत्ते बनना, जोड़ में दर्द होना
- बाल झड़ना, त्वचा पर पीले रंग के घाव या धब्बे बनना आदि

## ऑनलाइन लॉटरी का किया गया आयोजन




प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। जिला कृषि सभागार, संयुक्त कृषि भवन, छतौनी पूर्वी चम्पारण में कृषि यांत्रिकरण योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृति पत्र निर्गत हेतु ऑनलाईन लॉटरी का आयोजन किया गया। ऑनलाईन लॉटरी का आयोजन यशवंत कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता की अध्यक्षता में किया गया। ऑनलाईन लॉटरी में सामान्य कोटि में 997 स्वीकृति पत्र, अत्यंत पिछड़ा वर्ग में 90 स्वीकृति, अनुसूचित जाति में 66 स्वीकृति पत्र एवं अनुसूचित जनजाति में 02 स्वीकृति पत्र सहित कुल 1155 स्वीकृति पत्र ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से निर्गत किया गया। निर्गत लॉटरी में 75 प्रकार के कृषि यंत्र शामिल हैं। मौके पर सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण द्वारा बताया गया कि उक्त निर्गत स्वीकृति पत्र को संबंधित प्रखंडों में भेजा जायेगा। प्रखंड के कृषि समन्वयक के माध्यम से उक्त स्वीकृति पत्र को संबंधित किसानों को उनके घर पर मुहैया कराया जायेगा। प्राप्त स्वीकृति पत्र के माध्यम से किसान वैधता अनुसार कृषि विभाग में निबंधित प्रतिष्ठान से कृषक अंश कुल कीमत-अनुदान राशि का भुगतान कर यंत्र का क्रय कर सकेंगे।

वहीं जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि कृषि विभाग किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। किसान अपने ईच्छानुसार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर यांत्रिकरण योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी श्री मनीष कुमार सिंह, सहायक निदेशक ‖कृषि अभियंत्रण‖ श्री सुरेंद्र कुमार भारती, सहायक निदेशक (शष्य) प्रक्षेत्र श्री शिवशंभु कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण श्री सुशील कुमार सिंह, सहायक निदेशक ‖रसायन‖ श्री कुणाल कुमार राय, सहायक निदेशक (शष्य) बीज विश्लेषण श्री संतन कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों के कृषि समन्वयक एवं किसान मौजूद थे।

## स्वच्छता-व्रत को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं सभी नगरवासी: गरिमा

■ नगर के लाल बाजार, तीन लालटेन, हजारीमल धर्मशाला रोड, गुरुद्वारा रोड, नोनिया टोली में चला स्वच्छता ही सेवा का अभियान

■ महापौर ने सार्वजनिक सड़क या खाली भूखंड पर कचरा रखने या फेंकने को बताया दंडनीय अपराध

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को महापौर ने अपने नगर पार्षद पति और अन्य के साथ स्वयं झाड़ू लगाया। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में वार्ड 17 अंतर्गत लाल बाजार, तीन लालटेन, हजारीमल धर्मशाला रोड, गुरुद्वारा रोड, नोनिया टोली में व्यापक साफ सफाई की गई। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि सड़क पर कचरा रखना या फेकना दंडनीय अपराध है। इसलिए अपने आसपास महापौर के अलावें स्थानीय नगर पार्षद रोहित कुमार सिकारिया, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर आदित्य मधुकर, पार्षद इंद्रजीत यादव आदि की झाड़ू लगाकर साफ सफाई में अपनी सहभागिता दिखाई। इस मौके पर सबको प्रेरित करते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि ‖स्वच्छता ही सेवा‖ का यह अभियान एक सम्पूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए व्यापक पहल है। जिसका उद्देश्य दैनिक जीवन में स्वच्छता और सफाई के प्रति हम सबको जीवनभर की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करना है।

उन्होंने कहा कि मैं अपने नगर निगम वासियों से अपील करती हूं कि अपने घर या प्रतिष्ठान के निकलने वाला सुखा और गीला कचरा डस्टविन में अलग अलग डालें। मौके पर पार्षद मनोज कुमार, ओबैद अहमद, अधिकारी अशफाक अहमद, अधिकारी अर्पित राय, सफाई निरीक्षक जुलम साह, घारी प्रभारी तबरेज आलम आदि थे।

## परिवार नियोजन कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रचार-प्रसार जरुरी

● निगम क्षेत्रों में आउट रिच कैंप लगाकर करें लोगों के स्वास्थ्य की जाँच : मेयर

● प्रत्येक तीन माह पर हो शहरी समन्वय समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।नगर निगम बेतिया की महापौर गरिमा देवी सिकरिया की अध्यक्षता में सिटी कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रत्येक तीन माह पर शहरी समन्वय समिति की बैठक को महापौर ने लक्ष्य प्राप्ति के हित में अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या की रोकथाम के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा की सिटी कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक लोक प्रशासन से जुड़ी तमाम जिम्मेदारियां के निर्वहन का आधार होती है। प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी स्वास्थ्य सम्बन्धित पूरी जानकारी लेकर समिति की बैठक में पहुंचे ताकि उसकी समीक्षा कर आगे के लिए निर्णय लिया जा सके। महापौर गरिमा देवी सिकरिया ने निगम के नव विस्तारित क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं की आउटरीच कैंप लगाने पर बल दिया, उन्होंने आउटरिच कैंप के माध्यम से लोगों के समय-समय पर स्वास्थ्य की जाँच करने को अनिवार्य बताया। वहीं सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने सिटी मैनेजर से कहा की जीविका समूह की दीदियों से परिवार नियोजन कार्यक्रम के विस्तार एवं प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपेक्षा है।

### आउट रिच कैंप की जगह का निर्धारण हो

एसीएमओ डॉ रमेश चंद्र ने आउट रिच कैंप के जगह निर्धारण हेतु एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास साफ सफाई एवं नालों का ढक्कन लगाने हेतु महापौर से अनुरोध किया। बैठक में आशा एवं सेविका सहायिका को समन्वय बैठक करने हेतु आईसीडीएस के डीपीओ से अनुरोध किया गया। स्वयं सहायता समूह के मासिक बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिभाग किया जाए, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं आउटरीच कैंप में आई एम ए अध्यक्ष से प्राइवेट डॉक्टर की सेवा सहयोग की अपेक्षा किया गया।

बैठक में आईएमए अध्यक्ष एस एन क्यूलियार, जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार चंद्र किशोर, आरबीएसके डीसी रंजन कुमार मिश्रा, पी एस आई इंडिया से प्रताप सिंह कोश्यारी, आईसीडीएस से डीपीओ कविता रानी, प्रियदर्शनी नारायण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग से भी अधिकारीगण उपस्थित हुए।

## ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी प्राप्त कर खुशी से खिल उठे लाभुकों के चेहरे

● जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना सम्बल एवं उज्जवल दृष्टि योजना के तहत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किया ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 30 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल, 03 व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र, 45 वैशाखी एवं वरिष्ठ नागरिकों को 07 चश्मा प्रदान किया।

दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी प्रदान करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इससे आप सभी का जीवनयापन सुदृढ़ होगा। बैट्री चालित ट्राईसाइकिल से एक ओर दिव्यांगजन अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ायेंगे वहीं विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में इसका उपयोग कर अपना भविष्य उज्जवल बनाएंगे।ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी प्राप्त कर लाभुकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभुक मदन सिंह, नदिम आलम, बृजेश महतो, नंदलाल यादव, इजहार अंसारी, नंदलाल यादव, विनेश कुमार आदि ने जिला प्रशासन को तहेदिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन ऐसे ही अन्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को लाभान्वित करते रहे।

सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, श्री ब्रजभूषण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना ‖सम्बल‖ के तहत उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड बेतिया के 11, चनपटिया के 5, मझौलिया के 7 तथा योगापट्टी के 6 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल दिया गया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना ‖सम्बल‖ के तहत ही दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी अन्य सहायक उपकरणों का भी वितरण किया गया, जिसमे 5 श्रवण यन्त्र, 3 व्हील चेयर और 45 वैशाखी का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही विरिष्ठ नागरिकों के लिए समाज कल्याण विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना उज्जवल दृष्टि योजना के तहत भी 7 विरिष्ठ नागरिको निःशुल्क आंख का चश्मा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 30 के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि ग्राम छितनी फोरलेन के पास एक युवक की अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से मौत की सुचना पर दावथ थाने की पुलिस द्वारा घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर सासाराम अंत्यपरीक्षण हेतु भेजा गया। मृतक के बारे में बतलाया गया कि मृत युवक धर्मेंद्र कुमार ग्राम हेनवा, थाना कृष्ण ब्रहमपुर बक्सर का निवासी है। पुलिस मामले में अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है।

### जंगली सुअर ने महिला को किया जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव में जंगली सुअर के हमले से एक महिला के घायल होने की सूचना है। ग्रामीणों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मिजार्पुर गांव के सुकर राजभर की पत्नी को जंगली सुअर ने हमला कर घायल कर दिया है,जिसकी प्राथमिक उपचार के बाद चिंता जनक स्थिति में बेहतर इलाज हेतु परिवार के वाराणसी ले गए हैं।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार के निर्देश पर शराब निर्माण, बिक्री और सेवन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कछवां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में छापेमारी कर 5 लीटर देशी महुआ शराब के साथ इब्राहिमपुर निवासी विवेक कुमार उर्फ लूलू पिता स्वर्गीय दूधेश्वर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध मामला दर्ज कर मेडिकल जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जनसुनवाई में उपभोक्ताओं ने सुनाई समस्या

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी प्रशाखा में विद्युत विपत्र सुधार एवं स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर शिविर का हुआ आयोजन। आयोजित शि-विर मे मुख्यत गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से संबंधित विद्युत विपत्र सुधार कराने हेतु उपभोक्ता ने शिकायत की। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया। जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे। उनका आवेदन पत्र ले लिया गया। जिनका सात दिनों के कार्य दिवस में सुधार कर दिया जाएगा। उक्त शिविर मे उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर संदर्भ मे प्रकाश डालते हुए बताया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी भी भ्रान्ति का शिकार न हो। स्मार्ट मीटर एवं नॉर्मल मीटर दोनों एक जैसा है। कैंप में खराब मीटर वाले उपभोक्ता के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रशाखा एवं अवर प्रमंडल मे शिकायत शिविर लगाई जाती है।

# जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में दो दिवसीय रोजगार मेला 2024 का किया गया उद्घाटन

## भोजपुर जिला के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है: महाप्रबंधक

प्रातः किरण संवाददाता




आरा । स्थानीय जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में दो दिवसीय रोजगार मेला 2024 का भव्य उद्घाटन लाल दास राय, भाई ब्रह्मेश्वर, बी.डी. सिंह, सहित कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन, डॉ.सीपी जैन, डॉ. हर्षित जैन, अरिहन्त एवं सिद्ध बिजय जैन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि स्वरूप पधारे पूर्व विधान पार्षद लाल दास राय ने उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भोजपुर जिला के युवाओं में कुशलता की कमी नहीं है। युवाओं को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए संस्कार के साथ प्लानिंग करते हुए कुशलता के साथ धैर्य रखते हुए काम करना चाहिए।

मौर्या होटल पटना के महाप्रबन्धक बी.डी.सिंह ने युवाओं को कहा कि आप केवल अच्छी और अधिक वेतन वाली नौकरी के लिए ही न रहें, बल्कि जानकारी के लिए काम करें। आज आप जो भी काम करते हैं उसके लिए अच्छा सोंचे साथ ही उंचा सोंचे। प्रबन्धन का सिधान्त बताते हुए कहा कि कोई भी कार्य स्टेप बाई स्टेप करना चाहिए। एक एक सीढ़ी आगे बढ़ना श्रेयष्कर होता है।

भाई ब्रम्हेश्वर ने अपने उद्गार में कहा कि भोजपुर जिला के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। आप अपने मन विश्वास से काम करें, साथही अपने संस्कार और संस्कृति को सर्वोपरि बनाते हुए समाज के लिए अच्छा करते हुए समाज और परिवार का सहारा बनना चाहिए।

मेजर राणा प्रताप ने इस रोजगार मेला की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए। साथही रोजगार प्रदाता कम्पनियों के प्रतिनिधियों से निवेदन किया कि इस जिला के होनहार युवाओं पर विश्वास करते हुए उन्हें मौका अवश्य दें।

युवा उद्यमी अनुराग मिश्रा ने युवाओं को कहा कि समुद्र की तरह आपना काम करें।

जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के चेयरमैन सह हेल्थ एण्ड एजुकेशनल सोसायटी के सचिव डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि इस रोजगार मेला का उद्देश्य रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि देश भर में विभिन्न कम्पनियों को कई प्रकार के विशेषज्ञ कार्यकर्ता की आवश्यकता होती है और कई विशेषता प्राप्त युवा वर्ग जानकारी के अभाव में उनसे सम्पर्क नहीं कर पाते हैं। आज देश में रोजगार की कमी नहीं, युवा वर्ग को सही प्लेटफार्म की आवश्यकता है। ऐसे में हमारा प्रयास होता है कि कार्यकर्ताओं की तलाश कर रही रोजगार प्रदाता कम्पनियों और रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को एक जगह एकत्र किया जाए।

विदित हो कि पिछले वर्ष 2023 में भी यहां रोजगार मेला का आयोजन किया गया था और लगभग 25 कम्पनियों ने भाग लिया, सैकड़ों युवाओं ने आवेदन और साक्षातकार दिया जिनमें से उपस्थित रोजगार प्रदाता कम्पनियों द्वारा ऑन स्पॉट 123 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराते हुए जॉब ऑफर लेटर दिया गया था।

# अवैध रूप से बिजली चोरी में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र में सूत्रों के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता दिनारा के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर गांव सराव एवं अरीला रघुनाथपुर मे पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार के द्वारा बताया गया की जांच दल द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेक र बिपिन बिहारी सिंह पर 11484, प्रभावती देवी पर 16947, शशिकांत सिंह पर 21186 रामजीत राम पर 8164 रुपये जुमार्ना लगाया। है। जो सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए, अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर पूजा कुमारी पर 11844 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। इस आभियान में क्षेत्रीय मानवबल मिस्त्री जितेन्द्र शर्मा, रवि कुमार, कृष्णा सिंह आदि मौजूद थे।

# जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस पर शोषित समाज दल ने किया धरना प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) शोषित समाज दल के नेतृत्व में अमर शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस के अवसर पर काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर आठ सू-त्री मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता शोषित समाज दल के राज्य समिति सदस्य नंदा पासवान व संचालन बिहार राज्य कोषाध्यक्ष वशिष्ठ सिंह ने किया। अपनी मांगो में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य सारी शिक्षा की शुल्क एवं सारे विद्यालय की शिक्षा माफ एवं सामान्य पाठ्यक्रम उद्योग वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं मानवादी हो, अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मनपसंद उम्मीदवार सुनने का अधिकार मिले, राज्य में सर्वे के नाम पर भ्रष्टाचार बंद हो, धान खरीदारी में एम.एस.पी पर करने की व्यवस्था हो, जनसंख्या के अनुपात में सभी जगह सभी को हिस्सा मिले, ऊपर चालक जमीन को सात वर्ष के अंदर बाढ़ एवं सुखाड़ से मुक्त करें, खेती में काम आने वाली सभी सामान को कर मुक्त किया जाए, चुनाव निष्पक्ष एवं भय मुक्त किया और मतदान अनिवार्य किया जाए तथा काम मिले या दाम मूलभूत आवश्यकताओं में रोजी, रोटी पढ़ाई मुक्त हो। मौके पर संजय यादव लोहिया विचार मंच संयोजक, वक्ता विनय पासवान, शिवकुमार पासवान ईआर. विशाल कुमार, डॉ अमन कुमार, राहुल कुमार यादव, समाजसेवी वीरेंद्र सिंह, श्रीभगवान सिंह आदि मौजूद रहे।

# आपदा को अवसर मे न बदले भोजपुर प्रशासन: रजनीश यादव

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । युवा राजद भोजपुर के प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने बड़हरा विधानसभा के विभिन्न सरैया, इटाहना, मिल्की,सिन्हा, कल्याणपुर घाघर, बिन्दटोली सहित दर्जनो गाँव मे जाकर बाढ पिडित से मिलकर हर सम्भव मदद करने का ढांढस बंधाया*।

वही यादव ने कहा की बड़हरा के आम जनमानस का जिना हुआ है हैरान और भोजपुर प्रशासन से कोई अभी तक मदद नही मिला ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और सरकार का असली मुखौटा को दशार्ता है।

वही यादव ने कहा की युवा राजद भोजपुर के टिम बाढ पिडित को हर संभव मदद कर रहा है चाहे वह बड़-हरा का क्षेत्र हो या शाहपुर के इलाका। लेकिन अफसोस कि सरकार या भोजपुर के आलाधिकारी जानते है अगस्त-सितम्बर के माह मे गंगा बढ़ती है लेकिन पहले से कोई इंतजाम नही और बाढ आने पर ढुलमुल रवैया अपनाते है और आपदा के समय को भी अवसर मे भुनाने का प्रयास किया जाता है हमने कल कल्याणपुर मे एक महिला घर जाने के दौरान उनका पैर फिसल गया और गंगा के पानी मे समाहित हो गई मौके पर जाकर प्रशासन को फोन किया और प्रशासन लापरवाही बरती और दो- तिन घंटे बाद आई।

क्या यही है नितीश सरकार का आपदाग्रस्त इलाके मे तैनात सेवाक?

वही यादव ने कहा की हमारे नेता लालू प्रसाद यादव तेजस्वी यादव और जगदानंद बाबूजी बाढ़ग्रस्त इलाके पर नजर टिकाए हुए है और राजद के सिपाही को पिडित को हर संभव मदद करने का निर्देश दिए है।

वही मौके पर रजनीश यादव के साथ युवा राजद भोजपुर के बड़हरा प्रखंड महासचिव विमलेश यादव, जय प्रकाश सिंह, आमोद कुणाल, आशुतोष कुमार सहित अन्य साथी बाढ पिडित को मदद करने के लिए हाथ बटाए।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह मेला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




तिलौथू (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैया के केंद्र संख्या 78 आंगनबाड़ी पर पोषण माह के तहत मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया संजय चौधरी, उप मुखिया अमित कुमार गुप्ता और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुखिया संजय चौधरी ने इस अवसर पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी के माध्यम से सुपोषित समाज का निर्माण किया जा सकता है, जिसमें अन्नप्राशन, गोद भराई, साफ-सफाई, और पौष्टिक भोजन का महत्व है। यह सभी प्रयास स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुमारी ने अपने विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला और लोगों से इनका लाभ उठाने का आग्रह किया। उप मुखिया अमित गुप्ता ने स्वस्थ जच्चा-बच्चा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि बच्चों को जन्म से 6 माह तक स्तनपान कराना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने मोटे अनाज के उपयोग को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया, जो स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक है। अवसर पर गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कंचन कुमारी, कामिनी कुमारी, वार्ड सदस्या तारा मुनि देवी, किरण देवी, अंजू देवी, और अन्य सेविकाएं और सहायिकाएं उपस्थित रहीं। अंत में सही पोषण देश रोशन के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आरा सदर के सलेमपुर रोड स्थित बड़की सनदिया लोहापुल डायवर्सन बाढ़ के पानी से हुआ क्षतिग्रस्त , जगह जगह बने छेद ,दूसरी तरफ भी पानी चढ़ा

प्रातः किरण संवाददाता



आराःआरा सदर प्रखंड अंतर्गत जिला मुख्यालय से मात्र तीन किलोमीटर दूर आरा सलेमपुर रोड स्थित बड़की सनदिया लोहापुल डायवर्सन बाढ़ के पानी से क्षति ग्रस्त हो गया,जगह जगह छिद्र हो गया तथा दुसरी तरफ पानी भी चढ़ गया है। डायवर्सन क्षतिग्रस्त होने पर जैसे ही सूचना लोजपा रामविलास भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान को मिली स्थल पर पहुंचकर सा-री जानकारी मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ,एसडीओ आरा सदर, डीएम भोजपुर महोदय को दी तथा सड़क मार्ग को बंद कर नाव परिचालन या कोई भी विधि सम्मत करवाई करने का अनुरोध किया।जिला पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि संबंधित पदाधिकारी को भेज रहे है। दूसरी तरफ आरा सदर अंचलाधिकारी को जब राजेश्वर पासवान ने सूचना दी तो बोली कि मेरा मामला नही है रोड डिपार्टमेंट से बात से कीजिए ज्यादा बोलिएगा तो आप पर ही पर करवाई करेंगे । राजेश्वर पासवान ने सीओ आरा सदर के इस वक्तव्य से क्षुब्ध है तथा इसकी शिकायत तुरंत डीएम भोजपुर को दी तथा ऐसे सीओ को तत्काल आरा सदर से हटाने का अनुरोध किया।आगे श्री पासवान ने कहा कि जब से आरा सदर सीओ आई है तब से भ्रष्टाचार बढ़ गया जनता की सुख दुख से इनको मतलब नहीं है।सिर्फ ऑफिस में बैठकर फरमान के आलावा कुछ नही करती है। जनता की हित की आवाज उठाने पर अगर मुझ पर करवाई भी होती है तो कोई बात नही, सीओ साहिबा अपना ताकत दिखावे मेरे पास जनता है जिस दिन जनता अपनी ताकत दिखा देंगी उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। हम डरने वाले नही है।जनता की आवाज उठाते रहेंगे,मेरी आवाज को कोई डरा धमकाकर बंद नही कर सकता है। विदित हो कि जब से लोहा पुल बड़की संदिया क्षतिग्रस्त हुया है तब से राजेश्वर पासवान पुल निर्माण की आवाज उठाते रहे है। जून माह में भी अनिश्चित कालीन आरा सलेमपुर रोड जाम होने वाला था लेकिन बिहार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री विजय सिन्हा जो भोजपुर जिला के प्रभारी मंत्री है उनके द्वारा आवश्वाशन देने के बाद सड़क जाम करने का निर्णय वापस ले लिया गया। लोहा पुल निर्माण का टेंडर पुल निर्माण विभाग से 2018 में हुआ था लेकिन अभी तक संवे-दक के उदासीनता के कारण पुल निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जनता में आज भी आक्रोश है।

# महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स के छात्रों के बीच में स्वच्छता छात्र संवाद का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आराःस्वच्छता ही सेवा* कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति भोजपुर के तत्वधान में महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स के छात्रों के बीच में स्वच्छता छात्र संवाद का आयोजन किया गया।इस मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, बी सी ए समन्वयक डॉ शिखा अवस्थी, शिक्षक राघवेन्द्र नारायण, अमरजीत, डॉ अंजू, डॉ अमरेश, डॉ जुगल उपस्थित रहे । जिला परिषद अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा हैं कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह की स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना।,समाज में स्वच्छता की स्थिति में सुधार करना।, कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना।,सार्वजनिक स्थलों और पर्यावरण की स्वच्छता को बनाए रखना।,लोगों को स्वच्छता के लिए जिम्मेदार और सक्रिय बनाना स्वच्छता से संबंधित समस्याओं का समाधान करना। ,स्वच्छता को एक सामाजिक आंदोलन बनाना जिसमें सभी लोग भाग ले सकें।और स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना।यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। समन्वयक डॉक्टर शिखा अवस्थी ने कहा कि जिला गंगा समिति द्वारा स्वच्छता की सेवा के तहत छात्र संवाद एक दूरदर्शी कार्यक्रम है और हम सब जानते हैं कि जिस कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता बढ़ती है वह कार्यक्रम अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है आज इस कार्यक्रम में भाग ले रही सभी छात्राएं स्वच्छता ई सेवा की थीम को अपने व्यवहारिक जीवन में लाने का कार्य करेगी तो यह कार्यक्रम सफल होगा। उन्हीं कार्यक्रम में उपस्थिति सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई और आग्रह किया की आप सभी आपने व्यवहार परिवर्तन में से लाएं।इस कार्यक्रम का संचालन बी सी ए के शिक्षक अमरजीत कुमार, और धन्यवाद ज्ञापन राघवेंद्र नारायण ने किया।

# केंद्र व राज्य सरकार के विरुद्ध खेत मजदूर यूनियन संघ ने किया धरना प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता




कोचस (रोहतास) बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन अंचल कमिटी कोचस द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विशाल धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता कामरेड पूर्णमासी राम ने की। धरना को संबोधित करते हुए करगहर विधानसभा के पूर्व सीपीआई प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में व्यवसायियों से दिन दहाड़े लूट पाट कर हत्या कर दिया जा रहा है। बिहार में जंगल राज कायम हो गया है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाले लोगों के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।दिनदहाड़े बेटियों का अपहरण करके उनके इज्जत से खिलवाड़ किया जा रहा है। पुलिस मुख्य दर्शक बनी हुई। व्यावसायियों की सुरक्षा के लिए सरकार संवेदनशील नहीं है। विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है।पहले एक माह का जो बिल 500 के बदले अब 2000 रुपए आ रहा है। जो सर्वे अभियान 2024 में व्यापक धांधली के साथ लूट खसोट का अड्डा बन गया है। उन्होंने मुख्य मांगों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पेंशन 10000 रु महीना दिया जाए।बिहार सरकार के जमीन पर बसे हुए सभी भूमिहीनों को सर्वे अभियान 2024 में उस जमीन पर खतियान बनाकर पक्का मकान बनाया जाए। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए।सर्वे अभियान 2024 को चालू करने से पहले खाता खतियान खेसरा रकवा मैं गलतियों को सुधार कर एवं सभी कागजों का ऑनलाइन अपडेट किया जाए।अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रिमी लेयर लगाना बंद करो। महंगाई पर रोक लगाओ। धरना को खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव श्रीराम राय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रोहतास जिला कार्यकारिणी के साथी पूर्व प्रमुख कामरेड रघुनाथ सिंह, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के जिला सचिव रवि शंकर पासवान, सीपीआई नेता जगनारायण गुप्ता, राम भरत राम ,राम सुरेश बैठा, उप मुखिया रामसेवक सिंह, सत्यनारायण राम,धर्मेंद्र राम, फुलेंद्र साह ,कृष्ण बिहारी पासवान, वंश नारायण राम, लालमोहर भारती, मुबारक अली, सिकंदर राम इत्यादि ने संबोधित किया।

# एसीएमओ भोजपुर, डॉ केएन सिन्हा द्वारा बाढ़ से ग्रसित क्षेत्र ,शाहपुर प्रखंड के गांवो का किया गया दौरा




प्रातः किरण संवाददाता

आरा :एसीएमओ भोजपुर, डॉ के एन सिन्हा के द्वारा बाढ़ से ग्रसित क्षेत्र ,शाहपुर प्रखंड के गांवो का दौरा किया गया। सबसे पहले डॉ सिन्हा ने उस क्षेत्र में एक रैपिड एक्शन मेडिकल टीम को भेज, जिसमें एम्बुलेंस, दो डॉक्टर और चार एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मी, दवावों के साथ थे। इस टीम ने बताया कि 128 मरीजों को उन लोगों ने देखा। डॉ के एन सिन्हा सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर का निरीक्षण किया ,जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य कुछ चिकित्सा पदाधिकारी तथा कई कर्मी अनुपस्थित थे। सिर्फ दो चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे ।डॉ सिन्हा ने वहां बाढ़ के लिए गठित विशेष रोस्टर चार्ट को देखा एवं बा-ढ़ पीड़ितों के लिए तमाम तैयारियां का जायजा लिया, उपलब्ध दवाइयां का ब्योरा मांगा। वहां पीएचसी शाहपुर में कुत्ते काटने की सुई, सांप काटने की सुई के अलावा सभी तरह के दवा व हैलोजन, क्लोरोफिल गोली उपलब्धि थी। चुने और ब्लीचिंग पाउडर के लिए इन लोगों ने आवेदन किया है। वहां तमाम हिदायते देकर डॉ. सिन्हा बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का दौरा किया. सरना रोड में स्थित भरौली गांव के स्वास्थ्य उपकेंद्र, सबसेंटर ,हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में गए। जहां कोई स्वास्थ्य कर्मी नहीं मिले ।

गार्ड ने बताया कि सभी कर्मी अभी खाने के लिए 1:00 बजे चले गए हैं। फिर सुहिया, बड़का भरौली होते डॉ सिन्हा भरौली स्थित माध्यमिक विद्यालय में गए । वहां चिकित्सा पदाधिकारी तो नहीं आई थी, मगर तीन एएनएम थी। डॉ सिन्हा ने वहां उनके द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य सेवा को जांच की एवं उनकी समस्याओं को जाना तथा मरीजों को और स्वास्थ्य कर्मी को हर सुविधा देने का वादा कि-ए। एसीएमओ डॉ सिन्हा के साथ बर्मन जी, सुधीर सिंह,पंकज यादव , एएनएम मिस मरांडी एवं पवन कुमार ने भी क्षेत्र का दौरा कर सबको मदद की।

# विभागीय बैठक में डीडीसी ने अधिकारियों को चेताया कहा: किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

प्रातः किरण संवाददाता




भोजपुर । उप विकास आयुक्त भोजपुर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति ,भोजपुर की मासिक बैठक संपन्न की गई। इस मासिक बैठक में उप विकास आयुक्त महोदया ने विभिन्न विषयों और पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की जो निम्न है उन्होंने पीएचडी विभाग को निर्देश दिया कि पीएचडी विभाग के द्वारा संचालित हो रहा मौजमपुर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्वालिटी, और मैनेजमेंट की पूरी रिपोर्ट समिति को उपलब्ध कराएंगे। साथी ही साथ गंगा ग्राम के गांव में चौपाल लगाकर आर्सेनिक एवं क्लोराइड विषयों पर जन जागरूकता अभियान चलाना है।

नगर निगम को निर्देशित किया गया की नगर निगम से निकलने वाले नालों की गंदे पानी हेतु इंटरसेक्शन और डायवर्सन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने की आवश्यकता है वही शल्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया की गंगा के जल स्तर घटने के बाद सभी गंगा ग्रामों में ब्लीचिंग पाउ-डर का छिड़काव करे, और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेंगे। मनरेगा को निर्देशित किया गया कि गंगा के तटीय क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधा रोपण कराए ।

कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की जिले के सभी गंगा ग्रामों में जैविक खेती कराई जाए और वर्तमान समय में किन-किन गंगा ग्रामों में जैविक खेती हो रही उसकी सूची समिति को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा की किसी भी विभागीय बैठक में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, समय से नहीं रिपोर्ट देने वाले विभागों पर होगी सख्त कार्रवाई ।इस बैठक में नगर आयुक्त आरा नगर निगम ,निदेशक डी आर डी ए भोजपुर आर्सेनिक शैलय चिकित्स सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, भोजपुर जिला कृषि पदाधिकारी भोजपुर , प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा सह नोडल जिला गंगा समिति भोजपुर और जिला परियोजना अधिकारी ,जिला गंगा समिति, भोजपुर एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, घटना को अंजाम देकर चालक फरार, ट्रक जब्त

प्रातः किरण संवाददाता

शहर के नासरीगंज रोड एसबीआई बैंक व धनगाई काली मंदिर के समीप की घटना

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज शहर के अलग-अलग जगहों पर एक ही दिन गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक किशोरी व एक युवक की हुई मौत,घटना को अंजाम देकर चालक फरार ट्रक जब्त । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोआंव निवासी गोरख कुमार राम अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ शहर के एसबीआई बैंक में पैसा निकालने के लिए आए हुए थे । पैसा निकाल कर जैसे ही श्रीराम अपनी बाइक पर अपनी पत्नी और पुत्री को लेकर बैंक से तेंदुनी चौक की ओर जा रहे थे । उसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही 18 चक्का ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े । आसपास मौजूद लोगों ने जख्मी हालत में शहर के निजी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती कराया ।

### प्रखंड स्तरीय राजद की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्र-खंड क्षेत्र के गोडारी में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए राजद के काराकाट प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता व संचालन प्रखंड के राजद अध्यक्ष हजारी सिंह ने किया । बैठक में मुख्य अतिथि रहें जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर प्रधान, महासचिव राजीव रंजन सिंह राज, परिषद सदस्य राज किशोर सिंह ने लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा दिए गए घड़ी का वितरण किया । इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रखंड अध्यक्ष के साथ सभी पंचायत अध्यक्ष पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में सभी ने संकल्प लिया कि मिशन 2025 में होने वाले विधानसभा में राजद की सरकार बनाना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर प्रधान ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हैं। पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने पंचायत में जाकर बूथ स्तर को मजबूत करें और 17 महीना में तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा की गई की उपलब्धियां को बताएं। इस अवसर पर जिला महासचिव राजीव रंजन सिंह राज ने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर लोगों को इसके फायदे नुकसान के बारे में बताना है। उन्होंने कहा एनडीए सरकार आरक्षण विरोधी है। परिषद सदस्य राज किशोर सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव लेकर पूरे बिहार दौरा पर निकल चुके हैं।

# ओबीसी मोर्चा के पखवाड़ा कार्यक्रम में बच्चों के बीच वितरित किया गया शिक्षण सामग्री



प्रातः किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास) शुक्रवार को ग्राम संझौली के स्लेम बस्ती एवं कोचिंग स्कूल में पाठ्य सामग्री का वितरण भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में किया गया। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा की अंतर्गत किया गया जिसकी अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री नवीन चंद्र शाह ने की। अपने अध्यक्ष भाषण में श्री नवीन शाह ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया तथा सेवा को अपने जीवन का अंग बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय व्यक्ति बताते हुए उनके विकासात्मक कार्य सबके समक्ष रखा। सेवा परमो धर्म को चरितार्थ करते हुए समाज के गरीब शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अनेकों उल्लेखनीय कार्य माननीय प्रधान जी मंत्री जी के नेतृत्व में हो रहे हैं।

ऐसे ही पवित्र उद्देश्य को पूर्ति हेतु पाठ्य पुस्तक का वितरण आप सभी बच्चों बच्चियों के बीच किया गया। आप सभी के सहयोग से प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है वो पूरा होकर रहेगा।

शिक्षकों को भी अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक, महामंत्री अंकित गुप्ता, शिक्षक सोनू सर, रवि जी ,शंकर राज गुप्ता, तारानंद गुप्ता ,संस्कृति प्रकोष्ठ के राकेश शर्मा, पुष्पा पटेल, पूर्व प्राचार्ज नवनीत शाह ,इंद्रदेव चौधरी ,भोला जी, कामदेव बाबू, विद्यार्थी के रूप में सत्य, समीर पटेल, ज्योति, सरस्वती, मनीषा, कविता, संध्या, स्वीटी, दीपा, असुरन, शीतल ,खुशी, काजल, रोशनी, मीणा, रंजू दिव्या, ममता, सोनी , रश्मि ,धरम वीर अभिराज, अंकित, मिथिलेश, लक्ष्मी नारायण इत्यादि अन्य ने भाग लिया। वही कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# जीबीएम कॉलेज में स्टार्टअप बिहार के तहत आउटरीच प्रोग्राम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी एवं अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नगमा शादाब की देखरेख में ह्यस्टार्टअप बिहारह्न के तहत छात्राओं के लिए ह्यआउटरीच प्रोग्रामह्न का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी, डिस्ट्रिक्ट स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर सुशांत कुमार, कार्यक्रम संचालक डॉ. नगमा शादाब, प्रो. अफशाँ सुरैया, नैक समन्वयक डॉ. शगुफ्ता अंसारी, एनसीसी सीटीओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, एनएसएस पदाधिकारी डॉ. प्रियंका कुमारी एवं परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे माँझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। प्रभारी प्रधानाचार्य ने मुख्य वक्ता सुशांत कुमार, इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रोफेसर्स एवं छात्राओं का स्वागत किया है। उन्होंने स्टार्टअप योजना के पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए इसे व्यावसायिक नवाचार का अति लाभप्रद माध्यम बताया है। डॉ. बाउरी ने छात्राओं से कार्यक्रम का यथासंभव लाभ उठाने की गुजारिश की है। मुख्य वक्ता ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्टार्टअप से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से छात्राओं को परिचित कराया है। इसके तहत प्राप्त सुविधाओं को बिन्दुबार समझाया है। छात्राओं ने स्टार्टअप योजना से संबंधित प्रश्न पूछकर कार्यक्रम का लाभ उठाया है। स्टार्टअप इंडिया, भारत सरकार की एक योजना है जिसके तहत देश में स्टार्टअप सपोर्ट हब विकसित किए गये हैं। इस योजना के तहत, महिला उद्यमियों और एससी और एसटी समुदायों के उद्यमियों को ऋण राशि दी जाती है। कॉलेज की पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि मुख्य वक्ता सुशांत कुमार ने छात्राओं को अपनी ओर से इनोवेटिव प्रोजेक्ट का ब्लूप्रिंट तैयार करने का कार्य सौंपा है। छात्राएं अपना स्टार्टअप प्रोजेक्ट डॉ नगमा शादाब के पास जमा करेंगी। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर चयनित छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रोफेसर्स के अलावा प्राची, मुस्कान, रिया, दिव्या, काजल, अन्या, हर्षिता, तान्या, अन्या, श्रेया, आस्था, प्रगति, संजना, रूपाली, श्वेता, प्रीति, अनुष्का, भूमि, लक्ष्मी आदि अनेक छात्राओं की उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शगुफ्ता अंसारी ने किया है।

## गया हवाई अड्डा पर हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

गया। हिंदी पखवाड़ा - 2024 के दौरान गया हवाई अड्डा पर आज ह्यचित्र अभिव्यक्ति प्रतियोगिताह्न का आयोजन किया गया है । इस प्रतियोगिता में गया हवाई अड्डा पर तैनात सभी कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है ।इस प्रतियोगिता में अभिभाषण के दौरान एयरपोर्ट डायरेक्टर बंगजीत साहा ने सभी कार्मिकों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में भाग ले एवं इसका लाभ उठाएं है ।इसके साथ ही उन्होंने सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करें और यह सिलसिला पूरे वर्ष चलता रहे हैं ।प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय, गया से दिवाकर कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा सह सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास आमंत्रित थे । इस प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन एयरपोर्ट डायरेक्टर के मार्गदर्शन में गया हवाई अड्डा के राजभाषा विभाग के प्रभारी अमरेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है।

# मिशन परिवार विकास अभियान के तहत परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता




गया। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 30 सितंबर तक मिशन परिवार विकास अभियान के तहत परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान नवविवाहित दंपतियों को परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी तथा शादी के दो वर्ष बाद पहले संतान तथा दो संतानों के बीच तीन साल के अंतराल रखने की जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को अभियान की औपचारिक शुरूआत की गयी है। शहर के जयप्रकाश नारायण अस्पताल परिसर में बिहार सरकार में मंत्री तथा नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने अभियान का शुभारंभ किया है। नगर विधायक ने इस मौके पर सारथी रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, सीडीओ पंकज कुमार, डॉ एमई हक, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी जय शंकर डीसीएम मनीष कुमार, डॉ जितेंद्र कुमार, अंतत , अमन, डॉ हरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहे हैं। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण की दिशा में मिशन परिवार विकास अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। परिवार नियोजन के विचार को गंभीरता से समझने की जरूरत है। सरकार समाज के सभी वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवा उपलब्ध करान के लिए प्रतिबद्ध है। आगे कहा कि नवविवाहितों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में जानकारी होनी जरूरी है। इसके साथ ही विवाह के दो साल बाद संतानोपत्ति की योजना बनाने पर बल दिया है। आगे कहा कि बिहार में कुल प्रजनन दर को राष्ट्रीय दर के करीब लाना है। परिवार नियोजन ना सिर्फ संतानोपत्ति की योजना बनाने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और मातृ–शिशु मृत्यु दर में कमी भी लाता है। मंत्री ने किया सौभाग्यवती किट वितरणःइस मौके पर डॉ प्रेम कुमार ने 22 आशा कार्यकताओं को नवविवाहित दम्पति के लिए दो साल तक गर्भधारण टालने के लिए सौभाग्यवती किट का भी वितरण किया है। शहरी स्वास्थ्य को लेकर काम करने वाली स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीएसआई इंडिया द्वारा इस सौभाग्यवती किट को तैयार किया गया है जिसमें आधुनिक गर्भनिरोध के साधन उपलब्ध है। इसकी मदद से नवविवाहित दंपति अपनी मर्जी के अनुसार गर्भनिरोध के साधन का उपयोग कर सकते हैं। परिवार नियोजन से जुड़ी राशि में इजाफाः सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन सेवाओ के लिए लाभार्थी को दी जाने वाली प्रोत्साहन या क्षतिपूर्ति राशि में भी वृद्धि की गयी है। अंतरा गर्भनिरोधक सुई के लिए भी लाभार्थी और आशा को प्रति खुराक 100 रुपए दिए जा रहे है। महिला बंध्याकरण के लाभार्थी के लिए 1400 रुपये की राशि अब बढ़ कर दो हजार हो गयी है। पुरुष नसबंदी के लिए दी जाने वाली राशि दो हजार से बढ़कर तीन हजार रुपये हो गयी है। ग्रामीण क्षेत्र के नवविवाहित दंपति को नई पहल किट तथा शहरी क्षेत्र के नवदंपति को सौभाग्वती किट देकर परिवार नियोजन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय सचिव ने अतरी विधानसभा शोकाकुल परिवार से मिले हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन



प्रात : किरण संवाददाता

गया। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह पार्टी के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, अजय कुमार बथानी प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी इरफान, रविंद्र कुमार सिंह, शैलेश चौधरी, संजीव पासवान ,धनंजय कुमार सिंह, सभी लोजपा रामविलास के नेताओं ने आज दिनांक 20 सितंबर दिन शुक्रवार को अतरी विधानसभा क्षेत्र बथानी प्रखंड के बथानी बाजार के निवासी मृतक आशुतोष कुमार गौतम एवं आलोक कुमार के आवास पर पहुंच कर उनके पिता अविनाश कुमार शर्मा से मुलाकात कर उनका हिम्मत बढ़ाया आशुतोष कुमार एवं आलोक कुमार जी का निधन मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में बीते कुछ दिन पहले हो गई थी आशुतोष कुमार गौतम रेलवे में कार्यरत थे। उसके बाद खिजरसराय प्रखंड के साईडीह गांव के मोहम्मद इम्तियाज एवं मोहम्मद समीम दोनों का निधन रोड एक्सीडेंट में हो गई थी उनके आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हिम्मत बढ़ाया है। उसके बाद खिजरसराय प्रखंड के सरवदा गांव के निवासी मृतक पवन कुमार के बड़े भाई रंजीत कुमार गुप्ता से मुलाकात कर उनका हिम्मत और हौसला बढ़ाया है। उसके बाद खिजरसराय प्रखंड के मिलकी गांव के निवासी रोहित कुमार के निधन आहर में डूबने से हो गया था उनके पिता रामाधार प्रसाद से मुलाकात कर उनका भी हौसला और हिम्मत बढ़ाया है। इधर अरविंद कुमार सिंह ने खिजरसराय प्रखंड के सरजू बीघा के निवासी मृतक निशु देवी के पति अनिल कुमार से मिले और निशु देवी के निधन पर शोक व्यक्त किये। उसके बाद मोहड़ा प्रखंड के मोहनपुर गांव के निवासी रामनरेश चौधरी के निधन बीते कुछ दिन पहले हो गया था उनके भी परिवार से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया है। उसके बाद खिजरसराय प्रखंड के पथरा गांव के निवासी अरविंद कुमार कुशवाहा के पुत्र एवं उनके भतीजे का बिजली करंट लगने से बीते कुछ दिन पहले निधन हो गया था आज अरविंद कुमार कुशवाहा से मुलाकात कर उनका भी हिम्मत और हौसला बढ़ाया और मृतक के आत्मा हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया है। इन सभी घटनाओं की जानकारी पाते ही लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह अपने साथियों के साथ सभी मृतक के आवास पर जाकर सभी मृतक के परिजनों से मुलाकात किये और उनका हौसला और हिम्मत बढ़ाने का काम किया ईश्वर से प्रार्थना किया इस सभी मृतक के आत्मा को शांति मिले। इसी दौरान साईडीह गांव के गांव के लोगों ने अरविंद कुमार सिंह से साईडीह गांव के मस्जिद के पास मदरसा बनवाने का मांग किया एवं टेउसा बाजार के लोगों ने भी अरविंद कुमार सिंह से मांग किया कि टेउसा बाजार जाम हो जाता है तो लोगों को समस्या होती है सरकार टेंउसा बाजार में भी बाईपास बनवाने का काम करें। इन दोनों मांगों पर अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मैं अपने नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के समझ इन दोनों मांगों को रखूंगा और मेरा पूरा प्रयास होगा कि यह दोनों मांग पूरा हो।

# जनता दरबार के माध्यम से जिला पदाधिकारी ने 31 परिवादियों के फरियाद को सुना



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 31 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अनियमितता, अतिक्रमण, बंटवारा, मापी, मजदूरी, राशन कार्ड, लाईसेंस, पेयजल, विद्युत विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। रामपुर चौरम थाना स्थित ग्राम सुखी बिगहा निवासी हरिहर सिंह द्वारा बताया गया कि मैं अत्यन्त गरीब परिवार से हूँ तथा मुझे राशन कार्ड की सख्त जरूरत है। मेरी पत्नी की राशन कार्ड में नाम जोड़वाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अरवल को निष्पादन हेतु निदेशित किया गया।अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम चिरैयाटाड़ टोला नोनिया बिगहा निवासी कलंदर सिंह द्वारा बताया गया कि हमारे चुड़ा मिल के उपर से 11 हजार वोल्ट के तार गुजरा है, जिससे खतरा होने की संभावना बनी रहती है। बिजली की तार हटवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, अरवल को निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम गिलारमन गंज के ग्रामिणों द्वारा बताया गया कि परियारी पंचायत के वार्ड नं0-11 में सरकारी योजना के तहत पक्की गली नाली का निर्माण किया गया था। गाँव के ही भरत यादव द्वारा नाली को भरकर अतिक्रमित कर लिया गया है। अतिक्रमण हटवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी करपी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।इसी क्रम में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार से संबधित आज कुल 05 मामलों की सुनवाई हुई जिसमें 01 का निष्पादन किया गया एवं 04 मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री कि 110 वी जयंती मनाई गई



अरवल। महान स्वतंत्रता सेनानी , शिक्षाविद एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री की 110 वीं जयंती के पूर्व संध्या पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय में उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती समारोह श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाई । जयंती समारोह की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । उन्होंने जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री सत्य , ईमानदारी , सरल -- स्वभाव एवं सादगी की प्रतिमूर्ति थे । भोला पासवान शास्त्री की ब्यक्तित्व एवं कृतियों को किसी जाति धर्म ,सम्प्रदाय में बांधकर नहीं रखा जा सकता है , वे ब्यक्ति नहीं विचार थे । बिहार में एक ऐसे मुख्यमंत्री भी थे जिन्होंने तीन बार बिहार की सत्ता संभाली लेकिन सादगी की ऐसी मिशाल शायद ही कोई पेश कर सका । गरीबी को अपनाने से कभी भी परहेज नहीं किया और ईमानदारी की ऐसी इबारत लिख दी जो आज भी कायम है । वे पेड़ के नीचे जन समस्या को निष्पादन करने के लिए आम लोगो के बीच बैठक करते थे और झोपड़ी में सो जाते थे , आज के इस दौर में ऐसे नेता कहां मिलते है , ईमानदारी वो सुबह फिर कभी आयेगी । झोपड़ी में जिए और झोपड़ी में ही जीवन का अंत समय गुजारा । जयंती समारोह में जिला संगठन मंत्री रमेश रमेश रजक , महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिव्या भारती , लेबर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शशि किरण पासवान , जिला संगठन विस्तारक अजय कुमार , जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार , जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला कार्यकारिणी के सदस्य कईल पासवान , सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर बृजा पासवान वंशी प्रखंड अध्यक्ष महावीर पासवान , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , कलेर प्रखंड उपाध्यक्ष अमरनाथ पासवान , बिजेन्द्र कुमार निराला , रंजन कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए ।

## वेद मूर्ति महान साहित्यकार पं श्रीराम शर्मा आचार्य की 113वीं जयंती मनाई गई

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में भारत के महान संत, वेद मूर्ति, तपोनिष्ठ,पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार के नेतृत्व में श्री राम प्रज्ञा मंडल के सदस्यों ने सर्वप्रथम उनके तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन को बाहर से सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा अपने गुरु के आदेश पर गायत्री मंत्र के 24 महापुरश्चरण को पूर्ण किए थे।आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया था और बाल सेना का गठन करके अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। अखिल भारतीय गायत्री परिवार की स्थापना की और पूरे विश्व में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया था। शांतिकुंज हरिद्वार में उन्होंने इसका मुख्यालय बनाया और इसके द्वारा धर्म के प्रचार प्रसार के लिए जन जागृति अभियान चलाई थी। आचार्य विनोबा भावे एवं राधा कृष्णन ने उन्हें वेदमूर्ति की उपाधि दी थी।पंडित श्रीराम शर्मा लिखित अखंड ज्योति पत्रिका आज भी निरंतर प्रकाशित होती है और उन्होंने हजारों किताब की टिकाएं लिखी थी।चारों वेद उपनिषद मीमांसा सभी पुराणों पर उन्होंने टीका लिखकर जन सामान्य के लिए सुलभ बनाया था।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर की बाध्यता खत्म करोः सुबोध यादव

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। बिजली उपभोक्ता संघ अरवल के नेतृत्व में 23 सितम्बर 2024 से अरवल प्रखंड परिसर में सामाजिक न्याय आंदोलन कार्यकर्ता सुबोध यादव के साथ अन्य आंदोलनकारी भूख-हड़ताल पर जा रहें हैं बिजली उपभोक्ता संघ का स्पष्ट कहना है कि स्मार्ट बिजली मीटर की बाध्यता खत्म किया जाए.साथ ही तमाम बकाया व बिजली बिल संबंधी गड़बड़ी को ठीक किया जाए जिन घरों का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है,उन घरों में बिजली आपूर्ति बहाल की जाए.बिजली आपूर्ति करने वाली कम्पनियों और उसके ठेकेदारों की मनमानी पर एकदम से रोक लगनी चाहिए`भूख-हड़ताल, धरना-प्रदर्शन आदि कार्यक्रम के संबंध में अरवल प्रखंड व नगर परिषद क्षेत्र के रसीदपुर, फखरपुर भदासी सहित विभिन्न गांवों और मुहल्लों में मुकेश कुमार के द्वारा लाउडस्पीकर के जरिए प्रचार प्रसार के साथ आंदोलन का पर्चा वितरण किया गया`कलेर प्रखंड में बिजली उपभोक्ता संघ के सचिव नौजवान रीतेश कुमार,कुश पासवान और विवेक कुमार के द्वारा सोहसा , मैनपुरा ,चंदा बाजार,कलेर, बेलसार, मेहंदिया वलिदाद आदि जगहों पर सघन प्रचार अभियान चलाया गया`शनिवार को इमामगंज,करपी, तेलपा,बेलखारा, और कुर्था क्षेत्र में लाउडस्पीकर प्रचार अभियान चलेगा`सामाजिक न्याय आंदोलन कार्यकर्ता सुबोध यादव ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि आंदोलन में सहयोग अपने -अपने घरों में , खेतों में , दुकानों में या अन्य कामों में व्यस्त रहकर नहीं हो पायेगा `जनांदोलन की ताकत तो अपनी उपस्थिति से बढ़ाया जाता है.सड़क के संघर्ष में जनता सड़क पर जब एक साथ उतरती है.तब सदन के हुक्मरान सड़क की आवाज सुनने को बाध्य होते हैं. इसलिए जो भी साथी इस स्मार्ट बिजली मीटर हटाने की लड़ाई में साथ देना चाहते हैं वे अपने साथ अपने गली-मोहल्लों के पीड़ित उपभोक्ताओं को संगठित कर 23 सितम्बर को अरवल प्रखंड परिसर में चल रहे भूख हड़ताल, धरना व प्रदर्शन में शिरकत करें

## अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय में शिक्षक महासंघ ने दिए धरना




गया। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय, गया के शिक्षक संघ द्वारा बिहार राज्य विश्व विद्यालय शिक्षक महासंघ,पटना के आवाह्न पर देशव्यापी आंदोलन की कड़ी में महाविद्यालय परिसर में अंशकालिक धरना प्रदर्शन किया गया है। इस धरना प्रदर्शन की मुख्य मांगो में ओ पीसी, शिक्षा का बजट जीडीपी का 10 प्रतिशत, नवनियुक्त शिक्षकों को यूजीसी मापदंड के अनुसार अग्रिम वेतन वृद्धि,शिशु देखभाल अवकाश नियमावली का सरकार से अनुमोदन, छात्र शिक्षक अनुपात को व्यावहारिक स्तर पर लाने के लिए शिक्षकों के पदों पर भर्ती के साथ-साथ सीबीसीएस 4 ईयर डिग्री कोर्स के सफल संचालन हेतु शिक्षकों के अतिरिक्त पदों का सृजन, शोध कार्य के लिए अतिरिक्त अनुदान,समय पर वेतन आदि।

# पटना में हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग !

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार भी हो रहे हैं, ऐसी परिस्थिति में बांग्लादेश और भारत के बीच क्रिकेट मैचों का आयोजन हिन्दुओं के घावों पर नमक छिड़कने का एक अपमानजनक तरीका है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध होनेवाले अत्याचार बंद होने तक भारत- बांग्लादेश क्रिकेट मैच और बांग्लादेशी कलाकारों के सभी कार्यक्रम रद्द करने की मांग हेतु हिंदू जनजागृति समिति की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री. नरेंद्र मोदी जी को पटना तथा वैशाली में निवेदन सौंपा गया। इस अवसर पर हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं हिन्दुत्वनिष्ठ उपस्थित थे । इस निवेदन की प्रतिलिपि केंद्रीय खेल मंत्री, विदेश मंत्री और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (इउउक) को भी भेजी गई है। इस निवेदन में कहा गया है कि बांग्लादेश के विरुद्ध भारत के दो टेस्ट क्रिकेट मैच और तीन टी20 मैच 19 सितंबर से 12 अक्टूबर 2024 तक भारत में आयोजित किए गए हैं। ये क्रिकेट मैच चेन्नई, कानपुर, ग्वालियर, दिल्ली और हैदराबाद में होंगे। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं। अब तक 230 लोगों की मौत हो चुकी है और बांग्लादेश के 64 में से 52 जिलों में हिन्दू विरोधी हिंसा की घटनाएं हुई हैं। शेख हसीना सरकार के इस्तीफे के बाद हिन्दुओं पर हमले बढ गए हैं। हिंसा विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में अधिक है, जहां हिन्दू समुदाय असुरक्षा के वातावरण में रहता है। हाल ही में उत्सव मंडल नामक हिन्दू नवयुवक की कथित ईशनिंदा के आरोप में जिहादी भीड़ ने सीधे थाने में घुसकर दोनों आंखें निकाल कर कुचल दीं। इस तरह बांग्लादेश में लगातार हिन्दुओं पर हमले, नृशंस हत्याएं दिनदहाड़े हो रही हैं। जैसे अन्य मुस्लिम देश मुस्लिम समुदाय पर किसी भी हमले का कड़ा विरोध करते हैं, वही रुख भारत को हिन्दुओं पर हमलों के विरुद्ध अपनाना चाहिए। बांग्लादेश में कट्टर जिहादी खुलेआम हिन्दुओं को मारेंगे, हिन्दू घरों को जलाएंगे, हिन्दू मंदिरों को तोड़ेंगे, जमीन हड़पेंगे, हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार करेंगे और क्या हमें उनके साथ क्रिकेट मैच खेलना चाहिए ? समिति ने कहा, हम इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे ।

## ए एन कॉलेज प्रभारी प्रधानाचार्य इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

गया। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया में नए प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया है। महाविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने नए प्रभारी प्रधानाचार्य को पुष्प गुच्छ दे कर बधाई दी है। पदभार ग्रहण करने के साथ प्रभारी प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मैं करीब 23 वर्षो से इस महाविद्यालय में कार्यरत होने के कारण महाविद्यालय के सभी समस्याओं से अवगत हूं। मैं पूरी कर्तव्य निष्ठा और क्षमता के अनुसार अपने कार्यभार का निर्वाहन करूंगा। मेरी पहली प्राथमिकता है की विद्यार्थी पठन पाठन हेतु कॉलेज आए साथ ही कॉलेज द्वारा समय समय पर आयोजित को-करिकुलर एक्टिविटीज मे भाग ले।इस अवसर पर डॉ अनंत कुमार सिन्हा, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ नीरज कुमार कमल भौतिकी विभाग, डॉ धनेश्वर राम, डॉ मोहन सिंह, मनोविज्ञान विभाग, डॉ पार्थसार्थी, इतिहास विभाग, डॉ उमा शंकर सिंह, हिंदी विभाग इत्यादि उपस्थित रहे हैं।

## स्थानीय बुनकरो द्वारा उत्पादित वस्त्र के शिविर का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री ने किया : गोपाल पटवा



गया। बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ मानपुर पटवाटोली के बुनकरों द्वारा सीता कुंड गया जी में संचालित शिविर का उदघाटन द्वीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर डॉ प्रेम कुमार मंत्री सहकारिता विभाग एवं वन , पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार द्वारा किया गया है। इस मौके पर बुनकर संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद पटवा संग प्रकाश राम पटवा ने मंत्री का स्थानीय उत्पादित अंगवस्त्र से आत्मीय स्वागत किया गया है। आत्मीय स्वागत से गदगद होकर मंत्री ने कहा गयाजी धाम प्योर कॉटन टी-शर्ट का निर्माण का कार्य किया है इसके लिए हम इनको शुभकामनाएं और बधाई देते हैं। मानपुर सीताकुंड में पिंडदानियों , तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए निरीक्षण करने आए हैं और पटवा के आग्रह पर स्टॉल का उद्घाटन करने आए हैं सभी तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए जिला प्रशासन और राज्य सरकार यूथ हॉस्टल पर पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्ट और तत्पर है पिंडदानी हमारे अतिथि हैं अतिथि देवो भवः के तर्ज पर इनका सेवा अनेक स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किया जा रहा है इस सराहनीय कार्य के लिए सभी स्वयंसेवी संगठनों को शुभकामना देते हैं।

# हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के चौथे दिन कवि एवं लेखक रामकिशोर सिंह के रचना पर संवाद कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के चौथे दिन प्रसिद्ध कवि एवं लेखक, पूर्व प्रधानाध्यापक रामकिशोर सिंह के रचना संसार पर संवाद किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी,संयुक्त सचिव चंदन पाठक, नागेंद्र केसरी के आह्वान पर संवाद करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि रामकिशोर सिंह वीर रस के कवि के रूप में चर्चित रहे हैं।इनकी दर्जन भर साहित्यिक रचनाएं औरंगाबाद जिले का साहित्य के क्षेत्र में मान बढ़ा रही हैं। काव्य, निबंध,नाटक,कहानी सहित विभिन्न विधाओं में इन्होंने अपनी लेखनी चलाई और अपनी लेखनी के माध्यम से पूरे औरंगाबाद जिला का हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान दिलाया।लेखक की प्रकाशित रचनाएं कविता कुंज,नाटक कुंज,सीतायन,देव लहरी ,स्वप्नदान,शहीद मंगल पांडेय,कहानी संग्रह,नमो देव्यै महादेव्यै, हंसगुल्ले,धर्मराज में लेखक ने पाठकों के मन में संवेदना जगाई ।लेखक की रचनाएं लघु जरूरत होती है लेकिन छोटी सी रचना में भी वे गागर में सागर भरने का काम करती हैं।उनकी रचनाओं ने लोगों में हिंदी साहित्य के प्रति दिलचस्पी दिखाई। उनकी रचनाओं ने लोगों को प्रेरित किया। उनके साहित्यिक अवदान हिंदी भाषा को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुए हैं ।आज भी वे रचना धर्मिता में संलग्न है और प्रतिवर्ष कुछ ना कुछ रचनाएं लोगों के सामने जरूर परोसते हैं। और साहित्यिक परिवेश उनकी रचनाओं से लाभान्वित भी होता है उनके कारण हिंदी भाषा का बहुत विकास हुआ है।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय के एम एड विद्यार्थियों का इंटर्नशिप शिक्षाशास्त्र विभाग कॉलेज गया में आरंभ

प्रात : किरण संवाददाता




गया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा पीठ के एम एड तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप शिक्षाशास्त्र विभाग कॉलेज गया में आज से आरंभ हो गया है। जो आगामी 15 दिनों तक चलेगा 17 विद्यार्थियों की सूची शिक्षा विभाग को प्राप्त हुई है. कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्राचार्य गया कॉलेज गया विभाग अध्यक्ष शिक्षण शास्त्र विभाग एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया है ।अपने संबोधन में प्राचार्य गया कॉलेज गया प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि हम तहे दिल से एम एड प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हैं एवं डा धीरज को इस प्रयास के बधाई देता हूँ। यह अत्यंत हर्ष की बात है की दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा पीठ के विद्यार्थी हमारे महाविद्यालय के बी एड के प्रशिक्षुओं से शैक्षणिक आदान-प्रदान को अंजाम देंगे।शिक्षण का पेसा एक अत्यंत गौरवशाली एवं विनम्र में पेसा है और मैं आप सभी भावी शिक्षकों को इस पेसे में आने के लिए बधाई और अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं. विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि इंटर्नशिप का प्रावधान प्रत्येक क्षेत्र के पाठ्यक्रम में इसलिए किया जाता है जिससे कक्षा कक्ष में प्राप्त ज्ञान को विद्यार्थी धरातल पर उतर सके। आप सभी प्रशिक्षु जीवन का आनंद लें और कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक धरातल पर सामंजस स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया को संपादित करें। मैं मानता हूं की इंटर्नशिप प्रशिक्षु जीवन का महापर्व है ।आप इस पूरे इंटर्नशिप के क्रम में संपूर्ण महाविद्यालय प्रक्रिया को समझने का प्रयत्न करे शिक्षण अधिगम के अलावा संस्थान के विभिन्न आयाम एवं प्रशासकीय कार्य वित्तीय कार्यभा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन सह शैक्षणिक गतिविधियां खासकर सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन में भी आपसे सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है ।विभाग अध्यक्ष शिक्षा पीठ दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय डा रवि कांत ने शुभकामनाए प्रेषित की है। इस कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर आर एन प्रियदर्शनी ने कहा कि यह कार्यक्रम दोनों संस्थाओं के बीच परस्पर सहयोग में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर डॉक्टर अभिषेक कुमार डा सदरे आलम अमरेंद्र कुमार अजय शर्मा उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका निखत परवीन ने किया. शिक्षाशास्त्र विभाग के बी एड प्रशिक्षुओं में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला है।

# सब्सिडी भुगतान के मामलों को शीघ्रता से करें निष्पादित: जिलाधिकारी




प्रातः किरण संवाददाता

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति डीएलसीसी एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक आयोजित हुई. जिलाधिकारी द्वारा जिले में बैंकिंग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों योजनाओ की समीक्षा की गई। जिनमें केसीसी जीविका पीएमएसबीएनिधि जेएलजी हाउसिंग आधार से सीडिंग एसआरटीओ आरसीईटीआई के साथ-साथ शिक्षा ऋण, पीएमईजीपी, मुद्रा लोन और पीएमजेडीवाई में प्रगति की समीक्षा की गई उपस्थित अधिकारियों एवं बैकरो को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पीएमईजीपी और पीएमजेडीवाई में वे और भी प्रगति की अपेक्षा रखते हैं।उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति की लगातार समीक्षा की जाएगी।उन्होने उपस्थित विभिन्न बैको के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी बैको को ऋण मुहैया कराने के लक्ष्य को अभियान चलाकर पूरा करना होगा।

उन्होने कहा कि असंतोषजनक प्रगति करने वाले बैंक के प्रति कड़े कदम उठाए जाएंगे. केसीसी की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि कई बार देखा गया है कि केसीसी के आवेदनो को बैंक छोटी वजहों से खारिज कर देते है कोई बड़ी वजह ना होने पर आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए उसका निष्पादन करना सुनिश्चित करे जिलाधिकारी ने कहा कि लाभुकों को सब्सिडी का भुगतान ससमय करें और भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाएं. उन्होंने डेयरी उद्योग और मत्स्य पालन के साथ साथ मखाना उत्पादन में जिले में अपार संभावनाओं की चर्चा करते हुए सभी बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने में उदारता पूर्ण रवैया अपनाने की अपेक्षा की.उक्त बैठक में माननीय खजौली विधायक अरुण शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता शैलेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक गजेंद्र मोहन झा, डीडीएम नाबार्ड प्रशांत, आरबीआई एलडीओ रोहित चौधरी, आरसेटी डायरेक्टर पीयूष पुष्पम, प्रशिक्षु जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमन कुमार आकाश, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी समेत जिले के सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## शिक्षा विभाग: जिले के 1808 स्कूलों में विभिन्न मरम्मत कार्य के लिए खाते में उपलब्ध रहेगी राशि

- सरकारी स्कूलों की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रत्येक स्कूलों को मिलेंगे 50-50 हजार रुपए,जल्द होगा आवंटन

प्रातः किरण संवाददाता

गिद्धौर। सरकारी स्कूलों में अब सभी व्यवस्थाएं अपडेट नजर आएंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग सभी सरकारी स्कूलों को रख-रखाव के लिए जल्द ही 50-50 हजार रुपए आवंटित करेंगे। उक्त राशि का उपयोग विद्यालय में मरम्मती सहित रख-रखाव के अन्य कार्यों में किया जाएगा। शिक्षा विभाग के कार्य योजना के कार्यान्वयन हेतु विभागीय स्वीकृत्यादेश के आलोक में जिलावार राशि आवंटित की गई है। अब यह राशि जिले के 1808 प्राथमिक,मध्य,माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों को भेजी जाएगी। जिसके बाद विद्यालय में विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यालय में विभिन्न रिपेयरिंग वर्क के लिए इन कार्यों के लिए विद्यालय के बैंक खाता में राशि का रहना आवश्यक है। जिससे संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक समय-समय पर विभिन्न रिपेयरिंग वर्क को करा सके। इसके लिए विद्यालय के बैंक खाते में 50,000 रुपए की राशि हमेशा उपलब्ध रहनी चाहिए। विभाग ने निर्णय लिया है कि यह व्यवस्था अनवर जारी रहेगी। विद्यालय को आवंटित राशि खर्च कर उपयोगिता जमा करने के उपरांत पुनःडीईओं द्वारा उतनी राशि विद्यालय खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निरीक्षण के दौरान मरम्मत कार्य नहीं होने की स्थिति में संबंधित विद्यालय प्रधान पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

स्कूलों में इन कार्यों का खर्च होगी राशि शिक्षा विभाग ने विद्यालय रख-रखाव से संबंधित राशि जिले को आवंटित करने के साथ ही उसे खर्च करने के संबंध में विस्तृत गाइडलाइन भी जारी किया है। विभागीय गाइडलाइन के अनुसार सरकारी स्कूलों को उपलब्ध कराई जाने वाली राशि का व्यय बल्ब,पंखा,ट्यूबलाइट,शौचालय एवं नल की मरम्मत पर होगा।वही सबमर्सिबल एवं पाइप,ओवर हेड टैंक,खिड़की,किवाड़ समय-समय पर आवश्यकता अनुसार ब्लैक बोर्ड की रंगाई, बैच डेस्क, टेबल,आलमारी आदि की मरम्मत एवं पेंटिंग,किचन सामग्री (गैस चूल्हा आदि) की मरम्मत भी होगी। प्रयोगशाला उपकरण,क्रय किए गए कंप्यूटर,स्कूल की छत की सभी प्रकार की मरम्मत,टूटे हुए फर्श की मरम्मत,स्कूल के जल-जमाव के निकासी संबंधित कार्य स्कूल परिसर के साफ- सफाई पर भी राशि खत्म होगी।

## जेएसएससी परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के मद्देनजर रांची से भागलपुर एवं रांची से पटना के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 08626/08625 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08626 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल दिनांक 21.09.24 को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी ।वापसी में गाड़ी सं. 08625 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 22.09.2024 को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया एवं जहानाबाद स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 18 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 08624/08623 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08624 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल दिनांक 22.09.24 को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी ।वापसी में गाड़ी सं. 08623 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 23.09.2024 को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी ।अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया एवं जहानाबाद स्टेशनों पर रूकेगी ।इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 13 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

3. गाड़ी सं. 08601/08602 रांची-भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08601 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल दिनांक 21.09.24 को रांची से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.15 बजे भागलपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 08602 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल 22.09.2024 को भागलपुर से 17.35 बजे खुलकर अगले दिन 05.20 बजे रांची पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, जमालपुर, सुलतानगंज स्टेशनों पर रूकेगी ।इस स्पेशल में प्रथम-सह-द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 4 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे ।

4. गाड़ी सं. 08603/08604 रांची-भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08603 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल दिनांक 22.09.24 को रांची से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.15 बजे भागलपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 08604 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल 23.09.2024 को भागलपुर से 17.35 बजे खुलकर अगले दिन 05.20 बजे रांची पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, जमालपुर, सुलतानगंज स्टेशनों पर रूकेगी ।इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे ।

## डीएम द्वारा लोक शिकायत एवं सेवा शिकायत के 19 मामलों की सुनवाई की गई

प्रातः किरण संवाददाता

पटना।जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा आज अपने कार्यालय-कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में तथा बिहार सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली, 2019 के तहत प्रथम अपील में शिकायतों की सुनवाई की गयी और उसका निवारण किया गया। लोक शिकायत निवारण में लापरवाही बरतने के आरोप में दो लोक प्राधिकारों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

डीएम डॉ. सिंह द्वारा आज लोक शिकायत एवं सेवा शिकायत के कुल 19 मामलों की सुनवाई की गई। 12 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया तथा 07 मामलों में अंतरिम आदेश पारित किया गया। कार्यों में शिथिलता तथा जनहित के मामलों में संवेदनहीनता के आरोप में लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, पुनपुन के विरूद्ध 5,000/-रूपया का अर्थदंड लगाते हुए स्पष्टीकरण किया गया। एक अन्य मामले में भूमि सुधार उप समाहर्ता, मसौढी तथा अंचल अधिकारी, पुनपुन से स्पष्टीकरण किया गया।

दरअसल अपीलार्थी श्री राज कुमार पता-बसियावाँ, कल्याणपुर, अंचल-पुनपुन, अनुमंडल-मसौढ़ी, जिला-पटना द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया है। अपीलार्थी की शिकायत ऑनलाइन जमाबंदी के संबंध में है। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि अंचल अधिकारी, पुनपुन द्वारा इस मामले में कोई सकारात्मक, सार्थक एवं ईमानदार प्रयास नहीं किया जा रहा है। उनका प्रतिवेदन भी अस्पष्ट एवं असंतोषजनक है। परिवादी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, मसौढ़ी के समक्ष दिनांक 12.12.2023 को ही परिवाद दायर किया गया था। नौ महीना से अधिक की अवधि बीत जाने के बाद यह मामला अभी भी अंचल अधिकारी, पुनपुन के स्तर पर ही लंबित है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि अंचल अधिकारी, पुनपुन के प्रतिवेदन से ऐसा परिलक्षित होता है कि उन्हें लगभग एक साल में यह पता चल पाया कि परिवादी के ऑफलाइन जमाबंदी पंजी-2 में विवादित लिखा हुआ है। एक साल जाँच करने के बाद अंचलाधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि प्रश्नगत भूमि से संबंधित कोई विवाद नहीं है। अंचलाधिकारी ने दो दिन पहले प्रतिवेदित किया है कि जमाबंदी रैयत के द्वारा खाता, खेसरा, रकवा से संबंधित कागजात के साथ परिमार्जन प्लस के माध्यम से जमाबंदी में सुधार कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है। लोक प्राधिकार का यह व्यवहार लोक शिकायत निवारण की मूल भावना के प्रतिकूल है। उनकी इस कार्यशैली से आवेदक की समस्या का इतने दिनों में भी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यह उनकी स्वेच्छाचारिता, शिथिलता तथा संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। अस्पष्ट प्रतिवेदन देने, लोक शिकायत के मामलों में असंवेदनशीलता प्रदर्शित करने तथा शिकायत निवारण में विलंब के कारण जिलाधिकारी द्वारा लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, पुनपुन के विरूद्ध 5,000/-रूपया का अर्थदंड लगाते हुए उनसे कारण-पृच्छा की गई। साथ ही उन्हें निदेशित किया गया कि सुनवाई की अगली तिथि 25.10.2024 से पूर्व परिवाद का नियमानुसार निवारण करते हुए कृत कार्रवाई प्रतिवेदन के साथ सुनवाई में उपस्थित रहेंगे।

एक अन्य मामले में अपीलार्थी श्री रघुवंश सिंह, ग्राम-पलांकी, थाना-गौरीचक, जिला-पटना द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया है।

## सीबीआई ने नीट यूजी-2024 प्रश्नपत्र लीक मामले में छह आरोपियों के विरुद्ध दूसरा आरोपपत्र किया दायर




प्रातः किरण संवाददाता

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नीट यूजी-2024 प्रश्नपत्र चोरी मामले में छह आरोपियों के विरुद्ध पटना में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दूसरा आरोप पत्र दायर किया। यह आरोप पत्र भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दायर किया गया है, जिनमें धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक न्यास भंग), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्य मिटाना) एवं धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल, जिन्हें सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था एवं उप-प्रधानाचार्य, जिन्हें एनईईटी यूजी-2024 परीक्षा के संचालन हेतु एनटीए द्वारा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया था, के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (वर्ष 2018 में यथा संशोधित ) की धारा 13 (2) के साथ पठित धारा 13 (1) (ए) के तहत मूल आरोप (र४ु२३ंल्ल३५ी उँ१ी२) लगाए गए हैं।

यह दूसरा आरोप पत्र निम्नलिखित छह आरोपियों के विरुद्ध दायर किया गया है: यथा (1) बलदेव कुमार उर्फ चिंटू (2) सनी कुमार (3) डॉ. अहसानुल हक (प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल, हजारीबाग एवं हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर) (4) मोहम्मद इम्तियाज आलम (उप-प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल एवं केंद्र अधीक्षक) (5) जमालुद्दीन उर्फ जमाल ( हजारीबाग के एक समाचार पत्र के रिपोर्टर) तथा (6) अमन कुमार सिंह। सीबीआई ने पूर्व में दिनांक 01-08-2024 को 13 आरोपियों के विरुद्ध पहला आरोप पत्र दायर किया था।

जांच में पता चला है कि ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अहसानुल हक ने नीट यूजी-2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल एवं नीट यूजी-2024 परीक्षा के लिए केंद्र अधीक्षक मोहम्मद इम्तियाज आलम के साथ मिलकर अन्य आरोपियों के साथ नीट यूजी-2024 प्रश्नपत्र चोरी करने का षडयंत्र रचा था।

अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा कर दिया है।

शेष गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में जांच एवं अन्य पहलुओं के संबंध में आगे की जांच जारी है।

## राजगीर और तिलैया तथा राजेन्द्रनगर और गया के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

- 03266/03265 राजगीर-किउल-राजगीर स्पेशल का परिचालन विस्तार 31 दिसंबर, 2024 तक

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । अगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु राजगीर और तिलैया तथा राजेन्द्रनगर और गया के मध्य एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

### परिचालन का विवरण

1. गाड़ी सं. 03322/03321 राजगीर-तिलैया-राजगीर एक्सप्रेस स्पेशल (प्रतिदिन)- गाड़ी सं. 03322 राजगीर-तिलैया एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 21.09.2024 से 31.10.2024 तक प्रतिदिन राजगीर से 10.55 बजे खुलकर 11.13 बजे नटेसर रूकते हुए 12.00 बजे तिलैया पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03321 तिलैया-राजगीर एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 21.09.2024 से 31.10.2024 तक प्रतिदिन तिलैया से 15.20 बजे खुलकर 15.56 बजे नटेसर रूकते हुए 16.30 बजे राजगीर पहुंचेगी । इस स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 13233/13234 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस के रेक द्वारा किया जायेगा अर्थात इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 01 कोच साधारण श्रेणी के 19 कोच तथा एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 23 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 03313/03314 राजेन्द्रनगर-गया-राजेन्द्रनगर एक्सप्रेस स्पेशल (सप्ताह में 05 दिन) - गाड़ी सं. 03313 राजेन्द्रनगर-गया एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 21.09.2024 से 31.10.2024 तक सप्ताह में पांच दिन (रविवार एवं बुधवार को छोड़कर) राजेन्द्रनगर से 21.45 बजे खुलकर 21.55 बजे पटना जं., 22.21 बजे पुनपुन, 22.38 बजे टेहटा, 23.00 जहानाबाद, 23.17 बजे मखदुमपुर गया, 23.31 बजे बेला रूकते हुए 00.40 बजे गया पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03314 गया-राजेन्द्रनगर एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 22.09.2024 से 01.11.2024 तक सप्ताह में पांच दिन (सोमवार एवं गुरूवार को छोड़कर) गया से 04.20 बजे खुलकर 04.35 बजे बेला, 04.47 बजे मखदुमपुर बेला, 05.05 बजे जहानाबाद, 05.24 बजे टेहटा, 05.46 बजे पुनपुन एवं 06.45 बजे पटना जं. रूकते हुए 07.05 बजे राजेन्द्रनगर पहुंचेगी ।

इस स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 13227/13228 सहरसा-राजेन्दनगर-सहरसा इंटरसिटी एक्सप्रेस के रेक द्वारा किया जायेगा अर्थात इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 01 कोच, चेयरकार के 09 कोच एवं साधारण श्रेणी के 08 कोच तथा एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 21 कोच होंगे ।

इसके साथ ही राजगीर और किउल के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 03266/03265 राजगीर-किउल-राजगीर स्पेशल का परिचालन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है । अब यह स्पेशल राजगीर एवं किउल से 31.12.2024 तक प्रतिदिन चलायी जायेगी ।

## स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर ।प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल मैदान के प्रांगण में शहीद शारदे देवेंद्र स्मृति क्लब के 13 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उसे प्रतियोगिता में जिला के अलग-अलग प्रखंडों से आए लगभग 300 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।जिसमें क्लब की ओर से अमित, हरे राम, अंकित सहित 11 छात्र एवं शमा परवीन, खुशबू, आराधना सहित 11 छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही क्लब से अध्ययन कर विभिन्न विभागों में कार्यरत अभ्यर्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम कुमार एवं संचालन एच एन सिंह कर रहे थे। कार्यक्रम को विनय कुमार राय, राजीव रंजन श्रीवास्तव, बीके शर्मा, आदेश शर्मा, निखिल कुमार, तरुण कुमार, अंकित कुमार, कुंदन कुमार, मो साबिर, आफताब आलम, सचिन कुमार आदि ने संबोधित किया।

## पटेल गोलंबर के पास सड़क जाम कर पुलिस पर हमला करने पर 18 लोगों के विरुद्ध एफआईआर

- एक महिला सहित छह गिरफ्तार, आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी हुए थे घायल

प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर। प्रातः किरण संवाददातापुलिस ने शहर के पटेल गोलंबर के पास बीते 19 सितंबर को सड़क जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खराज हकीमाबाद वार्ड नंबर तीन के स्व० मो० समशुल हक के पुत्र मो० समसे आलम, अनबरूल हक के पुत्र मो० अबुलैश अंसारी, मो० समसे के पुत्र मो० साहील व स्व० शमशुल हक के पुत्र मो० नूर आलम एवं चकनूर वार्ड नंबर छह के स्व० मो० अबरार के पुत्र मो० मोइनुलहक, असकार अली की पत्नी रबिया खातुन, खराज हकीमाबाद के मो० मुर्तुजा के पुत्र मो० सोहैल, मो० अजीम के पुत्र मो० आकीब, हशिबुल के पुत्र मो० राजा, मो० अजीम के पुत्र मो० अरमान, नईम अंसारी के पुत्र मो० इफ्तीखार आलम, मो० हुसैन सिद्दीकी के पुत्र मो० आरीफ, मो० नसीर के पुत्र मो० असकर अली, मो० हजीम के पुत्र मो० हकीम, मो० जाफीर नद्याफ के पुत्र मो० तौफिक, मो० नूर आलम के पुत्र मो0 जहुर आलम, हकीमाबाद नवादा के स्व० फूल मोहम्मद के पुत्र मो० सद्भाव तथा मोहनपुर वार्ड नंबर 38 के मो० सउद आलम के पुत्र जैकी आलम व अन्य अज्ञात के विरुद्ध गैर कानूनी रूप से भीड़ जमा कर हिंसा करने, जबरदस्ती लोगों को रोकने, जानबूझ कर चोट पहुंचाने, हत्या का प्रयास, पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाने आदि को लेकर नगर थाना में एफआईआर दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने मो० समसे आलम, मो० अबुलैश अंसारी, मो० साहील, मो० नूर आलम, रबिया खातुन, मो० मोइनुलहक को गिरफ्तार किया है। नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार के बयान के आधार पर दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि हकीमाबाद मामले में असामाजिक तत्वों के भीड़ के द्वारा पटेल गोलम्बर पर जबरन सड़क जाम कर आम लोगों पर ईंट-पत्थर फेंका जा रहा था। सड़क जाम में एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी फंसी हुई थी। उन्हें सदर एसडीओ व एएसपी के द्वारा कई बार समझाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन वह लोग मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद भीड़ उग्र हो गई और जान मारने की नियत से पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। इसमें नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद, एसआई प्रताप कुमार सिंह, एसआई राकेश कुमार शर्मा, एसआई अमर कुमार, एसआई राहुल कुमार रजक, एसआई नितुन कुमार, पीएसआई पम्मी तिवारी एवं अन्य पुलिस कर्मी जख्मी होने लगे। जान माल की रक्षा को देखते हुए पुलिस टीम ने उग्र भीड़ में से एक महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया।

## चौसा के किसानों के लिए तत्काल आरजी मद में 60 करोड़ रुपया अतिरिक्त भुगतान हेतु राशि रिलीज

- नबीनगर सुपर थर्मल पावर में मिल रही सारी सुविधाएं चौसा के प्रभावित किसानों को भी मिलेगा

प्रातः किरण संवाददाता



बक्सर। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार एवं बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के साथ आज ऊर्जा सचिव से मिलकर ज्ञापन सौपा। लंबे विमर्श के बाद कई आदेश और तत्काल आवंटन जारी हुए।

चौसा थर्मल पावर से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के नेता एवं बक्सर सांसद सुधाकर सिंह भारत सरकार के ऊर्जा सचिव से मिले।

यह विदित है कि गत माह 12 अगस्त को भारत सरकार के ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल जब बक्सर और चौसा के दौरे पर आए थे, तब संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार का प्रतिनिधि मंडल उनसे मिला था। तब उन्होंने कहा था कि बक्सर सांसद सुधाकर सिंह का इस मामले में कुछ सुझाव विभाग को मिला है। इस मामले में संभव हो तो सांसद के साथ दिल्ली आकर मिलें।

प्रतिनिधि मंडल से बातचीत का पहला लाभ यह हुआ कि प्रभावित किसानों को अतिरिक्त 60 करोड़ रूपया का आवंटन तत्काल मिला ताकि नवीनगर थर्मल पावर में दी जा रही आर्थिक मदद के अनुरूप भुगतान हो सके। रेलवे और वॉटर कॉरिडोर के नाम पर उपजाऊ जमीन को बर्बाद करने और अधिक से अधिक जमीन की लूट पर रोक लगाने हेतु पुनर्विचार पर सहमति बनी।

चौसा थर्मल से प्रभावित किसानों के सवालों को लेकर भारत सरकार के ऊर्जा सचिव श्री पंकज अग्रवाल से बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह,बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह,भारतीय किसान युनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार एवं चौसा के प्रभावित किसानों के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह (बनारपुर)का एक शिष्टमंडल आज मिलकर चौसा थर्मल पावर निर्माण से प्रभावित किसानों के विभिन्न मांगों को लेकर स्मार-पत्र सौपा। स्मार-पत्र में रेलवे कॉरिडोर और वॉटर कॉरिडोर के नाम पर गंगा पंप नहर से सिंचित उपजाऊ तीन फसला जमीन को हड़पने के लिए फिजूल में बेमतलब जमीन का अधिक से अधिक अधिग्रहण पर रोक। अधिग्रहित जमीन का वर्तमान बाजार दर से चार गुणा मुआवजा और आर एण्ड आर पॉलिसी के तहत किसानों को मिलने वाली राशि की लुट पर रोक लगे। साथ ही अन्य सभी सुविधा की मांग की गई। लंबे वार्ता के बाद आर एण्ड आर पॉलिसी के तहत किसानों की हो रही हकमारी को बंद करने और किसानों को मिल रहे कम भुगतान पर चिंता जाहिर की गई।

चौसा के किसानों के लिए तत्काल 60 करोड़ रूपया अतिरिक्त भुगतान हेतु राशि रिलीज किया गया। जिन किसानों को कम भुगतान हुआ है उन्हें अविलंब डिफर भुगतान का आदेश दिया गया।

अधिग्रहित जमीन का वाजिब मुआवजा और किसानों के उपजाऊ जमीन का कम से कम अधिग्रहण एवं अन्य सुविधा के लिए पटना में बिहार सरकार के राजस्व सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, ऊर्जा सचिव पंकज पाल, चौसा थर्मल के अधिकारी, स्थानीय सांसद एवं किसानों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर किसानों की समस्या के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श कर किसानों की समस्या का स्थाई निदान करने के लिए उपाय ढूंढने पर विचार विमर्श किए जाएंगे।

साथ ही सभी पहलुओ पर विचार कर किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा तथा अन्य सुविधाएं और कम से कम जमीन का अधिग्रहण पर निर्णय लिया जाएगा।

## जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना राजीव मिश्रा द्वारा बाढ़-प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। अधिकारीद्वय ने दीघा पाटीपुल घाट, कुर्जी बिंद टोली घाट सहित आस-पास के क्षेत्रों का दौरा किया; सामुदायिक रसोईघर का संचालन, मेडिकल कैंप, आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था, पशु शेड, चारा व्यवस्था, पशु चिकित्सा जांच, सुरक्षा व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य प्रबंध का निरीक्षण किया तथा प्रभावित लोगों एवं बच्चों से बातचीत किया।जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी के निदेश पर इस इलाके में बाढ़-प्रभावित व्यक्तियों के आवागमन के लिए 17 नाव की व्यवस्था की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर; अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, पटना सदर को नावों के परिचालन में निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ताकि लोगों की सुरक्षा हर-हाल में सुनिश्चित रहे।

जिलाधिकारी के निदेश पर दीघा पाटीपुल घाट पर सामुदायिक रसोईघर का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधा के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया है। पशु शेड, चारा व्यवस्था, पशु चिकित्सा जांच, अस्थायी शौचालय, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सहित सभी प्रबंध किया गया है। कुर्जी बिंद टोली घाट पर भी सामुदायिक रसोईघर का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधा, पशु चारा व्यवस्था एवं चिकित्सा जांच आदि की भी व्यवस्था है।ज़िलाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी को यहाँ डिवाइडर के दक्षिण तरफ शाम तक एक पतला एवं लंबा शेड बनाने का निर्देश दिया गया ताकि लोगों को कोई समस्या न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि पटना ज़िला में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के जल-स्तर में वृद्धि को देखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थिति सामान्य होने तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रतिदिन भ्रमण करने, घाटों एवं ऐसे इलाकों में नियमित निगरानी करने तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन तंत्र पूर्णतः एलर्ट है। अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। इनके द्वारा निर्धारित क्षेत्रों में जाकर लोगों से बात की जा रही है । नदियों के जल-स्तर में वृद्धि के कारण रास्ता में पानी आ गया है तथा टोलों के बीच सम्पर्क भंग हो गया है। आवगमन हेतु नाव ही एकमात्र साधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा एसओपी के अनुसार सामुदायिक रसोईघर, शेड सहित सभी प्रबंध किया गया है। आम जनता को परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है। किसी भी प्रकार की सूचना जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र में क्रियाशील नियंत्रण कक्ष (0612-2210118) में दी जा सकती है।




भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच

# बांग्लादेश 149 पर ढेर

## भारत ने पहली पारी में बनाई 227 रन की बढ़त

## रोहित दूसरी पारी में भी फेल, 5 रन बनाकर लौटे पवेलियन, यशस्वी भी नहीं चले

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 149 रन पर ढेर कर 2 विकेट पर 286 रन की मजबूत बढ़त बना ली थी। बांग्लादेश को 150 से कम पर रोकने में जसप्रीत बुमराह सबसे प्रभावशाली रहे जिन्होंने 50 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं मोहम्मद सिराज, आकाशदीप और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। बांग्लादेश की तरफ से एक मात्र शाकिब अल हसन ने ही सबसे बड़ी पारी खेली जो 32 रन की थी।

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज को पहला मैच चेन्नई में खेला जा रहा है। दूसरे दिन दूसरी पारी में भारत ने 2 विकेट खोकर 47 रन बना लिए हैं। रोहित शर्मा 5 और यशस्वी जायसवाल 10 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल, शुभमन गिल और विराट कोहली क्रीज पर हैं। भारत ने पहली पारी में 227 रन की लीड ली था, अब उसकी बढ़त 274 रन की हो गई है।

इससे पहले रविचंद्रन अश्विन के शतक और रविंद्र जड़ेजा के साथ उनकी 199 रन की साझेदारी के दम पर भारतीय टीम शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन 376 रन पर आउट हो गई। दिन की शुरुआत छह विकेट पर 339 से करने वाले भारत ने केवल 37 रन जोड़कर अपने 4 विकेट गंवा दिए, जिसमें सबसे पहले जडेजा (86) का विकेट गिरा। अश्विन अपनी पारी में और 11 रन जोड़कर 113 रन पर तस्कीन अहमद का शिकार बने। बांग्लादेश के इस तेज गेंदबाज ने दूसरे दिन तीन विकेट झटके जिसमें अश्विन के अलावा जडेजा और आकाश दीप का विकेट शामिल है। युवा तेज गेंदबाज हसन महमूद बांग्लादेश के सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे। उन्होंने 83 रन देकर पांच विकेट लिए।

बंगलादेश ने गुरुवार को टॉस जीतकर टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आज यहां बंगलादेश के कप्तान नजमुल शान्तो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद शान्तो ने कहा कि पिच सख्त नजर आ रही है लेकिन नमी को देखते हुए वह परिस्थिति का फायदा लेना चाहते है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान श्रृंखला के बाद टीम आत्मविश्वास से लबरेज है और उसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह भी टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ही करते। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने अच्छी तैयारी की है। भारतीय टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर हैं। तेज गेंदबाजो में आकाश दीप, बुमराह और सिराज हैं जबकि अश्विन और जडेजा स्पिनर के तौर पर खेल रहे हैं।

# धनुष ने जूनियर वेटलिफ्टिंग विश्व चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

**लियोन (स्पेन) (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने शुक्रवार को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है। इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।



धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने आईडब्ल्यूएफ से कहा, 'जैसे जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था।

वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही। इस टूर्नामेंट में नौ भारतीय भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं।

# हसन महमूद ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## भारत में ऐसा कमाल करने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बने



**चेन्नई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज हसन महमूद ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय धरती पर टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। महमूद के शानदार प्रदर्शन ने चेन्नई में पहले टेस्ट के पहले दिन भारत की बल्लेबाजी को ध्वस्त करने में मदद की जिससे मेजबान टीम दूसरे सत्र में 96/4 पर सिमट गई।

उन्होंने पहले सत्र में जसप्रीत बुमराह को आउट करके और भारत को 376 रनों पर समेटकर दूसरे दिन ऐतिहासिक पांच विकेट पूरे किए। यह बांग्लादेश के तेज गेंदबाज का लगातार दूसरा पांच विकेट था। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश की जीत में भी 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 83 रन देकर 5 विकेट लिए और अपनी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए अपने घुटनों के बल बैठे।

चेन्नई की उमस भरी सुबह में गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए बांग्लादेश ने बादलों से घिरे मौसम का भरपूर फायदा उठाया और महमूद ने कमाल कर दिया। मैच से पहले ज्यादातर ध्यान बांग्लादेश के तेज गेंदबाज़ नाहिद राणा पर था, लेकिन महमूद की सटीक और स्विंग ने भारत को चकनाचूर कर दिया। 5/38 के उनके आंकड़े बांग्लादेश क्रिकेट के लिए करियर के सर्वश्रेष्ठ और ऐतिहासिक उपलब्धि थे।

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर विक्रम राठौर राजस्थान के बैटिंग कोच बने

## बोले- रॉयल्स का हिस्सा होना सौभाग्य की बात, भारत को जिताया था टी-20 वर्ल्डकप

**जयपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व बैटिंग कोच विक्रम राठौर को आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने बल्लेबाजी कोच बनाया है। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में बताया की 55 वर्षीय पूर्व भारतीय ओपनर उनके बैटिंग कोच होंगे। भारत के लिए 6 टेस्ट और 7 वनडे मैच खेल चुके विक्रम राठौर ने राजस्थान रॉयल्स से कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा होना सौभाग्य की बात है। एक बार फिर राहुल के साथ और अब युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने का मौका मिला है। मैं टीम के विजन और रॉयल्स के लिए टॉप क्लास प्लेयर्स बनाने में मदद करूंगा, जो टीम को आईपीएल विजेता बनाने में मददगार होगा।

# तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हासिल की खास उपलब्धि

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 400 विकेट




**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह यह उपलब्धि अपने नाम करने वाले भारत के 10वें गेंदबाज हैं। इसके अलावा बुमराह ऐसे छठे भारतीय तेज गेंदबाज जिन्होंने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे करने की उपलब्धि हासिल की है।

बुमराह ने हसन महमूद को आउट करने के साथ ही अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए। बुमराह ने बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया और 11 ओवर में 50 रन देकर चार विकेट झटके। बुमराह ने घरेलू मैदान पर वापसी कर अपना दम दिखाया और बांग्लादेश की पारी को लड़खड़ा दिया। बुमराह ने पहले ही ओवर में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम को बोल्ड कर पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने मुशफिकुर रहीम, हसन महमूद और तस्कीन अहमद के विकेट झटके।

### कपिल-जहीर की लिस्ट में शामिल हुए बुमराह

बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए 163 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे करने के साथ ही कपिल देव, जहीर खान, ईशांत शर्मा और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे करने की उपलब्धि 227वें पारी में पूरी की।

**भारत के लिए अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज**

| गेंदबाज | विकेट | पारी |
|---|---|---|
| अनिल कुंबले | 953 | 499 |
| रविचंद्रन अश्विन | 744 | 369 |
| हरभजन सिंह | 707 | 442 |
| कपिल देव | 687 | 448 |
| जहीर खान | 597 | 373 |
| रवींद्र जडेजा | 570 | 397 |
| जवागल श्रीनाथ | 551 | 348 |
| मोहम्मद शमी | 448 | 188 |
| ईशांत शर्मा | 434 | 280 |
| जसप्रीत बुमराह | 401* | 227 |

### भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ बने बुमराह

2018 में टेस्ट में डेब्यू करने वाले बुमराह ने लाल गेंद के प्रारूप में भी प्रभाव छोड़ा है। उनकी गिनती फिलहाल दुनिया भर में सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के तौर पर की जाती है। आईपीएल में प्रभाव छोड़ने के बाद शुरुआत में उन्हें सीमित ओवरों का विशेषज्ञ माना जाता था, लेकिन जल्द ही वह टेस्ट क्रिकेट में भारत के महत्वपूर्ण गेंदबाज बनकर उभरे। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह ने चार टेस्ट मैचों में 19 विकेट झटके थे।

इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग 2024

# हरियाणा हरिकेन, राजस्थान रूलर्स और दिल्ली ड्रैगन्स के कप्तान घोषित, जर्सी लॉन्च




**हरियाणा (एजेंसी)।** उद्घाटन इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग -2024 की तीन फ्रेंचाइजी - हरियाणा हरिकेन, राजस्थान रूलर्स और दिल्ली ड्रैगन्स ने अपने कप्तानों की घोषणा करने के साथ टीमों की नई जर्सियां लॉन्च कर दीं। आईपीकेएल सीजन में 4 से 19 अक्टूबर 2024 तक 8 टीमें ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम, पंचकूला में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**और इंतजार नहीं कर सकता...-** आईपीकेएल के ब्रांड एंबेसडर, मनजीत छिल्लर ने कहा कि जर्सी और कप्तान वास्तव में प्रत्येक टीम का सार प्रदर्शित करते हैं। मैं पहले सीजन को लेकर बेहद उत्साहित हूं और मैट पर होने वाले तीव्र मुकाबलों और रोमांचक ड्रामे का और इंतजार नहीं कर सकता। कबड्डी भारत की धरती से निकला खेल है और इसे देश में मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया और बढ़ती लोकप्रियता देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।

### यह बनाए गए कप्तान

हरियाणा हरिकेन की कप्तानी शिव कुमार करेंगे, जो अपनी तेज और शानदार शैली के लिए जाने जाते हैं। टीम ने एक दमदार नई जर्सी का अनावरण किया है जो ताकत और डर का प्रतीक है।

राजस्थान रूलर्स की कप्तानी कपिल नरवाल करेंगे। कपिल के नेतृत्व में, रूलर्स रणनीतिक योजना और उसके सटीक कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दिल्ली ड्रैगन्स ने उद्घाटन सीजन के लिए विकास दहिया को अपना कप्तान नियुक्त किया है। टीम की नई जर्सी, जो स्टाइलिश है, ड्रैगन्स की ऊर्जावान शैली को पूरा करती है।

# श्रीलंका ने महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम की घोषणा की

### करिश्माई ऑलराउंडर चमारी अथापथु को मिली कप्तानी

**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए श्रीलंका की टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रानावीरा को शामिल किया गया है और कप्तानी करिश्माई ऑलराउंडर चमारी अथापथु करेंगी। इनोका को श्रीलंका के विजयी महिला एशिया कप अभियान और उसके बाद आयरलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से बाहर रखा गया था। उन्होंने आखिरी बार श्रीलंका के लिए टी20आई में



महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 में हिस्सा लिया था, जिसे उन्होंने यूएई में जीता था।

श्रीलंका के लिए 82 टी20आई खेलों में इनोका ने 5.86 की इकॉनमी रेट से 91 विकेट लिए हैं। वह अब इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी और कविशा दिलहारी के साथ-साथ चमारी की ऑफ-स्पिन वाली स्पिन-भारी गेंदबाजी लाइनअप में शामिल हो गई हैं। श्रीलंका के लिए उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया और अमा कंचना सीम-गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी।

बल्लेबाजी में चमारी और कविशा के अलावा, विशमी गुणरत्ने और हर्षिता समाविक्रमा पर भी नजरें रहेंगी। श्रीलंका 2024 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ है। वे अपना अभियान 3 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेंगे।

श्रीलंका की टीम - चमारी अथापथु (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता माधवी, नीलाक्षी डी सिल्वा, इनोका राणावीरा, हसीनी परेरा, कविशा दिलहारी, सचिनी निसानसाला, विशमी गुणारत्ने, उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अमा कंचना।

यात्रा रिजर्व - कौशिनी नुथ्यांगना।

# संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी में ठोका शतक, पारी के दौरान लाए 12 चौके और तीन छक्के

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा। शुक्रवार 20 सितंबर को इंडिया बी के खिलाफ इंडिया डी के लिए खेलते हुए उन्होंने 92 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। ??यह सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक था। संजू सैमसन पहले दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं थे, लेकिन ईशान किशन के चोटिल होने के कारण चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम डी में केरल के विकेटकीपर को प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल करना पड़ा। सैमसन ने पहले राउंड में बेंच पर बैठने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन बनाए थे।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान ने तीसरे और अंतिम राउंड में इस मौके का पूरा फायदा उठाया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन ने सुनिश्चित किया कि इंडिया डी बल्ले से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखे। सैमसन ने इंडिया बी की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई के खिलाफ आक्रामक पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए, जिसमें मुकेश कुमार, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, राहुल चाहर और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज शामिल थे।



सैमसन ने सारांश जैन और रिकी भुई के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारी की और आक्रामक भूमिका निभाई। इंडिया डी के शीर्ष तीन बल्लेबाजों देवदत्त पडिक्कल (50), केएस भरत (52) और रिकी भुई (56) ने अर्धशतक जमाए। सैमसन के शतक ने उन्हें पहली पारी में 349 रन के आसान स्कोर तक पहुंचाया।

इंडिया डी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निशांत सिंधु (19) और कप्तान श्रेयस अय्यर (0) जल्दी आउट हो गए। हालांकि, सैमसन ने काउंटर-अटैकिंग पारी खेलकर सुनिश्चित किया कि इंडिया बी के गेंदबाज नियंत्रण न कर लें। सैमसन पहले दिन स्टंप्स तक 89 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने शुक्रवार की सुबह अपना शतक पूरा कर लिया। नवदीप सैनी ने सैमसन को 101 गेंदों में 106 रन पर आउट कर दिया। यह शतक अक्टूबर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले संजू सैमसन के आत्मविश्वास को काफी बढ़ा देगा। 29 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केरल के लिए दमदार प्रदर्शन करके खुद को मैच में बनाए रखना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने बेहद प्रतिस्पर्धी दलीप ट्रॉफी में लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस से होगा महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री, बालासाहेब थोराट का दावा

मुंबई, एजेंसी। आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर खींचतान जारी है। जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने चुनाव से पहले सीएम चेहरे घोषित करने की मांग की है तो वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने इससे साफ इनकार किया है। अब गठबंधन की एक और साथी पार्टी कांग्रेस ने बड़ा ऐलान कर दिया है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने से इनकार करने के बावजूद, कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने गुरुवार को विश्वास व्यक्त किया कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, थोराट ने भयंदर (पश्चिम) में चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी के कोंकण संभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा, मैं सभी से गठबंधन के रूप में लगन से काम करने का आग्रह करता हूं। मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि मुख्यमंत्री महा विकास अघाड़ी से आएगा और कांग्रेस से होगा।

### आशुतोष गोवारिकर निभायेंगे जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका

मुंबई, एजेंसी। सोनी लिव एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर सीरीज ''मनवत मर्डर्स'' की पेशकश के लिये तैयार है। इसमें उन सबसे भयानक ऐतिहासिक घटनाओं में से एक का खुलासा होगा, जिन्होंने 70 के दशक में देश को झकझोर दिया था। आशीष बेंडे द्वारा निर्देशित इस शो में आशुतोष गोवारिकर ने सीआईडी के एक बेहतरीन जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाई है। कुलकर्णी को भारत का शेरलॉक होम्स भी कहा जाता है। इस नये तरीके की भूमिका में गोवारिकर का अनोखा अंदाज़ दिखेगा, क्योंकि वे बिल्कुल शांत रहेंगे, लेकिन उनकी सोच की कोई सीमा न होगी। उनके किरदार में अटूट समर्पण, दृढ़ता और वह विशेषज्ञता होगी, जिसकी जरूरत इतिहास के सबसे पेचीदा मामलों में से एक को सुलझाने के लिये थी। सीरीज में वह 1970 के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र में हुई अजीबोगरीब हत्याओं की गुत्थी सुलझाने की कोशिश करेंगे। इस कोशिश में उन्हें समय को भी मात देनी होगी। रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाने को लेकर आशुतोष गोवारिकर ने कहा, ''इसे मैं अपने लिये बड़ा सौभाग्य मान रहा हूँ कि मुझे श्री रामाकांत एस. कुलकर्णी का किरदार निभाने के लिये चुना गया है। वह बॉम्बे सीआईडी के पुलिस ऑफिसर थे, जिनके बारे में आज के दर्शकों को बताया ही जाना चाहिये। उन्होंने ऐसे कई मामले सुलझाये, जो अन्यथा अनसुलझे ही रह जाते।

### अब संदीप घोष की डॉक्टरी पर भी संकट, नहीं कर पाएंगे इलाज, छिन गया लाइसेंस

कोलकाता, एजेंसी। कोलकाता आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल से जुड़ी जांच की आंच का सामना कर रहे पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गुरुवार को एक और झटका लगा है। खबर है कि उनका मेडिकल प्रैक्टिस का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। खास बात है कि किसी चिकित्सक को मरीज के इलाज के लिए लाइसेंस की जरूरत भी होती है। पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घोष, आरजीकर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलें में इस समय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी की तरफ से तैयार की जाने वाली रजिस्टर्ड डॉक्टरों की सूची से घोष का नाम हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि घोष का लाइसेंस बंगाल चिकित्सा अधिनियम 1914 के विभिन्न प्रावधानों के तहत रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि घोष ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं और बिना लाइसेंस वह इलाज नहीं कर सकेंगे। घोष को दो सितंबर को सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के मामले में गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी ड्यूटी पर तैनात महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के विरोध के बाद हुई।

# मंत्री पर विवादित बयान पर भाजपा विधायक को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने भाजपा के विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि आप किसी को हाफ पाकिस्तानी कैसे कह सकते हैं। अदालत ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव को लेकर की गई टिप्पणी पर यह बात कही। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने मंत्री दिनेश गुंडू राव को हाफ पाकिस्तानी कहा था क्योंकि उनकी पत्नी मुस्लिम हैं। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी टिप्पणी तो देश के सारे मुस्लिम समुदाय को ही पाकिस्तानी घोषित करने वाली हुई, जबकि वे भारत में रहते हैं और उसे अपनी मातृभूमि मानते हैं।

जज ने कहा, यह क्या है? सिर्फ इसलिए कि उन्होंने मुस्लिम से शादी की है और आप उन्हें हाफ पाकिस्तानी कहेंगे? आप कैसे किसी को ऐसा कह



सकते हैं? क्या आपके दिमाग में जो भी आएगा, वह बोल सकते हैं? आप किसी भी समुदाय के बारे में ऐसी बात नहीं कर सकते। वे यहीं रहते हैं। इस पर भाजपा विधायक यतनाल के वकील वेंकटेश दलवई ने कहा कि उन्होंने अगले ही दिन सफाई दी थी। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी बातें आजकल आम हो गई हैं। जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा, यह अच्छी बात नहीं है। हर दिन ऐसे बयान सुनने को मिलते हैं। जज ने कहा कि आखिर विधायक ने इस तरह का पर्सनल अटैक क्यों किया।

उन्होंने कहा कि आखिर आपने इस तरह निजी अटैक क्यों किया। हम इस पर रोक नहीं लगाएंगे। आपको ट्रायल कोर्ट में पेश होना होगा। दरअसल विधायक के बयान के खिलाफ मंत्री ने केस दर्ज कराया है और उसे रद्द कराने के लिए विधायक हाई कोर्ट पहुंचे थे। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने उन्हें जमकर सुनाया और ट्रायल कोर्ट में सुनवाई का सामना करने का आदेश दिया। यह बयान लोकसभा चुनाव के दौरान का है। उन्होंने कहा था कि दिनेश गुंडू राव के घर में ही एक पाकिस्तान है। इसलिए राष्ट्र विरोधी बयान देने की उनकी आदत हो गई है।

इस मामले का संज्ञान बेंगलुरु की अदालत ने लिया था और उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दर्ज करने का आदेश दिया था। अधिवक्ता दलवई ने कहा कि अदालत को इस तरह से संज्ञान नहीं लेना चाहिए और केस को खत्म किया जाना चाहिए। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि हम अदालत से कहेंगे कि केस को यदि खत्म किया जा सके तो कर दें, लेकिन हम स्टे का आदेश नहीं देंगे। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आजकल इजाफा देखने को मिल रहा है।

## मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले: अमित शाह

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह ने मोदी 3.0 के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के रिपोर्ट कार्ड पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले 100 दिन हैं। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गईं, मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत दी गई और किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। मोदी 3.0 के शुरुआती 100 दिन हर वर्ग को समाहित कर विकास व गरीब कल्याण के अद्भुत समन्वय के रहे हैं। एक छोटे से गरीब परिवार में जन्म लेने वाले मोदी जी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बन कर इतिहास रच चुके हैं। लगातार 10 साल तक भारत के विकास को समर्पित, भारत की सुरक्षा को समर्पित और भारत के गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार चलाने के बाद देश की जनता ने एक बार फिर मोदी सरकार को अपना जनादेश दिया। देश की जनता का यह जनादेश बताता है कि लोग मोदी जी के नेतृत्व पर किस कदर भरोसा करते हैं। 60 साल के बाद पहली बार कोई एक नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। 60 साल के बाद पहली बार देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। नीतियों की दिशा, नीतियों की गति और नीतियों को क्रियान्वयन करने की सटीकता को 10 साल तक बरकरार रखकर 11वें साल में प्रवेश करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस बात को मानने से कोई गुरेज नहीं है कि बीते 10 साल में मोदी जी ने देश की बाहरी सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और रक्षा प्रणाली को मज़बूत कर एक सुरक्षित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी जी के मेक इन इंडिया के तहत आज पूरी दुनिया में भारत उत्पादन का केंद्र बन चुका है। मोदी जी के डिजिटल इंडिया की योजना को दुनिया के कई देश अपने विकास का आधार बनाना चाहते हैं।

# जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने छात्रा को उतारा मौत के घाट, सरेराह मार दी गोली

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद के कैलादेवी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात जेल से जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने सरेराह पीड़ित छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब छात्रा मां और भाई के साथ बाइक से घर जा रही थी। हत्यारोपी अपने मामा के साथ कार से पहुंचा और बाइक रुकवाने के बाद छात्रा पर एक के बाद एक दो गोलियां दाग दीं। छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी फरार हो गए।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामा-भांजे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने वारदात के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई हैं। मूलरूप से संभल क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण वर्तमान में परिवार के कुछ सदस्यों के साथ गाजियाबाद के एक गांव में रहते हैं। उनकी 14 वर्षीय बेटी गाजियाबाद के ही एक निजी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी।

बुधवार शाम वह अपनी मां के साथ गाजियाबाद से संभल स्थित एक गांव में अपने घर आने के लिए निजी बस से चली। दोनों मां- बेटी देर शाम आठ बजे गांव में बस से उतरीं। तेज बारिश के कारण दोनों टिनशेड के नीचे खड़ी हो गईं। बाद में छात्रा का भाई बाइक लेकर पहुंचा और बारिश हल्की होने पर देर रात करीब साढ़े दस बजे मां और बहन को लेकर घर लौटने लगा।

भाई के मुताबिक जब वह गांव के पास पहुंचा, तो पीछे से आई तेज रफ्तार कार में सवार लोगों ने बाइक रुकवा ली और बहन के सिर और सीने में दो गोलियां मार दीं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिंकू और पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पप्पू और रिंकू आपस में मामा- भांजे है। रिंकू के खिलाफ 23 फरवरी को छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह बाहर दिन पहले ही जेल से जमानत छूटकर आया था। रिंकू कुछ महीने पहले तक छात्रा के परिवार के साथ गाजियाबाद में ही रहता था। परिजनों के मुताबिक उसने मुकदमे की रंजिश में बेटी की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संभल में छात्रा की हत्या के बाद से गाजियाबाद में रहने वाला परिवार दुखी है।

# नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में मरीजों से महंगी दवा और सामान मंगाने का खुलासा

नोएडा एजेंसी। नोएडा के बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) में मरीजों से बाहर से महंगी दवा, सर्जरी के उपकरण और इंप्लांट मंगाने का खुलासा हुआ है। कथित तौर पर अस्पताल से ही यह रिपोर्ट 9 सितंबर को अस्पताल के डायरेक्टर के साथ ही प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भी भेजी गई है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि निजी हित के तहत दूसरे मेडिकल स्टोर को फायदा पहुंचाया जा रहा। बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान के ही एक विभाग की ओर से प्रमुख सचिव और निदेशक को यह पत्र भेजा गया है। इस विभाग से कई प्रश्न पूछे गए थे, जिसके जवाब में कई खुलासे हुए। भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि दवा स्टोर में स्टॉक लगभग शून्य होने के बावजूद दवा खरीदने के लिए मना कर दिया गया है। इसके लिए बैठक बुलाने और टेंडर का बहाना बनाया गया, जिससे मरीजों को महंगी दवा



खरीदनी पड़ रही है, जबकि अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध दवा अमृत फार्मेसी और दूसरे मेडिकल स्टोर से आधी कीमत पर उपलब्ध है। यह मरीजों के साथ खिलवाड़ और राजस्व का नुकसान है। कुछ दवाएं काफी कम खरीदने की अनुमति दी गई है। अस्पताल के अलग-अलग चिकित्सकी विभागों के प्रमुख डॉ. उमेश कुमावत, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. मुकुल जैन और डॉ. नीता राधाकृष्णन पर कई आरोप लगाए गए हैं। पत्र में जिक्र है कि जीवन रक्षक एवं अति आवश्यक दवाइयों, सर्जिकल आइटम की खरीद से संबंधित अनेक फाइल 15 दिनों से लंबित हैं, जबकि इन दवाइयों का स्टॉक शून्य है। इनकी तत्काल आवश्यकता है। दवाइयों के नहीं होने से अस्पताल अमृत फार्मेसी से प्रत्यक्ष रूप से महंगी दवा खरीद रहा है, जिससे वित्तीय नुकसान सहना पड़ रहा है। पहले भी इस बारे में उच्च अधिकारियों को बताया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में हृदय रोग विभाग, पीडियाट्रिक हेमेटो-ऑकोलॉजी विभाग, हड्डी रोग विभाग आदि के विभागाध्यक्ष पर आरोप लगाए गए हैं कि दोनों विभाग में लाखों रुपये की दवा और सर्जिकल आइटम बाहर से खरीदे जा रहे हैं। 20 अगस्त को पत्र जारी कर कैंसर ग्रिड के तहत आने वाली दवाओं का मांग पत्र मांगा गया, इसके बावजूद अब तक दवाएं नहीं मिलीं। पत्र में यह लिखा गया है कि एक वेंडर ने ऑर्थोपेडिक बेड के इंस्टॉलेशन रिपोर्ट देने के समय कॉन्फ्रेंस के नाम पर वित्तीय सहायता मांगने का आरोप लगाया है। वहीं, एचओआरएफ के अध्यक्ष ने एकेडमिक कॉन्फ्रेंस के नाम पर 50 हजार रुपये लिए। नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टर इस तरह की राशि नहीं ले सकते। पत्र के माध्यम से शासन को यह बताया गया है कि कई दवा ऐसी हैं, जो किसी दर अनुबंध में नहीं हैं। ऐसे में इन दवाइयों की पैम और लोकल खरीद के माध्यम से फाइल तैयार की गई थी।

# माली में इस्लामी आतंकियों ने यूएन के चार्टर्ड प्लेन को किया तबाह

बामाको, एजेंसी। माली की राजधानी बामाको में एक चिंताजनक घटनाक्रम में इस्लामी आतंकवादियों ने एक सैन्य प्रशिक्षण शिविर और शहर के हवाई अड्डे पर हमला किया है। हिंसा के इस निर्लज्ज कृत्य के परिणामस्वरूप दक्षिण अफ्रीकी विमानन कंपनी, नेशनल एयरवेज कॉरपोरेशन (एनएसी) के स्वामित्व वाला एक विमान क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के तहत मानवीय प्रयासों में लगे अभियान के लिए था। हालांकि, इस हमले के बाद एनएसी ने पुष्टि की है कि उनके चालक दल और कर्मचारी सुरक्षित हैं और उन्हें एक दूर सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। कंपनी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और माली के नागरिकों की सहायता करने के उनके मिशन की मार्मिक विडंबना को उजागर किया, जो इस तरह की हिंसा से प्रभावित है। एनएसी ने दुख जताते हुए कहा, यह एक दुखद स्थिति है कि माली के नागरिकों के समर्थन में विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के तहत मानवीय कार्य करते समय हमारी संपत्ति एक साथी अफ्रीकी देश में क्षतिग्रस्त और नष्ट हो जाती है। माली, बुर्किना फासो और नाइजर के साथ, एक दशक से अधिक समय से अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े विभिन्न सशस्त्र समूहों के साथ



घातक संघर्ष में उलझा हुआ है। इन देशों में हाल ही में हुए सैन्य तख्तापलट ने सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल बना दिया है, सरकारों ने फ्रांसीसी सेना को खदेड़ दिया है और रूसी भाड़े के समूहों से सहायता मांगी है। इन प्रयासों के बावजूद, जिहादी हमलों में वृद्धि, विशेष रूप से मध्य और उत्तरी माली में, क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उल्लेखनीय रूप से जुलाई में एक घटना में लगभग 50 रूसी भाड़े के सैनिक अल-कायदा के घात का शिकार हुए। अधिकारियों के अनुसार, बामाको में हुए हमले जो अपेक्षाकृत कम होते हैं, उसमें माली सैनिकों ने उग्रवादियों का सामना किया है जिसकी वजह से कई सैनिक मारे गए। अल-कायदा से जुड़े समूह जेएनआईएम ने हमलों की जिम्मेदारी ली है और दावा किया है कि इसने महत्वपूर्ण मानव और भौतिक नुकसान पहुंचाया है। इस दावे को जेएनआईएम की वेबसाइट अज़लाक पर पोस्ट किए गए वीडियो से बल मिला, जिसमें लड़ाके एक विमान को आग लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा, हमले के बाद कम से कम 15 संदिग्धों को पकड़ा गया, जैसा कि हमले के दौरान प्रशिक्षण शिविर में मौजूद एक सुरक्षा अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर खुलासा किया। आंशिक के बावजूद, माली की राजधानी में जीवन अपेक्षाकृत अपरिवर्तित बना हुआ है, हमले के बाद कोई और अशांति की खबर नहीं है।

# दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया से हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की

सोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्री किम जंग-हो ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया से एक दक्षिण कोरियाई मिशनरी और पांच अन्य नागरिकों को तत्काल और बिना शर्त वापस भेजने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा वर्षों से मनमाने ढंग से हिरासत में रखने की निंदा करते हुए इसे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला बताया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया के शीर्ष अधिकारी ने मिशनरी किम जंग-वुक की 2013 में प्योंगयांग में गिरफ्तारी के 4,000 दिन पूरे होने पर एक बयान जारी किया। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में उन्हें आजीवन कठोर श्रम की सजा सुनाई गई थी।



साल 2014 में किम कूक-की और चोई चुन-गिल दो अन्य दक्षिण कोरियाई मिशनरियों को भी इसी तरह के आरोपों में उत्तर कोरिया में हिरासत में लिया गया था। साथ ही तीन पूर्व उत्तर कोरियाई भगोड़ों (जिन्होंने दक्षिण कोरियाई नागरिकता प्राप्त कर ली थी) को 2016 में बंदी बना लिया गया था। किम ने दक्षिण कोरिया के आधिकारिक नाम कोरिया गणराज्य के संक्षिप्त नाम का प्रयोग करते हुए बयान में कहा, आरओके सरकार उत्तर कोरिया के अवैध और मानवाधिकार उल्लंघनों की निंदा करती है तथा उत्तर कोरिया से, जो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समझौतों का एक पक्ष है, दृढ़तापूर्वक आग्रह करती है कि वह अवैध रूप से हिरासत में लिए गए हमारे नागरिकों को तत्काल और बिना शर्त रिहा करे।

मंत्री ने छह व्यक्तियों को निष्पक्ष और सार्वजनिक सुनवाई के बिना अनुचित और अत्यधिक सजा सुनाने, गिरफ्तारी और हिरासत के दौरान बुनियादी प्रक्रियात्मक न्याय प्रदान करने में विफल रहने तथा मनमाने ढंग से हिरासत जारी रखने के लिए उत्तर कोरिया की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, उत्तर कोरिया को हमारे नागरिकों के जीवन और सुरक्षा से संबंधित हमारी वैध मांगों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# कुष्ठ रोग को खत्म करने वाला दुनिया में पहला देश बना जॉर्डन : डब्ल्यूएचओ

अम्मान, एजेंसी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गुरुवार को जॉर्डन को कुष्ठ रोग को खत्म करने वाला दुनिया का पहला देश घोषित किया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा, डब्ल्यूएचओ जॉर्डन को इस प्रभावशाली उपलब्धि के लिए बधाई देता है। कुष्ठ रोग ने हजारों सालों से मानवता को पीड़ित किया है, लेकिन हम देश-दर-देश इसके संक्रमण को रोक रहे हैं और व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को इसके दुख और कलंक से मुक्त कर रहे हैं।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जॉर्डन ने दो दशकों से अधिक समय से कुष्ठ रोग के किसी भी मामले की सूचना नहीं दी है। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय ने इस सफलता का श्रेय मजबूत राजनीतिक



प्रतिबद्धता और प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों को दिया। डब्ल्यूएचओ ने कुष्ठ रोग के उन्मूलन की पुष्टि करने में स्वास्थ्य मंत्रालय की रुचि के बाद इस स्थिति का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र टीम को नियुक्त करने के बाद यह घोषणा की। डब्ल्यूएचओ के वैश्विक कुष्ठ रोग कार्यक्रम की प्रमुख दक्षिण-पूर्व एशिया की डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने कहा, जॉर्डन द्वारा सदियों पुरानी इस बीमारी का उन्मूलन सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और वैश्विक स्तर पर कुष्ठ रोग को खत्म करने के प्रयासों के लिए एक बड़ी सफलता है।

वाजेद ने कहा कि सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि कुष्ठ रोग कलंक और मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक-आर्थिक नुकसान के खिलाफ़ एक लड़ाई भी है। बता दें कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री के कारण होने वाला एक संक्रामक रोग है, जो अनुपचारित रोगियों के साथ नजदीकी और लगातार संपर्क के दौरान नाक और मुंह से निकलने वाली बूंदों के जरिए फैल सकता है। इसे हैनसेन रोग के रूप में भी जाना जाता है, और यह मुख्य रूप से त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, ऊपरी श्वसन पथ की म्यूकोसल सतहों और आंखों को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) से ठीक हो सकता है और जल्दी निदान और उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है। 2019 के आंकड़ों के अनुसार, भारत, ब्राज़ील और इंडोनेशिया में कुष्ठ रोग के 10,000 से ज्यादा नए मामले सामने आए। लगभग 13 अन्य देशों - बांग्लादेश, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, इथियोपिया, मेडागास्कर, मोजाम्बिक, म्यांमार, नेपाल, नाइजीरिया, फिलीपींस, सोमालिया, दक्षिण सूडान, श्रीलंका और तंजानिया संयुक्त गणराज्य में से प्रत्येक ने 1000-10,000 नए मामले दर्ज किए।

## सुरक्षा परिषद में आज की दुनिया दिखनी चाहिए, पूर्व यूएन प्रमुख ने किया भारत का समर्थन

वॉशिंगटन, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आगामी अमेरिका दौरे पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भी शिरकत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक और पीएम मोदी के संबोधन को लेकर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व अध्यक्ष मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा ने कहा कि मुझे बताया गया है कि 130 देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में शामिल होंगे। इससे सम्मेलन की राजनीतिक अहमियत का पता चलता है। सम्मेलन में विभिन्न राष्ट्राध्यक्ष संयुक्त राष्ट्र 2.0 की परिकल्पना और जरूरी सुधारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। एस्पिनोसा ने कहा कि यह केवल सुरक्षा परिषद नहीं है, बल्कि यह शांति और सुरक्षा वास्तुकला, शांति के लिए नए एजेंडे, महासभा के पुनरोद्धार, अंतरिक्ष और पर्यावरण एजेंडे और जलवायु परिवर्तन की भूमिका के बारे में सोचना है, जो मूल संयुक्त राष्ट्र चार्टर से अनुपस्थित था। यह आज विकासशील देशों की जरूरतों का जवाब देने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला में सुधार करने के बारे में है। भारत द्वारा लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग की जा रही है। इस पर पूर्व यूएन अध्यक्ष ने भी भारत का समर्थन करते हुए कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग बीते 20 वर्षों से भी ज्यादा समय से हो रही है। भविष्य के समझौते में सुरक्षा परिषद में सुधार को भी शामिल किया जाना चाहिए और ये सभी का मानना है कि सुरक्षा परिषद में आज की दुनिया दिखनी चाहिए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंट एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंट एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129